
आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 64 | रांची, गुरुवार, 13 फरवरी 2025 (फाल्गुन कृष्ण प्रतिपदा, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com





# महाकुंभ में माघ पूर्णिमा पर दो करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान



मुस्लिमों ने श्रद्धालुओं पर फूल बरसाकर किया स्वागत

अबतक 48.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालु कर चुके हैं स्नान

26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर होगा आखिरी स्नान पर्व

एजेंसियां

**प्रयागराज।** महाकुंभ में माघ पूर्णिमा का स्नान जारी है। संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ है। शाम 6 बजे तक 2 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। एक्टर सुनील शेट्टी ने भी संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने कहा, आज वाकई मैंने गंगा नहा लिया।

भीड़ को देखते हुए 13 से 15 फरवरी तक प्रयागराज में 8वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। लेकिन, पढ़ाई ऑनलाइन होगी। इससे पहले श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाए गए। काटजू रोड पर मस्जिद के बाहर जुटे नमाजियों ने भी श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। महाकुंभ मेले से भीड़ जल्दी बाहर निकल जाए, इसलिए लेटे हनुमान मंदिर, अक्षयवट और डिजिटल महाकुंभ सेंटर को बंद रखा गया। आज महाकुंभ में कल्पवास भी खत्म हो गया।

संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दिया जा रहा, ताकि भीड़ न बढ़ पाए। भीड़ कंट्रोल करने के लिए पहली बार मेले में 15 जिलों के डीएम, 20 आईएएस और 85 पीसीएस अफसर तैनात किए गए हैं। प्रयागराज जाने वाले रास्तों में भीषण जाम के बाद ट्रैफिक प्लान बदला हुआ है। शहर में वाहनों की एंट्री बंद है। श्रद्धालुओं को संगम पहुंचने के लिए 8 से 10 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। पार्किंग से शटल बसें चल रही हैं, लेकिन ये बेहद सीमित हैं। 13 जनवरी से अब तक 48.25 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अब 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान पर्व होगा।

**प्राइवेट नाविकों ने सिपाही को पीटा, एफआईआर :** महाकुंभ में 11 फरवरी को प्राइवेट नाविकों ने वीआईपी घाट पर हंगामा किया।

शेष पेज 08 पर

### महाकुंभ से विदा हुए 10 लाख कल्पवासी

संगम तट पर लगे आस्था के सबसे बड़े समागम में एक महीने से प्रवाहित हो रही जप, तप और साधना की धारा के साक्षी कल्पवासियों की माघ पूर्णिमा स्नान के साथ विदाई हो गई। स्नान, दान और गंगा मैया का आशीर्वाद लेकर 10 लाख कल्पवासी रवाना हुए। भावुक होकर बोले– जीवन धन्य हो गया।

**मुस्लिमों ने श्रद्धालुओं पर की पुष्पवर्षा, खाने-पीने का सामान दिया :** प्रयागराज में काटजू रोड स्थित अब्दुल्लाह मस्जिद के बाहर जुटे नमाजियों ने माघी पूर्णिमा का स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। खाने-पीने का सामान देकर श्रद्धालुओं को विदा किया। सोशल एक्टिविस्ट हसीब अहमद की अगुआई में कई जगहों पर श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने के स्टॉल भी लगाए गए।

### भ्रामक पोस्ट करने वाले सात अकाउंट पर केस

सोशल मीडिया पर महाकुंभ से संबंधित भ्रामक पोस्ट और अफवाह फैलाने वाले ऐसे 7 अकाउंट्स पर केस दर्ज किया गया है। गाजीपुर में नदी के किनारे मिले शव से संबंधित वीडियो को भ्रामक रूप से महाकुंभ भगदड़ में मरने वालों का शव बताकर अफवाह फैलाई। वीडियो साल 2021 में गाजीपुर में नदी के किनारे मिले शव से संबंधित है, जिसका खंडन भी कुंभ मेला पुलिस के अकाउंट से किया गया है। **इन अकाउंट्स पर केस :** **@Yadavking**000011 इंस्टाग्राम, **@komalya-dav_lalubadi**94 इंस्टाग्राम, **amar_ydvkvp**_5354_ मेटा थ्रेड, **@B_L__VERMA** एक्स, **@KavitaK**22628 एक्स, **SonyChaudhary**70 एक्स, **@Puatulkumar**9795 यू-ट्यूब।

सुबह 4 बजे से ही वॉर रूम में डटे रहे मुख्यमंत्री योगी : पेज 08

## संक्षिप्त खबरें

### राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन



**लखनऊ।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का बुधवार को लखनऊ के एसजीपीजीआई में निधन हो गया। अस्पताल ने इसकी पुष्टि की है। उन्हें 3 फरवरी को एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था और स्ट्रोक आने के बाद वह न्यूरोलॉजी वार्ड एचडीयू में थे। शेष पेज 08 पर

### रांची: जीइएल चर्च नार्थवेस्ट डायसिस के पूर्व बिशप नहीं रहे



**रांची।** बेथेसदा कंपाउंड स्थित जीइएल चर्च नॉर्थवेस्ट डायसिस के सेवानिवृत्त बिशप अमृतजय एक्का का 70 साल की उम्र में बुधवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर चर्च में शोक की लहर है। वे अपने पीछे पत्नी और चार बच्चों समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। चर्च से मिली जानकारी के अनुसार 13 फरवरी को उनका अंतिम संस्कार गोस्सनर कंपाउंड स्थित जीइएल चर्च कब्रिस्तान में होगा।

### लातेहार में जेजेएमपी का उग्रवादी गिरफ्तार

**लातेहार।** एसपी कुमार गौरव को एक गुप्त सूचना मिली थी जिसके आधार पर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की और जेजेएमपी के उग्रवादी अर्जुन सिंह को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया।

शेष पेज 08 पर

1984 सिख विरोधी दंगे मामले में सज्जन कुमार दोषी करार पेज 08

## मुफ्त की योजनाओं के एलान से सुप्रीम कोर्ट नाराज, कहा

# लोगों को निठल्ला बना रहा फ्री राशन और पैसा

एजेंसियां

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि लोगों को अगर राशन और पैसे मुफ्त मिलते रहेंगे तो इससे लोगों की काम करने की इच्छा नहीं होगी। लोग निठल्ले बन जायेंगे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की। याचिका में बेघर लोगों को शहरी इलाकों में आश्रय स्थल मुहैया कराने की मांग की गई थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी :** सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि 'मुफ्त वाली योजनाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते। उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है और उन्हें बिना कोई काम किए पैसे मिल रहे हैं।' याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने पीठ को बताया कि सरकार ने शहरी इलाकों में आश्रय स्थल की योजना को बीते कुछ वर्षों से फंड देना बंद कर दिया है। इसके चलते इन सर्दियों में 750 से ज्यादा बेघर लोग ठंड से मर गए। याचिकाकर्ता ने कहा कि गरीब लोग सरकार की प्राथमिकता में ही नहीं हैं और सिर्फ अमीरों की चिंता की जा रही है। इस टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और कहा कि अदालत में राजनीतिक बयानबाजी की इजाजत नहीं दी जाएगी।

जस्टिस गवई ने कहा कि 'कहते हुए दुख हो रहा है, लेकिन क्या बेघर लोगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल नहीं किया जाना चाहिए, ताकि वे भी देश के विकास में योगदान दे सकें। क्या हम इस तरह से परजीवियों का एक वर्ग तैयार नहीं कर रहे हैं? मुफ्त की योजनाओं के चलते, लोग काम नहीं करना चाहते। उन्हें बिना कोई काम किए मुफ्त राशन मिल रहा है।'

**सुप्रीम कोर्ट ने छह हफ्ते के लिए टाली सुनवाई :** केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी इलाकों में गरीबी को मिटाने के लिए प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रही है। जिसमें शहरी इलाकों में बेघर लोगों को आश्रय देने का भी प्रावधान होगा। इस पर पीठ ने उन्हें केंद्र सरकार से पूछकर यह स्पष्ट करने को कहा कि कितने दिन में इस योजना को लागू किया जाएगा। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह हफ्ते के लिए टाल दी।



### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाले नए कानून के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की तारीख तय

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में लाए गए कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की तारीख तय कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बताया कि वे इस मामले पर 19 फरवरी को सुनवाई करेंगे। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एनजीओ की तरफ से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण को यह जानकारी दी। वकील प्रशांत भूषण ने अपील की कि याचिका पर जल्द सुनवाई होनी चाहिए क्योंकि जल्द ही नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति होनी है। कानून को चुनौती देने वाली याचिका एनजीओ एडीआर ने लगाई है।

## रांची लाया गया शहीद कैप्टन करमजीत सिंह का पार्थिव शरीर



- बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर राज्यपाल और वित्त मंत्री ने दी श्रद्धांजलि
- पैतृक गांव हजारीबाग में आज को होगा अंतिम संस्कार

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में हुए आईईडी विस्फोट में शहीद हुए कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी का पार्थिव शरीर बुधवार शाम रांची लाया गया। इस दौरान बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर समेत अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**रामगढ़ कैंट में सैन्य सम्मान के साथ दी जाएगी श्रद्धांजलि :** शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी का पार्थिव शरीर सेना के रामगढ़ कैंट स्थित पंजाब रेजिमेंट सेंटर ले जाया गया। सेना के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सैन्य सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी जाएगी।

शेष पेज 08 पर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया शोक



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कैप्टन बख्शी की शहादत पर शोक जताते हुए लिखा, झारखंड के वीर सपूत कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी की शहादत का समाचार अत्यंत दुःखद है। प्रभु उनकी आत्मा को शांति दें और उनके परिवार को इस कठिन घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति : बाबूलाल मरांडी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, हजारीबाग के वीर सपूत कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी की शहादत पूरे राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है। हम सदैव उनके बलिदान के ऋणी रहेंगे।





### झारखंड पुलिस के 38 अधिकारी बने सीनियर डीएसपी

**रांची।** राज्य पुलिस सेवा के 38 अधिकारियों को सीनियर डीएसपी रैंक में प्रोन्नति दे दी गई है। विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक की अनुशंसा के आधार पर उन्हें प्रोन्नति मिली है। इसके बाद गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार ये डीएसपी अपने वर्तमान पदस्थापन के स्थान पर ही पदस्थापित रहेंगे। उनके पद को ही वरीय पुलिस उपाधीक्षक कोटि में उत्क्रमित कर दी गई है। सीनियर डीएसपी रैंक में प्रोन्नति पाने वाले अफसरों में महरूल होदा (जैप-8, लेस्लीगंज, पलामू), अनूप कुमार बड़ाईक (आइटीएस), समीर कुमार तिर्की (मुख्यालय लोहरदगा), बचनदेव कुजूर (पटमदा), रजत मणिक बाख्ला (निरसा), सतीश चंद्र झा (जैप-3, गोविंदपुर, धनबाद) शामिल हैं।

शेष पेज 08 पर

## झारखंड : राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अफसरों पर गिरी गाज

प्रात: नागपुरी संवाददाता

- चलेगी विभागीय कार्यवाही, एक को निंदन की सजा

**रांची।** पिछले दो महीने में राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अफसरों पर गाज गिरी है। इन पर टेंडर में अनियमितता, मनरेगा में गड़बड़ी, और स्ट्रीट लाइट खरीद में अनियमितता के आरोप लगे हैं। झारखंड सरकार ने इन अफसरों पर विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्देश दिया है। वहीं एक अफसर को निंदन की सजा दी गयी है।

**अड़की की तत्कालीन बीडीओ पर चलेगी विभागीय कार्यवाही :** अड़की की तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मेरी मड़की पर मनरेगा योजना के तहत मिट्टी मोरम पथ निर्माण योजना में अनियमितता बरतने, बिना कार्य किये राशि भुगतान कर वित्तीय अनियमितता करने, फर्जी मस्टर रोल बनाने, अभिलेखों को सही तरीके से संधारित न करने और योजनाओं के पर्यवेक्षण में लापरवाही करने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। राज्य सरकार ने इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। शेष पेज 08 पर

## बजट सत्र के लिए पांच मंत्रियों में बंटे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विभाग

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभागों से संबंधित प्रश्नों का जवाब देने के लिए 5 मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। मंत्रिमंडल निगरानी एवं समन्वय विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। अब इन मंत्रियों की जिम्मेदारी होगी कि वो अपने विभागों के अलावा सीएम के विभाग से संबंधित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, निवेदन, याचिका, विधेयक, संकल्प आदि विधायी कार्य इनके जिम्मे होगा। शेष पेज 08 पर

### इन 5 मंत्रियों को मिली जिम्मेदारी

- दीपक बिरूवा : कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (संसदीय कार्य रहित), मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग।
- चमरा लिण्डा : महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग।
- रामदास सोरेन : विधि विभाग, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग।
- योगेन्द्र प्रसाद : गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग (आपदा प्रबंधन रहित), ऊर्जा विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग।
- सुदिव्य कुमार : पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग।

## एडहॉक टीचर्स की नियुक्ति पर शिक्षा विभाग ने लगायी रोक

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने रांची विश्वविद्यालय सहित सभी विश्वविद्यालयों में चल रही आवश्यकता आधारित शिक्षकों (सहायक प्राध्यापकों) की नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। उच्च शिक्षा निदेशक रामनिवास यादव ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को पत्र भेजकर चल रही नियुक्ति प्रक्रिया तत्काल स्थगित करने का आदेश दिया है।

शेष पेज 08 पर



- उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग ने सभी विवि को दिया आदेश, नियुक्ति की होगी समीक्षा
- रांची विश्वविद्यालय में चल रही नियुक्ति प्रक्रिया में सामने आ रही थी गड़बड़ी
- मेधा सूची में झारखंड का उचित प्रतिनिधित्व नहीं होने को लेकर अभ्यर्थियों में था असंतोष

## लोकसभा में आज पेश होगी वक्फ बिल पर बनी जेपीसी की रिपोर्ट





**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी रिपोर्ट पेश होने वाली है। लोकसभा के अध्यक्ष को सौंपी गई जेपीसी की रिपोर्ट में देश भर की विवादित वक्फ संपत्तियों के मामले का भी विस्तृत ब्योरा दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वक्फ बोर्ड की जमीनों पर कुल 58898 अतिक्रमण के मामले सामने आए हैं। इसमें से 5220 अतिक्रमण के मामले देश भर में ट्रिब्यूनल में चल रहे हैं और 1340 मामले संपत्ति हड़पने के भी चल रहे हैं। वक्फ से संबंधित ट्रिब्यूनल में कुल 19207 मुकदमे चल रहे हैं, जिसके जमीन हड़पने और अतिक्रमण को मिलकर कुल 6560 मामले चल रहे हैं। वक्फ की संपत्ति पर अतिक्रमण की राज्यवार अगर बात की जाए, तो पंजाब पहले नंबर पर है। पंजाब में वक्फ की जमीन पर 42684 अतिक्रमण के मामले में हैं, जिसमें 48 केस चल रहे हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश इस मामले में तीसरे स्थान पर है, जहां वक्फ की जमीन पर अतिक्रमण के कुल 2229 मामले हैं। शेष पेज 08 पर



### रांची: तमाड़ में दिनदहाड़े सीएससी सेंटर से पांच लाख की लूट

**रांची।** तमाड़ में दिनदहाड़े सीएससी सेंटर से पांच लाख रुपये की लूट हुई है। यह घटना बुधवार की दोपहर हुई है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सेंटर के संचालक शिवचरण महतो ने बताया कि वह सेंटर खोल कर अंदर बैठे थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन अपराधी उनके सेंटर में आए। शेष पेज 08 पर

# भारत से पिनाका रॉकेट लॉन्चर खरीदेगा फ्रांस

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों बुधवार को दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने का आह्वान किया है। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और विभिन्न वैश्विक मंचों एक दूसरे की मदद और आपसी भागीदारी को और मजबूत करने पर भरोसा जताया। दोनों नेताओं की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ खास वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों को शामिल किया गया। बता दें, पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर फ्रांस गये हैं। अपने दौरे में पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात की, साथ ही कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

**पिनाका रॉकेट लॉन्चर खरीद पर बात:** मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि फ्रांस की ओर से भारत के पिनाका रॉकेट लॉन्चर की खरीद से दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों में मजबूती आएगी। पीएम मोदी ने फ्रांसीसी सेना को पिनाका रॉकेट लांचर को करीब से देखने के लिए आमंत्रित भी किया है। पीएम मोदी ने कहा कि यह भारत-फ्रांस रक्षा संबंधों में एक और मील का पत्थर होगा।

**पीएम मोदी ने मैक्रों को भारत आने का दिया निमंत्रण:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति मैक्रों को भारत आने का निमंत्रण दिया है।

शेष पेज 08 पर



### फ्रांस से अमेरिका के लिए रवाना हुए पीएम मोदी

- आज अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय फ्रांस-अमेरिका की यात्रा पर हैं। यात्रा के पहले चरण में उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ 'एआई एक्शन समिट' की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने कई द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। इसके बाद बुधवार को वे मार्सिले पहुंचे। फ्रांस के बाद पीएम मोदी अमेरिका रवाना हो गए हैं। जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी बैठक प्रस्तावित है। गौरतलब है कि ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में लौटने के बाद पीएम मोदी का यह पहला अमेरिका दौरा है।

प्रधानमंत्री मोदी के विदेश दौरे के दौरान 'धमकी' देने वाला आरोपी गिरफ्तार पेज : 08

## संक्षिप्त

### मुरी से मक्का मदीना के लिए रवाना



**सिल्ली।** मुरी स्टेशन से शाम ट्रेन से उमरा के लिए चौदह तीर्थ यात्री मक्का और मदीना के लिए रवाना हुए। जिन्हें सिल्ली प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक ने माला पहनाकर शुभकामनाएं देते हुए रवाना किए। इस अवसर पर प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने कहा कि बड़े ही खुश नसीब होते हैं वह लोग जिन्हें मक्का और मदीना की तीर्थ यात्रा नसीब होती है। खुशी-खुशी मक्का-मदीना की यात्रा के लिए रवाना किया साथ ही देश दुनिया के लिए अमन चैन की दुआएं मांगी। तीर्थ यात्री में सुलुमजुडी से मोहम्मद हारून, गुलाम मुस्तफा , सज्जाद अंसारी, अनवर हुसैन,मेराज अंसारी, इमाम साहब मौलाना तबारक हुसैन, महीरुददीन, महबूब आलम समेत पांच महिला सदस्य भी शामिल है। इस दौरान मुरी सिल्ली के ग्रामीण एवं सीमावर्ती क्षेत्रों से मुस्लिम समुदाय के लोग स्टेशन पहुंचे।सभी लोगों ने तीर्थ यात्री के उपर फुल बरसाए तथा गले मिलकर विदाई दी।

### जीडी टाइल्स एंड मार्बल शोरूम का शुभारंभ



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा मतकमा चौक पर जीडी टाइल्स एंड मार्बल शोरूम का शुभारंभ किया गया। बुधवार को शोरूम के संचालक दीपक कुमार कुशवाहा के पिता गंगाधर कुशवाहा ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व शोरूम की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई। मौके पर दीपक कुमार कुशवाहा ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में सभी प्रकार के टाइल्स और मार्बल उचित मूल्य पर उपलब्ध। इस अवसर पर योगेश दांगी, रामपाल बेदिया, हरिलाल बेदिया, कृष्ण कुमार कुशवाहा, जमुना प्रसाद महतो, इंद्रदेव प्रसाद कुशवाहा, रामदास बेदिया, कपूर सिंह आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस पार्टी ने निकाला सम्मान मार्च

**भुरकुंडा।** कांग्रेस राष्ट्रीय कमेटी के आव्हान पर पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को भुरकुंडा में सम्मान मार्च निकाला। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल और संचालन इकबाल हुसैन ने किया। भुरकुंडा थाना मैदान से सम्मान मार्च आरंभ हुआ गया। जो भुरकुंडा मेन रोड, जनता टॉकीज, बिरसा चौक, होते हुए भुरकुंडा अंबेडकर स्थल पहुंचा। जहा कांग्रेसी कार्यकताओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मार्च के दौरान झंडे और पोस्टर लिए कांग्रेसी कार्यकर्ता पूरे रास्ते नारेबाजी करते रहे। बताया गया कि संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर विरोध स्वरूप मार्च निकाला गया है।

# खूंटी : जेईई मेन में कस्तूरबा स्कूल की 17 बेटियां सफल

- जिला प्रशासन की ओर से संचालित संपूर्ण शिक्षा कवच अभियान की यह बड़ी उपलब्धि



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** कस्तूरबा गांधी विद्यालय खूंटी की 17 बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा जेईई मेन 2025 में सफलता प्राप्त की है। जिला प्रशासन की ओर से संचालित संपूर्ण शिक्षा कवच अभियान की यह बड़ी उपलब्धि है।

सफलता प्राप्त करने वाली छात्राओं में महिमा कुमारी, दिव्या कुमारी, गुंजा कुमारी, जांबी टूटी, प्रमिला टूटी, आरती कुमारी, ईशा कुमारी, आकांक्षा कुमारी, लीला कुमारी, जयंती कुमारी, प्रियांशी कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंजनी उरांव, आरती संगा, ललिता पूर्ति, अमिका कुमारी, अनंत कुमारी, अंता कुमारी और अर्चना कुमारी शामिल हैं।

इस उपलब्धि पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सभी छात्राओं को बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि छात्राओं ने सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। इन 17 छात्राओं ने साबित कर दिया कि संसाधनों की सीमाओं के बावजूद यदि उचित मार्गदर्शन और समर्थन मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। यह उपलब्धि न केवल छात्राओं की मेहनत का परिणाम है, बल्कि सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत शिक्षकों और जिला प्रशासन द्वारा किए गए सतत प्रयासों की भी पुष्टि करती है। हम आगे भी इसी तरह छात्रों के समग्र सहयोग के लिए प्रयासरत रहेंगे।

सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत छात्राओं को 24 घंटे सातों दिन डिजिटल शिक्षा सहायता, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और मॉडल टेस्ट श्रृंखला के माध्यम से तैयारी कराई गई। इस अभिनव पहल से न केवल जेईई मेन परीक्षा में सफलता मिली, बल्कि यह आगे भी छात्राओं को आइआइटी और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए प्रेरित करेगा।

### बैंक में जेबकतरे ने दिव्यांग के उड़ाये 31 हजार रुपए

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के बैंक ऑफ इंडिया परिसर में दिव्यांग ग्राहक जेबकतरों का शिकार बन गया। ग्राहक को जब तक पैसे गायब होने की खबर लगती तब तक जेबकतरे निकल चुके थे। इस मामले में आदित्य महतो ने रामगढ़ थाने में सूचना दर्ज कराई है। रजरप्पा थाना क्षेत्र के दुलमी निवासी आदित्य महतो बुधवार को शहर के नारायणी कॉम्पलेक्स में स्थित बैंक आफ इंडिया से 42 हजार निकालने पहुंचे थे। पैसे निकालने के बाद उन्होंने 31 हजार रुपये अपनी पत्नी के खाते में जमा करने के लिए फॉर्म भरना शुरू किया। इसी दौरान उनके पॉकेट से 31 हजार रुपये किसी ने निकाल लिए। जेब कटने की इस वारदात की सूचना उन्होंने बैंक कर्मियों और शाखा प्रबंधक को दी, तो किसी ने भी उनकी मदद नहीं की। बाद में दिव्यांग व्यक्ति आदित्य महतो ने अपने रिश्तेदारों को वहां बुलाया तब बैंक वालों ने इस पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना पर पुलिस वहां पहुंची तो अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की।

## निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**राहे।** मानिक चंद्र महतो इंटर कॉलेज बारूडीह, पारमडीह में लायंस क्लब का रांची ईस्ट के द्वारा निरामिया अस्पताल कोकर रांची एवं जिला अंधापन नियंत्रण समिति रांची एवं स्व नंदकिशोर लाल गुप्ता के परिवार के सहयोग से निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष कुरमाली भाषा परिषद के डॉ राजाराम महतो, डॉ किरण चौधरी,सीदाम महतो,प्रो नीना महतो,आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ राजा राम महतो ने सभी उपस्थित अतिथियों का फूल माला व बुके देखकर सम्मानित किया। उद्घाटन समारोह में धीरज महतो एवं उनकी टीम ढोल वादक हेमली कुमारी बाल कलाकार अश्वनी कुमार महतो ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके साथ-साथ कई और लोकगीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम में प्रदीप वर्मा फाउंडेशन की ओर से लगभग 200 से अधिक जरूरत मंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।कार्यक्रम में हरिदास महतो की देखरेख में 50 मरीजों के आंखों का जांच की गई। शिविर में आए लोगों से उन्होंने कहा कि आंख को स्वस्थ रखने के लिए हरी सब्जी, आंवला, दूध व 8 घंटे की गहरी नींद जरूरी है। मौके पर प्राचार्य संजीव महतो,खुदी मुंडा,गौर महतो, विश्वंभर महतो,रविंद्र नाथ महतो,रीता महतो, बसंत महतो, धीरेन महतो, प्रवीण कुमार कुलदीप महतो, मनोज महतो,आदि उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनी संत रविदास जयंती




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली थाना के समीप बुधवार को संत शिरोमणि रविदास की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक, गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहु, संजय सिद्धार्थ, पुर्व पंसस उर्मिला देवी, राजकुमार महतो, शशि सोनार, बादल मुंडा, सुमन अग्रवाल समेत अन्य लोगों ने संत रविदास के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

जयपाल सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ईश्वर के अनन्य भक्त थे, लेकिन वे अपने कार्य को ही ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा मानते थे। उन्होंने कुरीतियों के खिलाफ हमेशा आवाज उठाई थी। गरीबों व दलितों के हित में उनके द्वारा किए गए कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर हम सब देश में बढ़ रही सांप्रदायिकता एवं टूट रहे भाईचारे को रोकने के लिए कार्य करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लखिंदर रविदास, गौतम रविदास, राम रविदास, भुलन रविदास, जितु रविदास, लक्ष्मीकांत रविदास, ललन कुमार, बसंती देवी, ज्योति देवी, आरती देवी, बबीता देवी, महेश रविदास, राजू रविदास, राम रविदास समेत स्थानीय लोगों सराहनीय योगदान रहा।

## पति की प्रताड़ना नहीं झेल पाई पुष्पा, कर ली खुदकुशी



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के न्यू बगीचा कॉलोनी सौदागर मोहल्ला में पुष्पा शुक्ला की मौत से पर्दा उठ गया है। पुष्पा कई वर्षों से अपने पति छोटू शुक्ला की ओर से दी जा रही प्रताड़ना झेल रही थी। पुष्पा को उसके पति ने जान से मारने की धमकी भी दी थी।

शायद इसी प्रताड़ना की वजह से उसने खुदकुशी कर ली है। इन सारे तथ्यों का खुलासा तब हुआ जब पुष्पा शुक्ला का भाई ओमप्रकाश रामगढ़ पहुंचा। बुधवार को ओमप्रकाश ने पुष्पा की पिछले 15 वर्षों की कहानी बयां की है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अमेठी जिला अंतर्गत मुंशीगंज थाना के बहेलियापुर (सराय बरवंडा सिंह) के रहने वाले ओमप्रकाश ने बताया कि पुष्पा पिता दिवंगत चीनी प्रसाद वर्ष 2010 में ही अपने घर से भाग गई थी। ओमप्रकाश ने पुलिस को बताया कि अक्टूबर 2010 में ही पुष्पा शुक्ला घर से भागी थी। हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंबाजीत, शुक्ला खपिया निवासी छोटू शुक्ला ने बहला फुसलाकर उसे अपने साथ ले गया था। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि छोटू कुमार शुक्ला और पुष्पा ने शादी कर ली है। वह दोनों साथ-साथ रह रहे हैं। काफी समय बीतने के बाद बीच-बीच में घर की महिलाओं से पुष्पा की बात होने लगी थी। कुछ वर्षों बाद पता चला कि छोटू शुक्ला, पुष्पा के साथ मारपीट करता है और उसे प्रताड़ित करता है। छोटू कुमार शुक्ला ने पुष्पा को जान से मारने की धमकी दी थी। पुष्पा एक माह पूर्व भी घर की महिलाओं से फोन पर रो कर बात कर रही थी और यह बताई थी कि कभी भी उसकी हत्या छोटू कर सकता है। उसे वह अनजान जगह पर भी रख रहा है। ओमप्रकाश ने बताया कि 10 फरवरी को रामगढ़ थाना प्रभारी ने उन्हें फोन कर पुष्पा की मौत की खबर दी। उन्हें पूरा विश्वास है कि शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना की वजह से ही पुष्पा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसकी मौत के पीछे छोटू कुमार शुक्ला का हाथ है। उन्होंने पुलिस से छोटू शुक्ला एवं अन्य के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## एसआर डीएवी स्कूल पुनदाग में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** एसआर डीएवी पुनदाग स्कूल में एजुकेशनल मैगजीन स्कूल एरा द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य एसके मिश्रा एवं स्कूल एरा के ब्यूरो चीफ शीतल कुमारी ने दीप जलाकर किया।

इस प्रतियोगिता को तीन वर्गों में बांटा गया था। प्रथम वर्ग 3 से 5 एवं दूसरा वर्ग 6 से 7 व तृतीय वर्ग 8 से कक्षा 9 के 1472 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विषय थे फेस्टिवल, स्मार्ट सिटी व सेभ एन्वायरमेंट। इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्राचार्य मिश्रा ने कहा कि स्कूल एरा के रजत जयंती वर्ष पर आयोजित यह प्रतियोगिता स्कूल एरा के परिवार का सराहनीय कदम है।

यह पत्रिका को शुरू से हमने ग्रोथ होते देखा है। भगवान एरा परिवार को लंबी आयु दे,ताकि शिक्षा के क्षेत्र में और सराहनीय कदम उठाते हुए झारखंड बिहार ही नहीं देश के हर कोने में मोटिवेशनल काम करें। कार्यक्रम का समापन श्वेता मिस एवं स्कूल के आर्ट शिक्षक प्रभु दयाल सर ने किया।

## सिल्ली : तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रारंभ




**सिल्ली।** सिल्ली पॉलिटेक्निक में वार्षिक खेलकूद वर्ष 2025 का प्रारंभ किया गया। प्रारंभ से पूर्व कॉलेज के निदेशक विष्णु व्रता चट्टोपाध्याय एवं कॉलेज के प्राचार्य समीर शर्मा ने वार्षिक खेलकूद की फीता काट एवं दीप प्रज्वलित कर किया । तथा वार्षिक खेलकूद में शामिल सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।साथ ही निदेशक विष्णु व्रता चट्टोपाध्याय ने कहा वार्षिक समारोह आमतौर पर छात्रों के शैक्षणिक वर्ष के अंत में आयोजित किया जाता है। एक वार्षिक दिवस एक छात्र के जीवन में महत्व रखता है क्योंकि यह उन्हें गायन, नृत्य, खेल, विज्ञान परियोजना प्रदर्शनियों, नाटक और बहुत कुछ जैसे प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद में फुटबाल , वॉलीबॉल क्रिकेट, कैरम समेत कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाएंगे। सभी तरह के खेल खेले जाएंगे और 13 तारीख को सभी खेलो का फाइनल खेला जाएगा । इस मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कॉलेज के सभी छात्र एवं छात्राओं उपस्थित थे।

## भूमि विवाद में खेत में लगी फसल को किया नष्ट

- सात लोगों के खिलाफ शिकायत



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के मुर्रामकला में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

एक पक्ष के द्वारा मुकदमा हारने के बावजूद भू स्वामियों को तंग किया जा रहा है। उन लोगों ने डेढ़ एकड़ में लगी फसल को भी नष्ट कर दिया है। बुधवार को भू-स्वामी जीवन लाल ने रामगढ़ थाने में शिकायत की है। जीवनलाल ने पुलिस को बताया कि मुर्रामकला में खाता नंबर 94 प्लॉट संख्या 1154 में 4 एकड़ जमीन उनकी पैतृक भूमि है। जिसमें डेढ़ एकड़ भूमि में उन्होंने टमाटर, लौकी, बैगन, मिर्च, तरबूज आदि की फसल लगा रखी थी। बुधवार को जब वे फसल देखने गए तो देखा कि सभी पौधों को उखाड़ कर फेंका गया है। फसल को रौंदने के लिए पैर एवं लकड़ी का उपयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके विरोधी पक्षकार शत्रुघ्न प्रसाद, महेश महतो, युगल महतो, लोकनाथ महतो, लक्ष्मण महतो, सुरेश महतो और सोनू कुमार के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया है कि 17 जनवरी को भी उन लोगों के द्वारा खेती करने के दौरान बाधा उत्पन्न की गई थी। इस मामले में जीवन लाल ने डीसी चंदन कुमार को भी आवेदन दिया है। उन्होंने बताया है की मुर्रामकला में उनके दादा बोधन महतो के नाम पर 4 एकड़ जमीन वर्ष 1918 से हासिल है। वर्तमान समय तक उनके दखल कब्जे में है। उस जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा गलत तरीके से दावा पेश किया जा रहा था। इस मामले में जीवनलाल और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के द्वारा वर्ष 2007 में टाइटल सूट 154/2007 किया गया।

## काम दिलाने का झांसा देकर आदिवासी महिला के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी ।** इटकी थाना क्षेत्र में काम दिलाने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्मकरने का आरोप एक विवाहिता आदिवासी महिला ने विकास पासवान नामक युवक पर लगाया है।

बुधवार को पीड़िता ने मामला को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित महिला बेड़ो थाना क्षेत्र की निवासी है जबकि आरोपी विकास पासवान इटकी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पीड़ित महिला ने लिखित दर्ज मामला में आरोप लगाई है कि मेरा पति नशेड़ी है उससे तंग आकर अकेली मजदूरी कर जीवन यापन करती हूं। इसी दौरान विकास पासवान से मेरी जान पहचान हो गई और वह अक्सर हमसे मोबाईल से बात करता था और बिल्डरों से परमामेंट काम दिलाने का विश्वास दिया करता था। इसी बीच मै रांची से मजदूरी कर घर बेड़ो लौट रही थी तभी विकास पासवान ने मोबाईल पर बात कर कहा कि बिल्डर से बात हो गयी है तुम इटकी पहुंचों बात करनी है। मै उसके विश्वास पर इटकी पहुंची । इसके के बाद वह मुझे काम साईड दिखाने के नाम पर एक गोहाल ( गोशाला ) में ले गया और जबरन मुझसे दुष्कर्म किया। रात भर बंधक बनाकर मुझसे कई बार मुंह काला किया इस दौरान वह बीडीओ भी बना लिया। जब मै इसका विरोध की तो उनसे धमकी देते हुए कहा कि अगर किसी को बताई तो जान से मार देंगे और बीडीओ को भी वायरल कर देंगे।

## कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से मिले जवाहर बल मंच के पदाधिकारी



**रामगढ़।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो से बुधवार को जवाहर बल मंच के प्रदेश अध्यक्ष तारिक अनवर, स्टेट कोऑर्डिनेटर राजकुमार यादव, स्टेट कोऑर्डिनेटर रमजान अंसारी, स्टेट कोऑर्डिनेटर किरण बांडों ने मुलाकात किया। इस दौरान तारिक अनवर ने जवाहर बाल मंच झारखंड के जरिये किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। साथ ही आने वाले 22 एवं 23 फरवरी को संवाद 25 नेशनल कांफ्रेंस की भी उन्हें जानकारी दी। बताया कि झारखंड से प्रदेश के तमाम पदाधिकारी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इनके जरिये जो भी पदाधिकारी वहां हिस्सा ले रहे हैं उनकी सूची की मांग की गई। उन्होंने जब संगठन के बारे में जाना तो उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही प्रदेश कार्यालय में जवाहर बाल मंच को एक कार्यालय बनाकर उपलब्ध कराया जाएगा। क्योंकि अभी कोई भी कमरा खाली नहीं है। इस कारण तीन महीने के अंदर जवाहर बाल मंच झारखंड को कार्यालय मुहैया करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में जितने भी पदाधिकारी रांची से बेंगलुरु जा रहे हैं। उन्हें वह स्टेशन तक छोड़ने जाएंगे और हरी झंडी दिखाकर उन्हें बेंगलुरु के लिए रवाना करेंगे।

## कुंभ मेले में गया परिवार, चोरों ने तोड़ दिया घर का ताला



**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के मुर्रामकला में कुंभ मेले में गए एक परिवार के घर को चोरों ने निशाना बनाया। घर का ताला तोड़कर अलमारी से लाखों रुपए के जेवर, नगद और जमीन के दस्तावेज चोरी कर ले गए। इस मामले में घर के मालिक मिथिलेश कुमार के भाई दामोदर महतो ने बुधवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दामोदर महतो ने पुलिस को बताया कि उनका भाई मिथिलेश कुमार अपने परिवार के साथ कुंभ मेले में गया हुआ था। 11 फरवरी की रात दो चोर उस घर में घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपए की संपत्ति चोरी कर ले गए। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी 80 वर्षीया मां सालखो देवी ने दोनों चोरों को भागते हुए भी देखा। दामोदर महतो ने पुलिस को बताया कि देर रात जब टूटने फूटने की आवाज आई तो उनकी मां सालखो देवी ने दो चोरों को भागते हुए देखा। उन्होंने शोर मचाया तो कई लोग वहां जुट गए। घर के अंदर जब लोगों ने प्रवेश किया तो देखा की मुख्य द्वार का कुंडी टूटा हुआ है और बेडरूम में अलमीरा भी खुला हुआ है। बाद में जब मिथिलेश कुमार से फोन पर बात हुई तो पता चला कि सोने और चांदी के जेवर के साथ-साथ 15 हजार नगद और जमीन के मूल दस्तावेज चोरी हो गया है।

# छोटा मुरी बना क्रिकेट प्रतियोगिता का चैम्पियन




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** प्रखंड के बांसारुली स्कूल मैदान में स्व पंकज कुमार मेमोरियल तीन दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोनाहातु एवं छोटा मुरी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें सोनाहातु की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 83 रन बनाए।

जवाबी पारी खेलते हुए छोटा मुरी की टीम ने 9.4 ओवरों में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हो हासिल कर प्रतियोगिता का चैम्पियन बना। बांसारुली क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता शुभारंभ पिछले 9 फरवरी को किया गया था। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, समाज सेवी प्रकाश महतो एवं अन्य अतिथियों ने विजेता टीम को चैम्पियनश ट्रॉफी व नगद 23 हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया। वहीं उप विजेता टीम को पुर्व मुखिया धनेश्वर मांझी, ग्राम प्रधान श्रीधर महली, पुर्व शिक्षक भृगु राम महतो, सुधीर महतो एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने रनर ट्राफी व नगद 18 हजार रुपए देकर पुरस्कृत किया। वहीं सेमीफाइनल के रनर टीम बांसारुली और केसरडीह टीम को भी नगद व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज सोनाहातु के गुड्डू को, बेस्ट बेट्स मैन ऑफ द मैच छोटामुरी के कृष को, हेट्रीक सिक्स कृष व करन लोहरा को दिया गया। इन खिलाड़ियों को आयोजन समिति के सहयोगी रोशन साहु, मधुसूदन महतो, लाल मोहन मांझी, कौशल साहू, कमलेश कुमार साहु आदि ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति की ओर से सभी एम्पायरों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कामेंट्री बिलटु महतो व दिनेश साहु ने किया। मैच का संचालन टायबु ( जमशेदपुर), शुशीम कर, पंकज एवं सुरज ने किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि स्व पंकज कुमार क्षेत्र एक बेहत क्रिकेट खिलाड़ी थे। वो आज हमारे बीच नहीं रहे मगर उनके साथी खिलाड़ियों ने उनके याद को जिंदा रखने के लिए इस तरह का आयोजन किया इसके लिए हम आयोजन समिति का आभार जताते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के जरिए ही क्षेत्र से खिलाड़ियों की प्रतिभाएं निकल रही है। प्रतियोगिता के पुर्व अतिथियों एवं खिलाड़ीयों ने स्व पंकज कुमार के चीत्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। टूनामेंट के आयोजन में दिपक महली, प्रमोद साहु, सुमन साहु, दिलेश्वर महतो, विकास महतो, कमलदीप साहु, सुनील मांझी, राजा राम मांझी, अंकित साहु, अरुण साहू, सुजीत हजामत, आनंद महतो, शशिकांत महतो, अमित महतो, प्रेम मछली, प्रवीण साहु, भरत महतो, समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों सराहनीय योगदान रहा।

### महाशिवरात्रि को लेकर बैठक संपन्न

**बेड़ो।** प्रखंड के खुखरा गांव स्थित मुड़हर बाबा के प्रांगण में प्रबंधन कमेटी की बैठक नीरज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि को लेकर चर्चा की गई। जहां महाशिवरात्रि के दिन पूजा अर्चना, भजन कीर्तन और भंडरा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 27 फरवरी को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।साथ ही सर्वसम्मति से महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले की व्यवस्था के लिए समिति का गठन किया गया। मेले की सभी व्यवस्थाएं अध्यक्ष नीरज सिंह की देखरेख में रहेंगी। उन्होंने कहा कि मेले में किसी प्रकार कोई समस्या नहीं होगी। इस दौरान मेला समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहंगे।

## संक्षिप्त

### सीसीएल के पूर्व सीएमडी की पत्नी की मृत्यु

**रांची।** सीसीएल के पूर्व सीएमडी गोपाल सिंह की पत्नी प्रमिला सिंह की 12 फरवरी को दिल्ली में मृत्यु हो गई। उनके पार्थिव शरीर को कुछ देर के लिए रांची लाया जाएगा। फिर धनबाद ले जाया जाएगा। वहीं उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।
दिवंगत प्रमिला सिंह का पार्थिव शरीर लगभग 2 बजे रांची पहुंचेगा। फिर उसे गोपाल सिंह के आवास वृंदावन, चिरौंदी, मोरहाबादी ले जाया जाएगा। फिर 14 फरवरी, 2025 की सुबह धनबाद जाएगा। उसी दिन अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### शिक्षकों को सशक्त बनाने की पहल

**रांची।** सैमसंग ने 'गैलेक्सी एम्पावर्ड' नामक एक अनूठे सामुदायिक कार्यक्रम की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और प्रशासकों को सशक्त बनाकर भारत में शिक्षा को नई दिशा देना है। इस पहल के तहत 20 हजार शिक्षकों को सशक्त बनाया जाएगा।

### लॉन बॉल के स्वर्ण पदक विजेता को विधायक ने दी बधाई

**रांची।** देहरादून में आयोजित नेशनल गेम 2025 में लॉन बॉल में झारखंड की ओर से खेलते हुए वसीम अकरम ने स्वर्ण पदक जीता। वसीम अकरम कांके के मिल्लत कॉलोनी निवासी कांके कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजर खान के छोटे भाई हैं। स्वर्ण पदक जीतने के बाद घर लौटने पर उनसे मिलने प्रशंसकों की भीड़ जुट गई। कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा भी वसीम के मिल्लत कॉलोनी स्थित उसके घर पहुंचे। विधायक ने वसीम को बधाई देकर उसके उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर अफजल मंसूरी, फिरोज अहमद, मो शमीम, सरफराज खान, आमिर खान, बिनोद साहु, गौरी शकंर महतो, शकील आजाद सहित कई थे।

### संत माईकल्स स्कूल में प्रेरणादायक सत्र का आयोजन

**रांची।** संत माईकल्स स्कूल में मेडिफर्स्ट हॉस्पिटल, राँची के विभागाध्यक्ष डॉ. कुमार विशाल के साथ एक अत्यंत प्रेरक और ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस सत्र में छात्र परिषद के सदस्य, कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के छात्र शामिल हुए, जो डॉ. विशाल की प्रेरक यात्रा और अमूल्य अंतर्दृष्टि से अभिभूत थे। डॉ. विशाल ने मेडिका हॉस्पिटल, पारस, एचइईइसीइ और अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली जैसे प्रसिद्ध संस्थानों में अपने काम से प्राप्त अपने व्यापक अनुभव छात्रों के संग साझा किया। उन्होंने दृढ़ता, समर्पण और अपने जुनून का पीछा करने के महत्त्व के बारे में बताया। उनके शब्द छात्रों के हृदय को गहराई से छुए, उन्हें बाधाओं को दूर करने और अपनी पढ़ाई और भविष्य के करियर दोनों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह सत्र एक सशक्त अनुभव साबित हुआ, जिसने छात्रों को सफलता के लिए अपने रास्ते खुद चुनने के लिए प्रेरित किया।

# माघ पूर्णिमा पर रांची के मंदिरों में रही भीड़

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** माघ पूर्णिमा पर राजधानी रांची के विभिन्न मंदिरों में बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालु सुबह नहा धोकर मंदिरों में पूजा अर्चना कर दान पुण्य किया। इस दौरान रांची के पुंदाग स्थित राधा- कृष्ण मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर में पूर्णिमा में विशेष पूजा- पाठ और विशेष आरती का आयोजन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने किया था।
उल्लेखनीय है कि इस मंदिर का संचालन प्रणामी ट्रस्ट करता है। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे ने भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत पूजा- अर्चना कर भोग लगाया तथा पूरे विधि विधान से पूजा संपन्न कराया। इसके बाद सामूहिक रूप से आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया।



माघ ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया माघ पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा- पाठ किया गया?? तथा भजन- कीर्तन में सदस्यों ने एक से बढ़कर एक भजन गाए। मधुर भजनों पर भक्त खूब झूमे।
उन्होंने बताया कि माघ पूर्णिमा का सनातन धर्म में विशेष महत्व माना गया है। यह पर्व पूर्णिमा जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस अवसर पर भगवान विष्णु संग मां लक्ष्मी की प्रार्थना करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। वहीं इस अवसर पर कई घरों में सत्यनारायण भगवान की कथा और पूजा की गई। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने माघ पूर्णिमा के दिन मत्स्य अवतार धारण किया था। इसलिए यह पूर्णिमा बेहद खास मानी गई है। उन्होंने बताया कि हजारों की संख्या में श्रद्धालु श्री कृष्ण राधा मंदिर पहुंचे और भव्य मंदिर के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा-कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना की।

**इन मंदिरों में देखी गयी भीड़**

रांची के पहाडी मंदिर, जगरनाथपुर मंदिर, मेन रोड स्थित काली मंदिर, मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भीड़ देखी गयी।

# आयुष्मान योजना को लेकर हेमंत सरकार ले रही अव्यवहारिक फैसले : बाबूलाल

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मरांडी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की धरती से विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत की शुरूआत की थी, लेकिन अब झारखंड सरकार की एक अव्यवहारिक फैसले ने आमजनों के लिए समस्याएं उत्पन्न कर दी हैं।
उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत झारखंड सरकार ने नया नियम जारी किया है, जिसमें केवल 50 बेड (शहरी) और 30 बेड (ग्रामीण) वाले निजी अस्पताल ही योजना में शामिल होंगे। इससे सैकड़ों छोटे अस्पताल बाहर हो जाएंगे, जिससे गरीब मरीजों को इलाज में दिक्कत होगी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां छोटे अस्पतालों पर निर्भरता ज्यादा है, मरीजों को महंगे और दूर के बड़े अस्पतालों में जाना पड़ेगा। इससे स्वास्थ्य सेवाएं गरीबों के लिए और सीमित हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार करें और इसे तुरंत वापस लें, ताकि कोई भी व्यक्ति आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित न हो।
उन्होंने कहा कि अगर कहीं गड़बड़ी हो रही है, तो उसकी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें। लेकिन ऐसा आदेश न दें जिससे किसी को आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित होना पड़े।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में नजीर साबित होगा मांडर रेफरल अस्पताल : कृषि मंत्री

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को मांडर रेफरल अस्पताल के नये भवन का उदघाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि इस रेफरल अस्पताल ने ना जाने कितने लोगों को नया जीवन दिया। समय के साथ अस्पताल भवन का भी कायाकल्प जरूरी था। जब से मांडर की जनता ने मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना, तब से अस्पताल परिसर को नया रूप, नया जीवन देने के प्रयास में लगी थी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मांडर रेफरल अस्पताल नजीर साबित होगा।
उन्होंने कहा कि आज नौ करोड़ 21 लाख 15 हजार रुपए से ज्यादा की लागत से नवनिर्मित भवन सबके सामने है। मांडर रेफरल अस्पताल स्वास्थ्य के क्षेत्र में नजीर साबित होगा। इस रेफरल अस्पताल के साथ भले ही मांडर का नाम जुड़ा हो, पर हकीकत ये है कि इस अस्पताल में खलारी, बुड़मू, चान्हो जैसे सीमावर्ती प्रखंड और उसके गांव के लोग बेहतर इलाज के लिए



यहां रोजाना आते है। अस्पताल के नये भवन के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए उपकरण की भी व्यवस्था जरूरी है। आज लोग गंभीर बीमारियों के लिए भले ही बड़े अस्पताल या बड़े शहरों की तरफ रुख करते हो, पर कोशिश ये होनी चाहिए की गंभीर बीमारी को छोड़ बाकी का इलाज इसी अस्पताल में हो सके।
मंत्री ने कहा कि अगर आप और हम स्वस्थ रहेंगे, तभी स्वस्थ समाज का भी निर्माण संभव है। मेरा इस रेफरल अस्पताल को समय के साथ अपग्रेड करने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा। मंत्री ने बुढ़ा खुखरा स्थित सरकारी हाई स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य मेले में भी भाग लिया। मंत्री के सौजन्य से इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था। इस स्वास्थ्य मेले में हड्डी रोग, नेत्र रोग, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों निःशुल्क परामर्श दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। दिन भर इस स्वास्थ्य मेले में लोगों का आना जाना लगा रहा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की वंडरलैंड स्कूल मांडर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई। यहां स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से वो प्रभावित भी हुई। उन्होंने स्कूली बच्चों से मन लगा कर पढ़ने और भविष्य में कुछ बन कर दिखाने की अपील की।

# गांधीनगर क्लब में मनाई गई संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648वीं जयंती कांके रोड स्थित गांधीनगर रीक्रिएशन क्लब में हर्ष व उल्लाकस के साथ मनाया गया। संत शिरोमणि गुरु रविदास समिति, कांके रोड के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता शिव मोहन राम एवं संचालन योगेंद्र राम ने किया।
कार्यक्रम की शुरूआत समिति के मुख्य संरक्षक सहदेव राम दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत भाषण शिवमोहन ने दिया। समाज के गणमान्य लोगों ने गुरु जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मुख्य संरक्षक सहदेव राम ने गुरु जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। समाज में व्याप्त अंधविश्वास एवं कुरीति को समाप्त करने की बात कही।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने समाज की एकजुटता पर बल देते हुए प्रगति के लिए इसे जरूरी बताया। संविधान को समाज के उत्थान के लिए सबसे जरूरी तत्व बताया। समाज को संविधान विरोधियों से सतर्क रहने की बात कही।



कार्यक्रम में राम लगन राम, पवन कुमार जटिया, ओम प्रकाश, आरपी सिंह, उपेंद्र रजक, संतोष रजक, श्रीमती मीरा कुमारी, सुनीता रवि, उपोध राम आदि ने अपने विचार रखें। धन्यवाद ज्ञापन शत्रुघ्न राम ने किया। रामनिवास राम, बबन राम एवं उनकी मंडली द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश राम, प्रकाश चंद्र प्रकाश, श्रीकांत कुमार, कामेश्वर रविदास, अशोक हरिजन, राम शंकर राम, दम दास, शिवप्रसाद राम, विकास रवि, विजेंद्र कुमार राम, राजेंद्र कुमार, राजकुमार, विक्रांत रवि, कौशल्या देवी, शक्ति संजय राम, अरविंद राम, गोपाल, मनोज राम, प्रहलाद कुमार, पंकज कुमार, मनीष कुमार, राजेंद्र राम, सुशील कुमार राम, गौतम कुमार, विष्णु राम, राजकुमार रविदास, अशोक रजक, रणधीर कुमार, किशोरी लाल, शिवानंद, जनेश्वर राम, लक्ष्मण राम, उमेश रविदास, प्रोफेसर महेश राम, राजेंद्र कुमार दास, संगीता देवी, सुमित्रा देवी, नीतू देवी, प्रियंका कुमारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। अंत में प्रसाद वितरण एवं सामूहिक लंगर की व्यवस्था की गई थी।

# डीएवी स्कूल हेहल में दयानंद सरस्वती का 201वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास से सम्पन्न

**रांची।** बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी का 201वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महा हवन के साथ हुई।
सभी शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने श्रद्धापूर्वक हवन कुंड में आहुतियाँ अर्पित कर स्वामी दयानंद सरस्वती जी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। हवन के पश्चात विद्यालय के शिक्षक सुशील कुमार आर्य ने महर्षि दयानंद सरस्वती जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए सामाजिक एवं धार्मिक सुधारों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार स्वामी जी ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने और वेदों के ज्ञान को पुनः स्थापित करने का कार्य किया। शिक्षक श्री परशुराम जी ने गुरु ऋण की महत्ता को समझाया और स्वामी जी द्वारा समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि स्वामी दयानंद जी ने सत्य के मार्ग पर चलते हुए समाज को अंधविश्वास से मुक्त करने का प्रयास किया।
कार्यक्रम में शिक्षक संतोष पांडा एवं सचिन कुमार ने महर्षि दयानंद सरस्वती जी की महिमा का गुणगान करते हुए एक सुंदर भजन प्रस्तुत किया, जिसने सभी श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। विद्यालय की प्राथमिक शाखा के विद्यार्थियों ने स्वामी दयानंद सरस्वती जी की वेशभूषा धारण कर नाट्य प्रस्तुति दी।

# हिल टॉप पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा पर सेमिनार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** जिला परिवहन कार्यालय एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में बरियातू रोड हिल टॉप पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा के लिए जन जागरुकता अभियान 12 फरवरी को चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर परिवहन विभाग के सड़क सुरक्षा अभियंता गौरव कुमार, हिल टॉप पब्लिक स्कूल कि प्राचार्या संगीता राज, निदेशक राजेश गुप्ता, उप प्राचार्या सुनीता श्रीवास्तव एवं रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी मौजूद आदि थे।
इस अवसर पर सभी अतिथियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन के लिए होती है। सड़कों पर अक्सर दुर्घटना होती रहती है। इसके बचाव के लिए बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियम से भी अवगत कराया गया।
सभी ने कहा कि हमें कभी भी दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा



हेलमेट का उपयोग करना चाहिए। 18 साल के आयु के बाद ही दोपहिया वाहन चलाना चाहिए। हमें यातायात के नियमों का हमेशा पालन करना चाहिए। कभी ट्रिपल राइडिंग नहीं करना चाहिए। सभी को सीट बेल्ट पहनकर ही गाड़ी चलानी चाहिए। राइडिंग करते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।
सेमिनार के दौरान बच्चों को एक जरूरी सुझाव भी दिए गए, जिसमें कहा गया कि रोड एक्सीडेंट होने पर कभी भी अपने फोन से वीडियो और रिल नहीं बनाएं। केवल जान बचाए। रोड एक्सीडेंट के दौरान 108 नंबर पर तुरंत फोन कर घायलों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाने को भी कहा गया।
अगर किसी भी दुर्घटना में घायल व्यक्ति को एक घंटें के अंदर हॉस्पिटल पहुंचाने पर रोड सेफ्टी विभाग के द्वारा नेक नागरिक का फर्ज निभाने को लेकर व्यक्ति को 2 हजार से 5 हजार तक के प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र इनाम के तौर पर दिया जाएगा। इस दौरान बच्चों ने अपने रांची वासियों और अपने अभिभावकों को पेंटिंग बनाकर यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प भी लिया।
इस अवसर पर आईएस जकी, सीमा लाला, पुरोबी राय, शिवानी, मौसमी भट्टाचार्य, शंकार, स्नेहा, गार्गी, सूर्यकांत, साधना, प्रियंका, सिमकी विश्वास, सरिता, निकिता राज, सविता सिंह समेत कई शिक्षक शिक्षकाएं एवं स्कूल के सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

### गोवंश की सेवा कर पुण्य का लाभ उठाया

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा हर माह अपने सदस्यों एवं उनके परिवार वालों के लिए गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी क्रम मे मारवाड़ी युवा मंच, राँची शाखा द्वारा रविवार, प्रातः 8 बजे हरमू रोड स्थित रांची गोशाला न्यास में गो सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम मे सदस्यों एवं उनके परिवार वालो ने ताजा पालक, रोटी और गुड खिलाकर बिना दूध देने वाली निर्बल व असहाय गायों की सेवा कर पुण्य का लाभ उठाया। कार्यक्रम के संयोजक मंच के गो सेवा प्रभारी युवा विशाल महलका एवं युवा उज्जवल मुरारका थे। मारवाड़ी युवा मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने जानकारी दी के कार्यक्रम मे मंच के शाखा अध्यक्ष युवा आशीष अग्रवाल, सचिव सोनित अग्रवाल, उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, युवा अमित अग्रवाल एवं अन्य सदस्य अपने परिवार सहित विशेष रूप से उपस्थित थे।

# श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव आज से, शनिवार को निकलेगी शोभा यात्रा

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम परिवार के तत्वोवधान में 13 से 16 फरवरी तक श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव में 15 फरवरी को दोपहर 2 बजे से श्रृंगारित रथ पर विराजित श्री श्याम प्रभु की झांकी निकाली जाएगी। भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली जाएगी। श्या म परिवार के महामंत्री मंटू जालान ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से महोत्सव का शुभारंभ 13 फरवरी से श्री गणेश पूजन, श्री श्याम प्रभु एवं हनुमान जी महाराज का निशान पूजन के साथ होगा। संध्या 7 बजे से सुरेश बजाज के नेतृत्व में सस्वर पुरूष एवं महिलाओं द्वारा सुन्दर कांड का पाठ किया जाएगा।
14 फरवरी को आचार्यों एवं पंडितों के सानिध्य में श्री श्याम परिवार के सभी सदस्यों द्वारा हवन पूजन एवं सभी देवी-देवताओं का आवाहन किया जाएगा।
15 फरवरी को भव्य निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें




351 महिलाएं एवं पुरूष पारम्परिक राजस्थानी वेशभूषा में श्री श्याम प्रभु के पवित्र निशान को लेकर नगर भ्रमण करते हुए चलेंगे। शोभायात्रा में श्री श्याम बाबा के भजन कीर्तन करते हुए श्री श्याम परिवार के सदस्य एवं भजन प्रवाहक होंगे। मुख्य आकर्षण श्रृंगारित रथ पर विराजित श्री श्याम प्रभु की मनोहारी झांकि होगी।
मुख्य रथ के आगे हाथों में पवित्र निशान लिए पंच प्यारे रहेंगे। शोभायात्रा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से शुरू होकर बंशीधर आडुकिया रोड, कार्ट सराय रोड, ईस्ट मार्केट रोड, अपर बाजार, मारवाड़ी टोला, गांधी चौक, रांची विश्वविद्यालय, शहीद चौक होते हुए महोत्सव स्थल 'श्री श्याम हवेली' दुर्गा-बाड़ी रांची पहुंचेगी।
16 फरवरी को प्रातः 6 बजे से गणेश पूजन, निशान पूजन, श्री श्यामप्रभु का दिव्य, भव्य एवं अनुपम श्रृंगार 'श्री श्याम हवेली' दुर्गा-बाड़ी में अखंड ज्योत के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। श्री श्याम बाबा को सवामणी भोग और छप्पन भोग लगाया जाएगा।
501 महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ वाचक संदीप सुलतानियां, कलकता के सानिध्य में परमपरागत नृत्य नाटिका के साथ में श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया जाएगा।
रात 10 बजे 101 विवाहित जोड़ों द्वारा श्री श्याम प्रभु की भव्य समापन महाआरती के साथ ही श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव का भव्य समापन होगा। इस बार खास भारत वर्ष के विभिन्न क्षेत्रों से मंगावाये रंग बिरंगे फूलों और मेवाओं से बाबा का भव्य एवं अनुपम श्रृंगार होगा।
कोलकाता से आए 20 कारीगर विगत 5 दिनों से दिन-रात बाबा के श्रृंगार के लिए कार्यरत है। पूरे श्रृंगार का विशेष आकर्षण श्याम प्रभु को देश के विभिन्न भागों से चुनिन्दा पुष्पों से गुथी हुई मालाओं से बाबा का वस्त्र (बागा) तैयार किया जाएगा। विभिन्न प्रकार के मेवाओं काजू, किशमिश, कागजी बादाम, अखरोट, पिस्ता, आलू बुखारा, खजूर, अंजीर, लौंग, इलायची, केसर आदि से सुसज्जित प्रेम और श्रद्धा से पिरोई गयी माला श्री श्याम प्रभु के श्रृंगार में प्रयोग की जाएगी।
महोत्सव को लेकर श्री श्याम परिवार के सभी सदस्यों में काफी उत्साह है। सभी सदस्य तन मन और धन से महोत्सव कि सफलता के लिए बाबा श्याम की सेवा में लगे हुए हैं। पूरे आयोजन का सफल बनाने के लिए कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें प्रकाश दालानियां को महोत्सव संयोजक बनाया गया है।
संस्था के मीडिया प्रभारी अमित चौधरी एवं जयदीप राज ने महोत्सव के आयोजन से संबंधित कई गतिविधियों पर प्रकाश डाला। श्री श्याम परिवार के सदस्य रंजीत गाड़ोदिया, अशोक धानुका, महेश सैन, आतिश कुमार सिंह, कमल जालान, मोनू शर्मा, पवन लोहिया, अरविन्द मंगल, सुशील केडिया, पवन शर्मा, गौपाल चांगल, नमन चांगल, मनोज अग्रवाल, अजय जालान, मदन सोनी, रजत जालान, रवि साबू एवं समस्त सदस्य महोत्सव को सफल बनाने में तन-मन-धन से दिन-रात प्रभु सेवा में कार्यत है।

**श्री श्याम प्रभु संग खेली जाएगी पुष्पों की होली**

दोपहर 2 बजे से भजनों की गंगा प्रवाहित की जाएगी, जिसमें श्री हनुमान मंडल एवं स्थानीय भजन मंडलियों द्वारा भजन प्रस्तुत किये जायेंगे। तत्पश्चात हरविन्दर सिंह (रोमी), फतेहाबाद एवं परविन्दर पलक, फतेहाबाद के द्वारा भजनों की गंगा प्रवाहित की जाएगी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण श्री श्याम प्रभु संग खेली जाएगी पुष्पों की होली और संग में इत्रों की वर्षा से प्रभु श्री श्याम का मनुहार करेंगे। धूम मचाते और पारम्परिक राजस्थानी गीत-संगीत संग धमाल और घूमर करते पुरूष और महिलाएं शामिल होंगे।

संक्षिप्त

## रमना प्रखंड में चलाया भिक्षाटन अभियान

**रमना।** गढ़वा जिले के रमना प्रखंड में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली और उनकी टीम ने भिक्षाटन अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरुआत भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इस अभियान के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जाकर 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए सहयोग जुटाया गया। साथ ही, लोगों को इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाने और विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया।

## युवा अंबेडकर क्लब ने रविदास जयंती मनाई

**बिशुनपुरा।** युवा अंबेडकर क्लब द्वारा बुधवार को 15वीं सदी के महान समाज सुधारक जगतगुरु संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ से मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा के पास माथा टेका। पूजा अर्चना की। इस मौके युवा अम्बेडकर क्लब के अध्यक्ष अजय राम, सचिव गोविंद कुमार, कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार, सदस्य संजीत कुमार, रविरंजन कुमार, सचिव कुमार, मनोज कुमार, संतु कुमार, मनोज कुमार छोटा भी मौजूद थे।

## डीटीओ ने चलाया अभियान, 8 वाहन जब्त

**पलामू।** अवैध परिवहन को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी जीतेंद्र कुमार ने वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान अवैध परिवहन करते 8 वाहनों को जब्त किया गया। जब्त 5 वाहनों को पंडवा थाना एवं 3 वाहनों को टीओपी 2 थाना को सौंपा गया। वाहन को संबंधित थाना परिसर में ही रखा गया है। इन ओवरलोड वाहनों पर गिट्टी /पत्थर एवं अन्य मैटेरियल लोड थे। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया गया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहनों द्वारा अवैध रूप से किए जा रहे परिवहन के विरूद्ध चलाया जा रहा है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। जांच अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ उनके कार्यालय कर्मी शामिल रहे।

## मोबाइल दुकान से 05 लाख की चोरी

**दारू।** दारू प्रखंड के अंतर्गत झुमरा चौक में स्थित शीतल मोबाइल दुकान में अज्ञात चोरों ने किया चोरी। गौरतलब बात यह है कि भारतीय स्टेट बैंक के बगल में शीतल मोबाइल दुकान से अज्ञात चोरों ने बीती रात्रि 5 लाख का सामान किया चोरी । चोर के हौसले इतने बुलंद है कि बिना डरे चोरों ने दुकान में प्रवेश कर गया। शीतल मोबाइल दुकान के संचालक सोनू कुमार ने बतलाया कि हम जब सुबह स्नान कर रहे थे। तब इसकी सूचना उनके बगल के दुकानदार ने दिया कि आपके दुकान का सेटर खुला हुआ है। तो उन्होंने तुरंत आनन फानन में दुकान पहुंचे तो देखें कि उनके दुकान में चोरी हुआ है। तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना दारू पुलिस को दी । दारू पुलिस अपनी तत्परता दिखाते हुए एस आई गणेश हसदा ने घटनास्थल पर पहुंचकर हर एक पहलू को काफी बारीकी के साथ देखें।

## गोलीकांड का आरोपी गिरफ्तार अन्य की तलाश में जुटी पुलिस

**धनसार (धनबाद)।** धनसार थाना क्षेत्र के हल्दी पट्टी मे बीते दिनों हुई दो गुटों के बीच मारपीट व फायरिंग मामले के एक अन्य आरोपी सूरज कुमार यादव को पुलिस ने बुधवार को धनबाद इलाके से गिरफ्तार कर लिया । बता दे कि सोमवार को हल्दी पट्टी में वर्चस्व को लेकर दो गुटों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान दो राउंड फायरिंग हुई थी। दोनों गुटों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। एक पक्ष के आकाश का विडियो पिस्टल लहराते वायरल हुआ था। आकाश की मां सुशीला देवी ने छोटू ओझा, सूरज यादव, कुंदन, विपिन यादव के खिलाफ घर में घूसकर मारपीट करने नाबालिग पुत्री के साथ दुर्वयव्हार करने व दो राउंड फायरिंग करने की शिकायत की है।

# धूमधाम से मनी संत रैदास की जयंती




**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**बरही।** संत शिरोमणि रैदास जी की जयंती के अवसर पर बरही विधानसभा के विभिन्न स्थानों पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बरही के मलकोको, बाराटांड़ और चंदवारा के जामुखाडी में रविदास समाज द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समाजसेवी शामिल हुए। कार्यक्रम में बरही विधायक मनोज यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और संत रैदास जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। बरही विधायक ने संत रैदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि संत रैदास जी ने समाज को समानता, एकता और परिश्रम का संदेश दिया था। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज में भाईचारा और सद्भावना को बढ़ावा देना चाहिए। विधायक श्री यादव ने आगे कहा कि संत रैदास जी ने सदैव जात-पात के भेदभाव को मिटाने और सभी को समान दृष्टि से देखने का संदेश दिया। उनकी विचारधारा न केवल उस दौर में बल्कि आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने संत रैदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक महान समाज सुधारक और आध्यात्मिक गुरु थे, जिन्होंने अपने समय में सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई और लोगों को सच्चाई, प्रेम और सद्भावना के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।इस आयोजन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, परविदास समाज प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन रविदास, पूजा समिति अध्यक्ष गुलाब कुमार दास, सचिव नागेश्वर दास, कोषाध्यक्ष गणेश दास, संरक्षक सूरज दास, शंकर दास, लक्ष्मण दास, सक्रिय सदस्य महेंद्र दास, दिनेश दास, बिरजू दास, अनिल दास,सोनू दास, महेश दास, सुभाष दास,दीपक दास, विनोद दास, रामसुन्दर दास, यमुना दास, छोटू दास, ओमप्रकाश दास, विजय दास, लालजीत दास, भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, साधुशरण दास, बाराटांड़ अम्बेडकर नगर अध्यक्ष नारायण रविदास, संजय रविदास, वार्ड सदस्य बीरेंद्र रविदास, पंकज कुमार रवि, कृष्णमोहन दास, निरंजन रविदास, सिकंदर रविदास, अनुज अम्बेडकर, शीतल कुमार, मुकेश कुमार, मलकोको रविदास समाज अध्यक्ष गुलाब दास, सचिव नागेश्वर रविदास, कोषाध्यक्ष गणेश कुमार दास समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।
इस दौरान विधायक मनोज यादव ने मौजूद सभी गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामीणों को संत रैदास जी के विचारों को अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

### संत शिरोमणि रविदास ने समाज को समानता, एकता व परिश्रम का दिया संदेश

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के बरांय हरिजन टोला में संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह पूरे धूमधाम से मनाई गई। आयोजित कार्यक्रम में संत शिरोमणि रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कर पूरे उत्साह पर गांव में रैली निकाली गई। साथ ही इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। इस मौके पर विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब शामिल हुए। मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने कार्यक्रम समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी उत्तम विचार के व्यक्ति थे, बचपन से ही उनका स्वभाव काफी सरल था। उन्होंने समाज को समानता, एकता और परिश्रम का संदेश दिया था, जिनके आदर्शो को अपने जीवन में हमे शामिल करना चाहिए। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है, हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज में भाईचारा और सद्भावना को बढ़ावा देना चाहिए। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर बरांय मुखिया राजेंद्र कुमार मंडल, कलाम अंसारी, राजेश मंडल, जयचंद रविदास, रामेश्वर रविदास, काली रविदास समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# हाई टेंशन तार की चपेट में आने से छात्र की मौत





**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गढ़वा।** हाई टेंशन तार की चपेट में आने से केतार निवासी राकेश पाल के 16 वर्षीय पुत्र नीतीश पाल की मौत मंगलवार सुबह हो गई। परिजन तत्काल उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भवनाथपुर ले गए। वहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह नीतीश अपने घर से लोहे की समशेर्बुल पाइप लेकर बुआ के घर पहुंचाने जा रहा था। तभी उसके घर के बगल से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के तार से लोहे की पाईप सट गई। इससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे आनन-फानन में लेकर अस्प ताल पहुंचे।
परिजनों ने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। हंगामा की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रजनी रंजन, एसआई दिनेश कुमार सिंह, परवेज आलम एवं नारायण प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के परिजनों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया।
परिजनों ने कहा कि हाई टेंशन तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल नीतीश को जब इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, तब एक भी चिकित्सक मौजूद नहीं थे। फोन करने के आधा घंटा बाद चिकित्सक पहुंचे। परिजनों ने कहा कि अगर समय पर इलाज किया जाता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी।

## हजारीबाग की जनता को जल्द समर्पित होगा मिशन ग्राउंड



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने मिशन ग्राउंड के सुंदरीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए बुधवार को पुनः निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सरना समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों के साथ बैठक कर विकास कार्यों पर चर्चा की और क्षेत्र में किए जा रहे सुधार कार्यों की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद ने मिशन ग्राउंड में चल रहे प्रत्येक कार्य पर पैनी नजर रखी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिशन ग्राउंड क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है और इसके सौंदर्यीकरण से आम जनता को लाभ मिलेगा। विधायक ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी कार्य समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जायें। मिशन ग्राउंड को आधुनिक स्वरूप देने के लिए कई नई सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। बच्चों के खेलने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए खेल क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं, जिससे वे सुरक्षित और आनंददायक वातावरण में खेल सकें। वहीं, बुजुर्गों के बैठने और टहलने के लिए विशेष स्थानों की व्यवस्था की जा रही है, ताकि वे शांति और सुकून के साथ समय बिता सकें। रात के समय ग्राउंड को सुरक्षित और रोशन बनाए रखने के लिए अत्याधुनिक मास्टर लाइट लगाई जा रही है, जिससे आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, ग्राउंड के चारों ओर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उचित प्रबंध किये जा रहे हैं ताकि यह स्थान हर वर्ग के लोगों के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित बना रहे।

**जल्द जनता को समर्पित होगा मिशन ग्राउंड**

विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि मिशन ग्राउंड का सुंदरीकरण कार्य अंतिम चरण में है और इसे जल्द ही जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे इस सार्वजनिक स्थल को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें।

### सरना समिति ने की पहल की सराहना

मिशन ग्राउंड के सुंदरीकरण की इस पहल की सारण समिति के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशंसा की। समिति के सदस्यों ने कहा कि यह कार्य हजारीबाग के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे शहर के नागरिकों को एक सुंदर और सुरक्षित सार्वजनिक स्थल प्राप्त होगा।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन्स में लहराया परचम

**झुमरीतिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल अपने छात्रों की हाल ही में घोषित जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) मेन्स के परिणामों में शानदार सफलता का जश्न मना रहा है। स्कूल के कक्षा बारहवीं के पांच छात्रों ने न केवल प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण की है, बल्कि जेईई एडवांस के लिए भी क्वालीफाई किया है, जिससे उन्हें प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश पाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उच्च उपलब्धि प्राप्त करने वालों में, साकेत कुमार जिला टॉपर के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने 99.766 का प्रभावशाली पर्सेंटाइल हासिल किया है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन साकेत के समर्पण और कड़ी मेहनत को रेखांकित करता है। उनकी उपलब्धि स्कूल और उनके परिवार के लिए गर्व का स्रोत है। सेक्रेड हार्ट को गौरवान्वित करने वाले अन्य छात्रों में श्रेष्ठ कुमार शामिल हैं, जिन्होंने 96.998 का सराहनीय पर्सेंटाइल प्राप्त किया है, और सचिन कुमार, जिन्होंने 96.5 का उल्लेखनीय पर्सेंटाइल हासिल किया है। दिव्या कुमारी और सुहानी कुमारी ने भी जेईई मेन्स में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होकर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया है।

## नशा एक बीमारी है, इसे भगाना हमारी जिम्मेदारी : निदेशक




**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**डोमचांच :** जीएस पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से चलाया गया जो कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एक नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बी.के. अनिता दीदी, बी.के. अमृता दीदी ,बी.के. सुजीता दीदी , बी.के. पूर्णिमा दीदी, बी.के.कंचन दीदी, बी.के. संजय भाई एवं बी.के. अजय भाई उपस्थित थे।
कार्यक्रम में सभी अतिथियों को अध्यक्ष प्रदीप सिंह द्वारा मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया व अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय अभियान में आओ हाथ मिलायें नशा मुक्त भारत बनाये को और मजबूत बनाते हुए समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करें।
निदेशक नितेश कुमार ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जो नशे की गिरफ्त में है उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रेरित करना है साथ ही आकर्षक झांकी के जरिये बच्चों को जागरूक किया गया। यह अभियान के तहत सभों को प्रतिज्ञा दिलाते हुए कहा गया कि जीवन में कभी भी किसी भी परिस्थिति में किसी के दबाव में आकर, कभी भी, किसी भी प्रकार के नशे का प्रयोग नही करूंगा/करूंगी।
मौके पर विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन, छात्र-छात्राओं के साथ अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

## अंधविश्वास का शिकार बनी विधवा जान बचाने की लगायी गुहार

**लातेहार।** समाज में व्याप्त अंधविश्वास और कुरीतियों का एक और भयावह मामला सामने आया है, जहां डेमू पंचायत की एक विधवा महिला को डायन बताकर प्रताड़ित किया गया। अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए पीड़िता ने सदर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। विधवा भगमनिया मसोमात, जिनके पति स्व. सहबू उरांव का कुछ वर्ष पहले निधन हो चुका है, ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा उन्हें डायन बताकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। बीते 11 फरवरी को सिके उरांव, महेंद्र उरांव, मछिंदर उरांव, किरानी उरांव, सहेंद्र उरांव और उनकी पत्नी सुनीता देवी ने उनके साथ मारपीट की। आरोपियों ने न सिर्फ उनके साथ दुर्व्यवहार किया, बल्कि उनके बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया।पीड़िता ने मुहल्ले के जवाहर उरांव पर भी आरोप लगाया कि वह लंबे समय से उन्हें डायन बताकर समाज में अपमानित कर रहा है।
विधवा महिला ने पुलिस से मदद की गुहार लगाते हुए कहा कि उसे लगातार जान का खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## अनियंत्रित होकर पलटी सीआरपीएफ की गाड़ी, आठ घायल

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुवा थाना क्षेत्र के लोंजो घाटी में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। सीआरपीएफ जवानों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए ले जा रही एक मैक्स पिकअप वाहन अचानक पलट गई। इस दुर्घटना में सीआरपीएफ 60 बटालियन के आठ जवान घायल हो गए, जिनमें से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है।
सूत्रों के अनुसार, वाहन में सवार जवान नक्सल विरोधी अभियान के लिए जा रहे थे, तभी लोंजो घाटी में गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया।



घायल जवानों को तत्काल चक्रधरपुर के रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में रेफर करने की तैयारी की जा रही है।

## महिला हत्या का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कामडारा (गुमला) :** कामडारा थाना क्षेत्र के सुरहू कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरहू अटिल टोली की महिला शांति केरकेट्टा ( उम्र 50 वर्ष ) की हत्या मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने बताया कि हाफ मर्डर के आरोप में अज्ञात अपराधी के विरुद्ध कामडारा थाना कांड सं0-04/25 दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध पवन केर-केट्टा को कामडारा पुलिस के द्वारा उठाकर पूछ-ताछ किया जिसमें उसके द्वारा अपराध को स्वीकार किया है, और घटना में प्रयोग किया गया चाकू को पुलिस के द्वारा बरामद कर लिया गया।

# शक्तिशाली लैंड माइंस व हथियार बरामद, दो व्यक्ति हथियार के साथ गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीपराही के समीप जंगल से दो संदिग्ध व्यक्तियो को केनबम और अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर उन्हे जेल भेज दिया है। इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते हुए डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि रामगढ़ में छापामारी दल द्वारा ग्राम पीपराही के पास जंगल में अभियान चलाया गया, जिसके दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को हथियारों समेत गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार अभियुक्तों में उमेश भुईया (उम्र-35 वर्ष), पिता- इतवारू भुईयां, निवासी- मायापुर, थाना- पाटन, जिला- पलामू। 2. फिरोज अंसारी (उम्र-25 वर्ष), पिता- नयाजुद्दीन अंसारी, निवासी- सेमरा, थाना- चैनपुर, जिला- पलामू का नाम



शामिल है। पुलिस ने दोनों के व्यक्तियो के पास से एक .315 बोर की राइफल,एक भरतुआ बंदूक,एक काले रंग का पीठू बैग,काले रंग के प्लास्टिक में लपेटा हुआ केन बम,तीन पीस ट्राउजर, एक पीस कमीज (जंगल पैटर्न) एवं खाद्य सामग्री बरामद किया है। पुलिस के द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि वे ईंटा भट्ठा एवं क्रेशर मालिकों से रंगदारी वसूलने के उद्देश्य से वहां मौजूद थे। वही पलामू एसपी रिश्मा रमेशन ने बताया की पलामू पुलिस रामगढ़ थाना क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान चल रहा था।
इसी क्रम में थाना क्षेत्र के पिपराही जंगल पुलिस ने मौके से एक शक्तिशाली लैंडमाइन और दो हथियार बरामद किए हैं। नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान लैंड माइंस और हथियार बरामद किए गए हैं। इस समय पूरे इलाके में अभियान चलाया जा रहा है। बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया है जिसके बाद लैंड माइंस को नष्ट किया जाएगा।
रामगढ़ थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर कैंप कर रही है, बम निरोधक दस्ता मौके के लिए रवाना हो गया है। जिस इलाके से ये लैंडमाइन बरामद किए गए हैं वह प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी, झारखंड जन मुक्ति परिषद और तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के प्रभाव वाला इलाका रहा है। बरामद लैंड माइंस नया है या पुराना, इसकी जांच की जा रही है। पिपराही जंगल काफी बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है और बूढ़ापहाड़ से करीब 70 से 80 किलोमीटर दूर है।लंबे समय के बाद इलाके से लैंड माइंस बरामद किया गया है।

## संक्षिप्त

### ऊंचाई से गिरकर मजदूर की मौत

**बोकारो।** बीएसएल में कार्यरत ठेका मजदूर मनोज कुमार की बुधवार को ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 3 बजे सीओ एंड सीसी, बटालियन-5 में काम करने के दौरान ऊंचाई से गिर गए। वह ठेका कंपनी केके इंजीनियरिंग इंटरप्राइजेज में काम कर रहे थे। घटना के बाद साथी कर्मियों ने उन्हें प्लांट के अस्पताल पहुंचाया। वहां से बीजीएच भेज दिया गया, जहां उन्हें बीजीएच के सीसीयू में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बीएसएल प्रबंधन ने इसकी पुष्टि की है। इधर, कई मजदूर यूनियनों ने मृतक के आश्रित को मुआवजा और स्थाई नौकरी देने की मांग की है। कहा है कि काम के दौरान मौत होने पर आश्रित को स्थाई नौकरी देने का प्रावधान है। प्रबंधन अविलंब उनके परिजन को स्थाई नौकरी और मुआवजा भुगतान करे।

### आम के मंजर से वातावरण सुगंधित

**बोकारो।** वसंत की बहार आते ही चारों ओर आम के पेड़ों में मंजर आने लगे हैं। बसंत ऋतु में मंजर की खुशबू से आस पास का क्षेत्र महक रहा है। चिड़ियां व भंवरे भी आनंद लेकर फीलगुड महसूस कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि बोकारो जिले में इस बार आम की अच्छी फसल होगी।

### संत शिरोमणि रविदास की मनी जयंती

**चंद्रपुरा।** चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत घटियारी पंचायत के ललमटिया गांव में बुधवार को संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान के साथ ध्वजारोहण से हुआ। इस अवसर पर लोगों ने संत शिरोमणि के चित्र पर माल्यार्पण व नमन किया और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। रांगामाटी पूर्वी पंचायत की मुखिया अनिता कुमारी, पूर्व मुखिया विद्यानंद नंदकुलियार, सुदर्शन दास, अर्जुन रजक एवं विश्वनाथ दयाल ने संत शिरोमणि के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मन चंगा - तो कठौती में गंगा है। गरीबों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। जनसेवा के लिए मन साफ होना चाहिए। यहां निर्गुन भजन - गायन का कार्यक्रम भी हुआ।

### स्कूली बच्चों में पाठ्य सामग्रियों का वितरण

**बोकारो।** जन कल्याण सामाजिक संस्था द्वारा संचालित बिरसा मुंडा निःशुल्क विद्यालय में बुधवार को संत रविदास जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेंद्र प्रसाद कुशवाहा रहे। रविदास जयंती के अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच बोकारो क्लब के विक्रम की ओर से लेखन सामग्री व बच्चों व अभिभावकों के लिए खाने का पैकेट का वितरण किया गया। सभी ने संत रविदास जी को याद कर नारे लगाये, उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम में संस्थापक परशुराम राम के अलावा हरि शंकर प्रसाद सोनी, गुड़िया देवी, विजय कुमार, बबीता कुमारी, शंकर रजक, शशि शेखर, अजय कुमार, उर्मिला देवी आदि उपस्थित थे।

# सिपाही ने अपने सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर की आत्महत्या

**किसी बात को लेकर पत्नी के साथ हुई थी कहा-सुनी**

**फॉरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही मौत के कारणों का लग पाएगा पता**



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो पुलिस के सिपाही 32 वर्षीय चंदन कुमार शांडिल्य ने सेक्टर-एफ स्थित अपने आवास संख्या- 2068 में अपने ही सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार देर रात की बताई जाती है। बताया जाता है कि उन्होंने घरेलू विवाद में खुद को गोली मारी। घटना के समय वह आवास में अकेले थे।

मौके पर पहुंचे सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। लेकिन, फॉरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लग पाएगा। उन्होंने बताया कि प्राथमिक पूछताछ के दौरान उनके कुछ दोस्तों से पता चला कि मंगलवार की रात जब वह आवास पहुंचे, तो किसी बात को लेकर पत्नी के साथ कहा-सुनी हुई। इसके बाद पत्नी अपने बच्चों के साथ सेक्टर-2 स्थित अपने एक रिश्तेदार के यहां चली गई थी। बुधवार की सुबह जब पत्नी ने उन्हें फोन किया, तो वह रिसीव नहीं किए। कई कॉल के बाद भी जब सिपाही ने फोन नहीं उठाया, तो वह वापस सेक्टर-4 स्थित आवास पहुंची, जहां उसे अंदर से दरवाजा बंद मिला। उसने काफी देर तक आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर उसने आसपास के लोगों को बुलाया और किसी तरह दरवाजा खुलवाया। पत्नी बेडरूम में पहुंची तो उसे मृत पाया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और रिवाल्वर आदि अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने रोती-बिलखती पत्नी से पूछताछ करना चाहा, लेकिन स्थिति खराब देखकर बयान नहीं ले सकी। पुलिस ने बिहार के नवादा में रहने वाले मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी। सूचना पर परिजन पहुंचे तो शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। मालूम हो कि मृत जवान वर्तमान में बोकारो के एक न्यायाधीश का अंगरक्षक था।

## योजनाओं को धरातल पर उतार रही हेमंत सरकार : श्वेता सिंह



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चितामी ग्राम के निवासी संजय महतो को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ट्रैक्टर ऋण प्रदान किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामना दीं। श्रीमती सिंह ने कहा कि वर्तमान की झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, जिसके तहत विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। सरकार के द्वारा यह ऋण की सहायता से लोग सबल तो हो ही रहे हैं, साथ ही साथ रोजगार के प्रति समर्पित हैं और पूरी निष्ठा से मेहनत कर अपने जीवन को खुशहाल बना रहे हैं। इस कदम से न केवल उनके जीवन में कृषि का स्तर बढ़ रहा है, अपितु आधुनिक मशीनों से कृषि के कार्यों में सुलभता भी मिल रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध हैं और हमेशा से यह प्रयास करते हैं कि क्षेत्र में लगातार युवा, किसान और महिलाओं के लिए नए-नए रोजगारों का सृजन होता रहे, जिसके कारण जनता आत्मनिर्भर और समृद्ध बन सके। तभी जाकर हमारा राज्य और बोकारो विधानसभा का विकास सुनिश्चित हो पाएगा।

## दुग्दा रेल यार्ड में रेल इंजन से कटकर 60 वर्षीय वृद्ध की मौत

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जिले के दुग्दा थाना क्षेत्र स्थित दुग्दा रेलवे साइडिंग के डिपार्चर रेल मार्ग के पोल संख्या डीजीडी 1071-1073 के बीच रेलवे लाइन पार करने के क्रम में आषाढ़ी गोप नामक 60 वर्षीय वृद्ध की मालगाड़ी के इंजन से कटने से मौत हो गई।

घटना बुधवार अहले सुबह 4 बजे की है। दुग्दा रेलवे साइडिंग में रैक लगा था। रैक लोड होने के बाद मालगाड़ी में इंजन अटैच करने के दौरान उक्त घटना घटी। घटना की सूचना रेलवे यार्ड में कार्यरत कर्मियों ने आरपीएफ को दी। सूचना पर आरपीएफ एवं दुग्दा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। साथ ही, सूचना पर बूढ़ीडीह व आसपास के लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों ने मृतक की पहचान करमाटांड़ पंचायत बूढ़ीडीह गांव के गोप टोला निवासी आषाढ़ी गोप के रूप में की गई। करमाटांड़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ब्रह्मदेव हेम्ब्रम ने बताया कि आषाढ़ी गोप मानसिक रूप से बीमार थे। वे हमेशा इधर-उधर घूमकर भीख मांगा करते थे। मृतक की पत्नी दूसरे राज्य में काम करती है। घटना की सूचना मृतक की पत्नी को दे दी गई है। मृतक का एक छह साल का बेटा है और बड़ी लड़की की शादी बंगाल में हुई है। चंद्रपुरा रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**डीवीसी ने सेवानिवृत्त कर्मियों के आवास लाइसेंस शुल्क नीति में किया संशोधन**

# सेवानिवृत्ति के चार महीने बाद आवास पर लगेगा 40 गुना लाइसेंस शुल्क

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** डीवीसी कोलकाता के ईडी एचआर एसएन दत्ता ने पत्रांक 126 के तहत सेवानिवृत्त कर्मियों के आवास लाइसेंस शुल्क नीति में संशोधन करते हुए आदेश जारी किया है।

डीवीसी के सेवानिवृत्त कर्मियों द्वारा डीवीसी के पूर्व के आवास लाइसेंस शुल्क नीति में संशोधन की मांग को लेकर गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल सभी के पास अपनी फरियाद की। इसके बावजूद मामला सुलझने की बजाय उलझता ही जा रहा है, जिससे डीवीसी के वे पेंशनर, जिन्होंने डीवीसी का आवास सेवानिवृत्ति के बाद भी रखा है, काफी परेशान हैं। मुख्यालय प्रबंधन ने डीवीसी के सेवानिवृत्त/सेवानिवृत्त पूर्व कर्मचारियों के खिलाफ सार्वजनिक परिसर की बेदखली अधिनियम, 1971 के अनुसार कार्रवाई करने का आदेश दिया है, जो सामान्य अवधारण अवधि से परे डीवीसी आवास पर कब्जा और उसे बनाए रखना जारी रखते हैं। सामान्य अवधारण अवधि की समाप्ति के तुरंत बाद आवंटन आदेश रद्द कर दिया जाएगा। डीवीसी की सेवाओं से सेवानिवृत्त होने वाला कोई भी कर्मचारी सामान्य लाइसेंस शुल्क पर महज चार महीने तक अपना क्वार्टर बनाए रख सकता है। जिन कर्मचारियों की सेवाएं त्यागपत्र, बर्खास्तगी या निष्कासन के आधार पर समाप्त की जाती हैं, वे निगम सेवाओं से मुक्त होने की तिथि से एक माह तक ही अपना क्वार्टर, सामान्य लाइसेंस शुल्क पर रख सकते हैं। डीवीसी उन सभी कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति यात्रा भत्ते और अर्जित अवकाश नकदीकरण को रोक लेगा, जो अपनी सेवानिवृत्ति/ सेवानिवृत्ति/ बर्खास्तगी/ त्यागपत्र के बाद निगम द्वारा प्रदान किए गए आवासीय आवास का लाभ उठाएंगे। रोकी गई राशि तिमाही की छुट्टी के बाद और संबंधित परियोजना के भू-संपदा विभाग से उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में एनओसी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बाद जारी की जाएगी। डीवीसी सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जो डीवीसी का आवास चार माह बाद भी अपने कब्जे में रखेंगे, उनसे आवास का सामान्य लाइसेंस शुल्क का चालीस गुना लाइसेंस शुल्क वसूल करेगा। क्वार्टरों की क्षति या कोई अन्य बकाया डीवीसी द्वारा डीवीसी के पेंशनभोगियों/ सेवानिवृत्त पूर्व कर्मचारियों से वसूला जाएगा। डीवीसी के पेंशनरों ने डीवीसी द्वारा बढ़ाए गए लाइसेंस शुल्क नीति पर रोक को लेकर रांची हाईकोर्ट में भी रिट दायर कर रखी है। हाईकोर्ट का फैसला आने के पूर्व ही डीवीसी मुख्यालय द्वारा पेंशनरों के आवासों पर चालीस गुना लाइसेंस शुल्क 1 अप्रैल 2025 से लागू करने की सूचना जारी कर दी है।

# चंद्रपुरा क्षेत्र के विकास में डीवीसी की भूमिका अग्रणी : शर्मा



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**चंद्रपुरा (बोकारो)।** चंद्रपुरा और इसके आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) अग्रणी भूमिका निभा रही है। डीवीसी प्रबंधन द्वारा इस क्षेत्र के विकास के लिए प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपए का खर्च किया जाता है।

प्रबंधन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, कृषि, पानी, बिजली, कौशल विकास सहित अनेकों योजनाएं चलाकर क्षेत्र में विकास का कार्य किया जा रहा है। उक्त बातें चंद्रपुरा ताप विद्युत केन्द्र के वरिष्ठ महाप्रबंधक सह- परियोजना प्रधान विजयानन्द शर्मा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि चंद्रपुरा के विकास में और इस क्षेत्र की उन्नति के लिए स्थानीय लोगों को डीवीसी प्रबंधन के कार्यों में भरपूर सहयोग करना चाहिए। क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय, डीवीसी के उच्च विद्यालय जमा दो, डीवीसी के दो मध्य विद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आदि को पर्याप्त वित्तीय सहयोग से चलाया जा रहा है। इसके अलावा यहां के डिनोबली विद्यालय को भी डीवीसी भरपूर सहयोग कर रहा है। इस क्षेत्र के लाखों छात्र-छात्राएं शिक्षा पाकर रोजगार से जुड़े हैं और कई छात्र तो उच्च पद पर भी आसीन हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, कृषि, सड़क, कौशल विकास, पानी, बिजली जैसी सुविधाओं के लिए भी इस क्षेत्र में वृहद पैमाने पर कार्य किये जा रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि डीवीसी के सहयोग से चन्द्रपुरा में स्थापित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने अपने स्थापना काल से अब तक इलेक्ट्रीशियन, फिटर और वेल्डर ट्रेड के 1369 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया है और वर्तमान में 116 छात्र-छात्राएं यहां प्रशिक्षण पा रहे हैं। इनमें से 133 प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को बड़ी-बड़ी कंपनियों में रोजगार भी प्राप्त हुए हैं। यहां के निगमित सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर इन सकारात्मक कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। पत्रकार सम्मेलन में वरिष्ठ महाप्रबंधक पी के मिश्रा, वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डी सी पांडेय आदि मौजूद थे।

## शिफ्टिंग स्थल पर दूसरे दिन नहीं हुआ कार्य, सांसद के साथ वार्ता 15 को

**बोकारो थर्मल।** बोकारो-करगली क्षेत्र अंतर्गत कारो स्पेशल फेज दो में बरवाबेड़ा को शिफ्ट करने वाले स्थान पर बुधवार को शिफ्टिंग का कार्य नहीं किया जा सका। कार्य को लेकर काफी संख्या में एरिया से सीआईएसएफ के अधिकारी, जवान और पुलिस उक्त स्थान पर पहुंचे। कार्य को लेकर एक जेसीबी भी ऑपरेटर के साथ वहां पहुंचा। दोपहर तक इंतजार करने के बाद सभी वहां से वापस लौट गए। सीसीएल के कुछ कर्मी और पदाधिकारी उक्त स्थान पर पहुंचकर महज मापी का कार्य करते देखे गए। दोपहर बाद गिरिडीह के सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव अपने समर्थकों के साथ उक्त स्थान पर कार्य का विरोध करने पहुंचे, परंतु वहां कोई भी मौजूद नहीं था। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि नई बस्ती, नूरी नगर, राजा बाजार, गोविंदपुर के विस्थापितों द्वारा अपने हक और मांग को लेकर उक्त स्थान पर विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सांसद के दिल्ली से लौटने के बाद 15 फरवरी को बोकारो डीसी की मौजूदगी में सीसीएल फेज दो के मामले को लेकर सीसीएल प्रबंधन के साथ वार्ता की जाएगी।

## शोभायात्रा के साथ मनाई गई संत रविदास जयंती



**गोमिया।** संत शिरोमणि गुरु रविदास आश्रम द्वारा 648वीं संत रविदास जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार रवि, सचिव हरेन्द्र रविदास, कोषाध्यक्ष धनंजय रविदास और उप कोषाध्यक्ष बैजू रविदास ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेरमो एसडीएम मुकेश मछुवा और विशिष्ट अतिथि पेटरवार सीओ अशोक राम शामिल हुए। एसडीएम मुकेश मछुवा ने अपने संबोधन में कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा संत रविदास का यह संदेश समाज के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि संत रविदास किसी एक जाति या समुदाय तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनकी शिक्षाएं संपूर्ण मानवता के लिए हैं। सीओ अशोक राम ने कहा कि संत रविदास का संदेश हर समय प्रासंगिक रहा है और संविधान ने सभी जातियों और समाज को समान अधिकार दिए हैं। इन गणमान्य लोगों ने जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, मदन रविदास, गंदौरी राम और बद्री पासवान ने कार्यक्रम को संबोधित किया। साथ ही जिप सदस्य प्रतिनिधि नारायण प्रजापति, पूर्व थाना प्रभारी यमुना चौधरी, तेनुघाट डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सुदामा तिवारी, प्रो. महावीर यादव और दांतू पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर नायक भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन प्रो. धनंजय रविदास ने किया, जबकि कृष्णा रविदास, रामानंद, प्यारेलाल, गणपत, गजाधर, उमेश और अमरजीत ने इसे सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

# युवाओं के अधिकार के लिए लड़ेगा युवा लायंस फोर्स : देव शर्मा



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** युवा लायंस फोर्स का मिलन समारोह चास के बोदरो स्थित आवासीय कार्यालय में बुधवार को सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष सह- युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे। श्री शर्मा ने कहा कि बारह साल पहले सैकड़ों युवाओं द्वारा इस संगठन का निर्माण मुख्य रूप से बेरोजगार युवाओं के अधिकार के लिए किया गया था।

लगभग हजारों युवाओं को हम लोगों ने रोजगार दिलाने का काम किया है। आज युवा लायंस फोर्स बोकारो में किसी भी पहचान का मोहताज नहीं है। हर साल युवा लायंस फोर्स द्वारा कई सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम भी किये जाते हैं और अब सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया कि युवा लायंस फोर्स बोकारो के साथ अब पूरे झारखंड के बेरोजगार युवाओं की लड़ाई लड़ेगा। देव ने कहा, मुझे गर्व है की आज तक न मुझ पर, न इस संगठन पर किसी तरह का कोई दाग नहीं लगा। हम निःस्वार्थ युवाओं के हक और अधिकार के लिए लड़ते रहे और आगे भी लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज हमारा झारखंड पूरे देश को सींचने का काम कर रहा है। लोहा, कोयला, गैस समेत कई खनिज संपदा से भरा है हमारा राज्य। लेकिन, अफसोस की बात है कि झारखंड-बोकारो के युवा मजबूरन अपने परिवार से दूर किसी दूसरे राज्य में छोटी मोटी नौकरी के लिए पलायन कर रहे हैं। राज्य में अबुवा सरकार है। मुख्यमंत्री जी ने भी 75% रोजगार पर स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने को कही है। लेकिन कुछ प्रबंधन के अधिकारी को यह प्रेम की भाषा समझ में नहीं आ रही। वैसे अधिकारियों और प्रबंधनों के खिलाफ जोरदार उलगुलान किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के लोगों ने देव शर्मा को तलवार भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, संगठन का सदस्यता अभियान भी शुरू किया गया।

## टीयूसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष बने निवारण

**बोकारो।** तुपकाडीह अम्बेडकर नगर दुर्गा मंदिर के प्रांगण में ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर राज्य कमेटी की चयनित विस्तारित सभा प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें विस्थापित नेता निवारण दिगार को यूनियन की राज्य कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार और झारखंड सरकार विस्थापन, पलायन से मुक्ति दिलाए। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए न्यूनतम कानून व्यवस्था बहाल हो। विस्थापितों से ली जाने वाली जमीन के बदले उन्हें नियोजन, मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था सरकार पहले करे। यूनियन का विस्तार कर किसान मजदूरों को भी संगठन से जोड़ने का निर्णय लिया गया। मौके पर टीयूसीसी के पदाधिकारी और दैनिक मजदूर मौजूद रहे।

## इनमोसा की बैठक में प्रबंधन के खिलाफ दिखी नाराजगी



**गोमिया।** इनमोसा की बैठक बुधवार को बीएंडके क्षेत्र के खास महल पीट ऑफिस में आयोजित की गई। बैठक में सीसीएल प्रबंधन द्वारा इनमोसा की मांगों को नजरअंदाज करने, इनमोसा सदस्यों के समस्याओं का निराकरण नहीं करने पर रोष जताया गया। प्रबंधन के रवैये के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। सीसीएल प्रबंधन एवं इनमोसा के बीच पूर्व में वार्ता में हुई थी, लेकिन मांगों पर प्रबंधन द्वारा कोई पहल नहीं की गयी। इससे इनमोसा सदस्यों में आक्रोश बढ़ रहा है। सीसीएल में माइनिंग सुपरवाइजर की कमी को दूर करने, माइनिंग सुपरवाइजरों को समयबद्ध प्रमोशन देने, सीसीएल की सभी समितियों में इनमोसा का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने, सभी क्षेत्रों में सुपरवाइजरों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था करने, इनमोसा का सदस्यता शुल्क सैलरी से काटने का आदेश निर्गत करने, आउटसोर्सिंग के कार्यों के लिए अलग से सुपरवाइजरों की व्यवस्था करने आदि प्रमुख हैं। बैठक का संचालन यूनिट सचिव शैलेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में बीएंडके क्षेत्र के एरिया सेक्रेटरी डी पी मौर्या सहित विनय कुमार, एस एच पूर्ति, सुरेंद्र मंडल, जयदेव मंडल, भरत पासवान, अमित सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

# जेईई मेंस फेज-1 में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में जेईई मेंस फेज- 1 में सफल छात्रों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि चिन्मय विद्यालय बोकारो के छात्रों ने जेईई मेंस में शानदार सफलता प्राप्त की है।

उन्होंने सफलता के इतिहास में एक और सुनहरा पन्ना जोड़ दिया है। अभी तक कुल 68 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। चिन्मय विद्यालय ने छात्रों के लिए आज विशेष रूप से आयोजित समारोह में सभी को मिढ़ाई खिलाकर सम्मान दिया और फेज-2 एवं एडवांस में बेहतर प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शन किया। साथ ही, हर संभव सहायता देने की बात कही। प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि अभी सामने बोर्ड परीक्षा, मेंस, एडवांस परीक्षा पर ध्यान केंद्रित कर पढ़ाई करनी चाहिए। अभी हमें अपने सुनहरे पल को अपनी मेहनत और एकाग्रता से और अधिक सुसज्जित करे। तन मन को स्वस्थ रखना है। चिन्मय विद्यालय के सफल छात्रों में अतिन गौरव, अश्विन कुमार, आर्यन, नारायण राय, वेद कुमार, अभ्यास मल्लिक आदित्य राज, मीनाक्षी कुमारी, शिवम रंजन, हर्ष लच्छीरामका, रजनीश कुमार, शरण्या रंजन, ईशान गोप, भव्या विक्रम, सत्यम सोनी, एकांश महावार, श्रेयांश मिश्रा, अदित्या, आकर्ष देव, ऋषि प्रसाद, आदर्श राय, अभिषेक, प्रेम कुमार, रोहित राज, प्रिंस रॉय, एकता आकृति, अंकित कुमार, शुभम कुमार, रितु राज, अमृत कुमार, खुशी किरण, एकता आकृति, समीर मंडल, हर्षित आर्यन, पीयूष पांडेय, आर्यन चौरसिया, भव्य विक्रम, आदित्य रंजन, मिथुन सिंह, शुभम कुमार, वत्सल सिंह, अभिषेक कुमार, अंबिका कुमारी, अभिषेक कुमार, रिशु कुणाल, केसर कुमारी, अमित कुमार गोराई, श्रद्धा सिन्हा, अंकित कुमार, विनीत निशांत गुप्ता, प्राची सहित समाचार लिखे जाने तक 68 से अधिक बच्चै ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किये। सभी सफल छात्रों को सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार सहित वरीय शिक्षको प्रफुल्ल कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, कुमोद रंजन सिंह, देवज्योति बराल, अशोक चौबे, राजकुमार, चंदन कुमार सिंह एवं अन्य शिक्षको ने ढेऱो शुभकामनाए दीं।

## गोमिया में भी किया सफल छात्र को सम्मानित



**गोमिया।** पेटरवार के लीला जानकी पब्लिक स्कूल रघुनाथपुरम में बुधवार को विद्यालय के निदेशक नीरज सिन्हा के द्वारा जेई मैंस में 99.75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र अमनदीप प्रकाश को बधाई एवं शुभकामना दी गई। बताते चलें कि उक्त विद्यालय सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का दीप जलाने का कार्य विगत 25 वर्षों से कर रहा है तथा इस विद्यालय के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में कामयाब हो रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिका छात्राओं ने अमनदीप प्रकाश को शुभकामना देते हुए उसके स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

# जनप्रतिनिधि अपराध मामलों में देरी करती है निराश


ललित गर्ग

**दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि साफ-सुथरी एवं अपराधमुक्त राजनीति का दावा करने वाले दल ही सर्वाधिक अपराधी लोगों को उम्मीदवार बना रही है। विडंबना है कि यह प्रवृत्ति कम होने के बजाय हर अगले चुनाव में और बढ़ती ही दिख रही है। आखिर कब तक अपराधी तत्व हमारे भाग्य-विधाता बनते रहेंगे? कब तक आम आदमी इस त्रासदी को जीने के लिये मजबूर होते रहेंगे।**

वर्तमान और पूर्व संसद सदस्यों और विधानसभा सदस्यों के खिलाफ लंबित पांच हजार आपराधिक मामलों के निपटारे की सुनवाई कर रही एमपी-एमएलए अदालतों में कोई उल्लेखनीय प्रगति होते हुए न दिखना न केवल निराशाजनक है बल्कि यह कानून व्यवस्था की बड़ी विसंगति है। इस सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में आग्रह किया गया कि कोर्ट इन मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने एवं त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश जारी करे। अपेक्षा यह की गई थी कि इन मामलों की सुनवाई त्वरित गति से होगी, लेकिन इसका उलटा हो रहा है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान लोकसभा के 543 सदस्यों में से 251 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 170 गंभीर आपराधिक मामले हैं, जिनमें पांच साल या उससे अधिक की सजा हो सकती है। हाल ही दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों में भी आपराधिक छवि के विधायकों की बड़ी संख्या चिन्ता में डालते हुए शर्मसार कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा के 48 नवनिर्वाचित विधायकों में से 16 यानी 33 प्रतिशत और आम आदमी पार्टी के 22 में से 15 यानी 68 प्रतिशत नवनिर्वाचित विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, भाजपा के सात और आप के 10 विधायक गंभीर किस्म के आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की ओर से समय-समय पर दिए गए आदेशों और हाईकोर्ट की निगरानी के बावजूद सांसदों और विधायकों के खिलाफ बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं, जो हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर एक बदनुमा धब्बा हैं।

दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि साफ-सुथरी एवं अपराधमुक्त राजनीति का दावा करने वाले दल ही सर्वाधिक अपराधी लोगों को उम्मीदवार बना रही है। विडंबना है कि यह प्रवृत्ति कम होने के बजाय हर अगले चुनाव में और बढ़ती ही दिख रही है। आखिर कब तक अपराधी तत्व हमारे भाग्य-विधाता बनते रहेंगे? कब तक आम आदमी इस त्रासदी को जीने के लिये मजबूर होते रहेंगे। भारत के लोकतंत्र के शुद्धिकरण एवं मजबूती के लिये अपराधिक राजनेताओं एवं राजनीति के अपराधीकरण पर नियंत्रण की एक नई सुबह का इंतजार कब तक करना होगा? त्रासद एवं दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि पूर्व एवं वर्तमान विधायकों और सांसदों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित की गई अदालतें उनके मामलों का समय पर निपटारा करने में विफल साबित हो रही हैं। बड़ी संख्या में मामलों का लंबित रहना, जिनमें से कुछ तो दशकों से लंबित हैं, यह



दशार्ता है कि सांसदों एवं विधायकों का अपने विरुद्ध मामलों की जांच या सुनवाई पर बहुत अधिक प्रभाव है और अपने राजनीतिक वर्चस्व एवं प्रभाव के कारण मुकदमे को पूरा नहीं होने दिया जाता है।

ऐसा लगता है कि उच्च न्यायालय अपने इस दायित्व का निर्वहन सही तरह से नहीं कर पा रहे हैं। समय-समय पर ऐसी खबरें भी आती रही हैं कि एमपी-एमएलए अदालतों को जनप्रतिनिधियों के मामलों के निपटारे में तेजी लाने को कहा है, लेकिन इसके कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ सके। समझना कठिन है कि जिन अदालतों का गठन ही कुछ विशेष मामलों के निस्तारण के लिए हुआ है, वे उनकी सुनवाई में प्राथमिकता का परिचय क्यों नहीं दे रही हैं? उचित यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट इन अदालतों को यह स्पष्ट निर्देश दे कि वे जनप्रतिनिधियों के मामलों की सुनवाई एक निश्चित समय सीमा में करें और ऐसा करने के लिए उच्च न्यायालयों को निर्देशित करे। यदि ऐसा कुछ नहीं किया जाता तो राजनीति के अपराधीकरण को रोकना बहुत कठिन होगा और आपराधिक छवि के नेताओं के मामलें न्यायालयों में बढ़ते ही जायेंगे। यह स्थिति लोकतंत्र का उपहास उड़ाने वाली ही है। यह स्थिति अधिक चिन्ताजनक एवं दुखद इसलिये भी है कि अब तो गंभीर आपराधिक मामलों में जेल में बंद लोगों को चुनाव प्रचार के लिए भी जमानत देने का सिलसिला कायम हो गया है। जनप्रतिनिधि भी रक्षक नहीं, भक्षक हो रहे हैं। ये कानून का भक्षण करने में माहिर होते जा रहे हैं। ये कैसे जनप्रतिनिधि हैं जो पहले वोट मांगते हैं, फिर जीत के बाद लोगों को लात मारते हुए उनके साथ तरह-तरह के अपराध करते हैं। लोकतंत्र के मुखपृष्ठ पर बहुत धब्बे हैं, अंधेरे हैं, वहां मुखौटे हैं, गलत तत्त्व हैं, खुला आकाश नहीं है। मानो प्रजातंत्र न होकर अपराध तंत्र हो गया। क्या यही उन शहीदों का स्वप्न था, जो फांसी पर झूल गये थे? राजनीतिक व्यवस्था और सोच में व्यापक परिवर्तन हो ताकि कोई भी अपराधों में लिप्त नेता जन-प्रतिनिधि न बन सके।

दिल्ली नगर निगम चुनावों में जीते पार्षदों के संदर्भ में एडीआर और ह्यदिल्ली इलेक्शन वाचह्न ने चौंकाने वाली रिपोर्ट जारी कर यह बताया गया है कि दो सौ अड़तालीस विजेताओं में से बयालीस यानी सत्रह प्रतिशत निर्वाचित पार्षद ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, उन्नीस पार्षद गंभीर आपराधिक मामलों के आरोपी हैं। इससे पूर्व दिल्ली में फरवरी, 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद भी एडीआर ने अपने विश्लेषण में चुने गए कम से कम आधे विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज पाए थे। इसमें मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के विधायक थे। अब प्रश्न है कि दिल्ली नगर निगम हो या विधानसभा के चुनावों में भी आप पार्टी ने उम्मीदवार बनाने के लिए स्वच्छ छवि के व्यक्ति को तरजीह देने की जरूरत क्यों नहीं समझी? जबकि इस पार्टी का घोष ही रहा अपराध एवं भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति।

चुनावी सुधारों पर होने वाली तमाम चचाओं में राजनीति का अपराधीकरण एक अहम मुद्दा रहता है। राजनीति का अपराधीकरण-ह्यअपराधियों का चुनाव प्रक्रिया में भाग लेनाह्न-हमारी निर्वाचन व्यवस्था का एक नाजुक अंग बन गया है। मौजूदा लोकसभा सदस्यों में सर्वाधिक 29 प्रतिशत सदस्यों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि पिछली लोकसभा में यह आँकड़ा तुलनात्मक रूप से कम था। राजनीति का अपराधीकरण भारतीय लोकतंत्र का एक स्याह पक्ष है, जिसके मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय और निर्वाचन आयोग ने कई कदम उठाए हैं, किंतु इस संदर्भ में किये गए सभी नीतिगत प्रयास समस्या को पूर्णतः नियंत्रित करने में असफल रहे हैं। हालांकि एक अच्छी पहल यह हुई है कि अब हाईकोर्ट की इजाजत के बिना सरकार किसी भी सांसद एवं विधायक के खिलाफ दर्ज मामले वापस नहीं ले सकती है। राजनीति के अपराधीकरण के कारण चुनावी प्रक्रिया में काले धन का प्रयोग काफी अधिक बढ़ जाता है। इसका देश की न्यायिक प्रक्रिया पर भी दुष्प्रभाव देखने को मिलता है और अपराधियों के विरुद्ध जाँच प्रक्रिया धीमी हो जाती है। राजनीति में प्रवेश करने वाले अपराधी सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं और नौकरशाही, कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका सहित अन्य संस्थानों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। यह स्थिति समाज में हिंसा, भ्रष्टाचार, उत्पीड़न की संस्कृति को प्रोत्साहित करती है और भावी जनप्रतिनिधियों के लिये एक गलत उदाहरण प्रस्तुत करती है। वैसे तो भारत का लोकतंत्र बड़े-बड़े बाहुबली एवं आपराधिक पृष्ठभूमि के नेताओं के शर्मनाक कृत्यों का गवाह रहा है, बार-बार शर्मसार हुआ है। यही कारण है कि राजनीति का चरित्र गिर गया और साख घटती जा रही है।

इन वर्षों में जितने भी चुनाव हुए हैं वे चुनाव अर्हता, योग्यता एवं गुणवत्ता के आधार पर न होकर, व्यक्ति, दल या पार्टी के धनबल, बाहुबल एवं जनबल के आधार पर होते रहे हैं, जिनको आपराधिक छवि वाले राजनेता बल देते रहे हैं। आप ने भ्रष्टाचार एवं अपराधों पर नियंत्रण की बात करते हुए राजनीति का बिगुल बजाया। लेकिन यह दल तो जल्दी ही अपराधी तत्वों से घिर गया। नेताओं की चादर इतनी मैली है कि लोगों ने उसका रंग ही काला मान लिया है। अगर कहीं कोई एक प्रतिशत ईमानदारी दिखती है तो आश्चर्य होता है कि यह कौन है? पर हल्दी की एक गांठ लेकर थोक व्यापार नहीं किया जा सकता है। यही लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबसे बड़ा संकट है। आदर्श लोकतंत्र एवं समाज व्यवस्था का निर्मित करने की जिम्मेदारी इन्हीं नेताओं पर है, जिनका चरित्र एवं साख मजबूत होना जरूरी है। दुःखद स्थिति है कि भारत अपनी आजादी के अमृत काल तक पहुंचते हुए भी स्वयं को ईमानदार नहीं बना पाया, चरित्र सम्पन्न राष्ट्र नहीं बन पाया।

(लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### महाजाम की जटिल व्यवस्था

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी करोड़ों श्रद्धालू पवित्र स्नान के लिए उमड़.रहे हैं। 144 साल बाद पड़.रहे इस महाकुंभ में आने के रास्तों में महाजाम लग गया है। तीन सौ किमी. लंबे जाम को दुनिया का सबसे बड़ा जाम बताया जा रहा है। यह विशेष पर्व ज्यों-ज्यों अपने आखिरी पड़ाव की तरफ बढ़ रहा है, श्रद्धालुओं में इसका आकर्षण बढ़ता जा रहा है। वाराणसी से प्रयागराज के मार्ग पर दस किमी. लंबा जाम है। रींवा-चित्रकूट से आने वाले मार्ग पर तकरीबन सत्रह किमी. तो भदोही से प्रयागराज पहुंचने वाले रास्ते पर पंद्रह किमी. और मिजार्पुर से आने वाले मार्ग पर बारह किमी. का महाजाम लगा है। जिला व पुलिस प्रशासन के सारे दावों की धज्जियां उड़ाने वाले इस जाम में फंसे प्यासे-भूखे और परेशान लोगों के पास कोई विकल्प नहीं है। बिखलते नन्हे बच्चों और बीमार-बुजुर्गों के परिवार रेंगते वाहनों में ट्रैफिक अरेस्ट से जूझने को मजबूर हैं। फ्रांस में भारी बर्फबारी के चलते 1980 में 175 किमी. लंबे जाम को सबसे बड़े.जाम के रूप में याद किया जाता है। 2010 में बीजिंगझतिब्बत हाईवे पर लगे सौ किमी. के जाम से निकलने में दस दिन लग गए थे। मगर यह न तो प्राकृतिक आपदा है, न ही अचानक लगा जाम है। सरकारी दावों और व्यवस्था को लेकर तमाम प्रचार के खोखलेपन का उपहास बन रहा है। भगदड़. और बार-बार आग लगने के पीछे लापरवाही छिपी नहीं है। लखनऊ, सुलतानपुर, रायबरेली, गोरखपुर, आजमगढ़ से अयोध्या की तरफ जाने वाली सड़कों पर भी यातायात बुरी तरह प्रभावित है। प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन कोआवागमन के लिए बंद करने के आदेश को अफरातफरी के बाद इसे अफवाह ठहरा कर लीपापोती की गई। जाहिर है, इससे यात्रियों को भारी असुविधा होती है। स्थानीय नागरिकों को हो रही दिक्कतों पर बात नहीं हो रही है जबकि उनकी दिनचर्या भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है, उन्हें घरबंदी में जीना पड़.रहा है। शहर और सड़कों की क्षमता का अनुमान लगाए बगैर भव्य आयोजन और करोड़ों की धन राशि उड़ाने का उद्देश्यहीन योजना की जितनी निंदा की जाए कम है। श्रद्धालुओं को हो रही दिक्कतों को बरगलाने और छद्म प्रचार से महाकुंभ के साथ महाजाम के संगम को झुठलाने से हकीकत को बदला नहीं जा सकता।




## चिंतन-मनन

### आध्यात्मिक आकाश का प्रकाश

चिन्मय आकाश में न तो सूर्यप्रकाश की आवश्यकता है, न चन्द्रप्रकाश अथवा अग्नि या बिजली की, क्योंकि सारे लोक स्वयं प्रकाशित हैं। इस ब्रह्मांड में केवल एक लोक- सूर्य, ऐसा है जो स्वयं प्रकाशित है। लेकिन आध्यात्मिक आकाश में सभी लोक स्वयं प्रकाशित हैं। उन समस्त लोकों के (जिन्हें वैकुण्ठ कहा जाता है) चमचमाते तेज से चमकीला आकाश बनता है, जिसे ब्रह्मज्योति कहते हैं। इस तेज का एक अंश महत-तत्व अर्थात जगत से आच्छादित रहता है। जब तक जीव इस अंधकारमय जगत में रहता है, तब तक वह बद्ध अवस्था में होता है। लेकिन ज्यों ही वह भौतिक जगत रूपी मिथ्या, विकृत वृक्ष को काटकर आध्यात्मिक आकाश में पहुंचता है, त्यों ही मुक्त हो जाता है। तब वह यहां वापस लेकिन अपनी मुक्त अवस्था में आध्यात्मिक राज्य में प्रवेश करता है और परमेर का पाषर्द बन जाता है। वहां पर वह सच्चिदानंदमय जीवन बिताता है।

जो इस संसार से अत्यधिक आसक्त है, उसके लिए इस आसक्ति का छेदन करना दुष्कर होता है। लेकिन यदि वह कृष्णभावनामृत को ग्रहण कर ले, तो उसके क्रमशः छूट जाने की संभावना है। उसे ऐसे भक्तों की संगति करनी चाहिए जो कृष्णभावनाभावित होते हैं। उसे ऐसा समाज खोजना चाहिए, जो कृष्णभावनामृत के प्रति समर्पित हो और उसे भक्ति करनी सीखनी चाहिए। इस प्रकार वह संसार के प्रति अपनी आसक्ति विच्छेद कर सकता है। यदि कोई चाहे कि केसरिया वस्त्र पहनने से भौतिक जगत के आकषर्ण से विच्छेद हो जाएगा, तो ऐसा संभव नहीं है। उसे भगवद्भक्ति के प्रति आसक्त होना पड़ेगा। यहां परमं मम शब्द बहुत महत्वपूर्ण हैं। वास्तव में जगत का कोना-कोना भगवान की सम्पत्ति है, परंतु दिव्य जगत परम है और छह ऐयरे से पूर्ण है। कठोपनिषद् में भी इसकी पुष्टि की गई है कि दिव्य जगत में सूर्यप्रकाश, चन्द्र प्रकाश या तारागण की कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि समस्त आध्यात्मिक आकाश भगवान की आन्तरिक शक्ति से प्रकाशमान है। उस परम धाम तक केवल शरणागति से ही पहुंचा जा सकता है, अन्य किसी साधन से नहीं।

# ट्रंप ने सारी दुनिया में गिराई अमेरिका की साख


सनत जैन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेशी भ्रष्ट आचरण कानून पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। ट्रंप के इस आदेश के बाद विदेश में व्यापार या ठेका हासिल करने के लिए अब अमेरिकी कंपनी द्वारा रिश्वत देना अपराध नहीं होगा। अभी तक अमेरिकी कानून के अनुसार यह एक बड़ा अपराध था, जिसके कारण अमेरिकी सरकार अथवा अमेरिका की कंपनियां जो सारी दुनिया के देशों में जो व्यापार करती थी, इस कानून से यह संदेश जाता था, अमेरिका की कंपनियां अन्य देशों में रिश्वत नहीं देती हैं। जिसके कारण अमेरिका की सरकार और अमेरिकी कंपनियों की साख पूरी दुनिया के देशों में बनी हुई थी। लुके-छुपे तौर पर यदि कोई कंपनी या व्यक्ति इस तरीके की कोशिश करता था, ऐसी स्थिति में अमेरिकी कानून के अनुसार उसे आर्थिक तथा आपराधिक मामलों में सजा से दंडित किया जाता था। ट्रंप ने जो निर्णय अभी लिया है, उससे सारी दुनिया के देशों में यह संदेश गया है। अमेरिका की कंपनियां अपने लाभ के लिए दुनिया के किसी भी देश के राजनेता, अधिकारियों या कारोबारियों को रिश्वत देकर ठेका हासिल कर सकती हैं। रिश्वत देकर सामान खरीदने-बेचने के कांटेक्ट हासिल कर सकती हैं। अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के अन्य देशों को इस निर्णय से सबसे बड़ा नुकसान होने जा रहा है। किसी भी देश में अमेरिका की कंपनियों से व्यापार या कारोबार किया जाएगा, वह सभी शक के दायरे में होंगी। जिन देशों के कारोबारी या सरकारें अमेरिकी कंपनियों से खरीददारी करेंगी, उन्हें भी शक की निगाह से देखा जाएगा। ट्रंप का यह निर्णय ऐसे समय पर आया है, जबकि अमेरिकी कानून के अनुसार भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी सहित आठ लोगों के ऊपर अमेरिका में अपराधिक मामला दर्ज है। 21 नवंबर 2024 को अमेरिका की कोर्ट में 2200 करोड़ रुपए की घूस के मामले में गौतम अडानी और अन्य के खिलाफ वारंट जारी हो चुके हैं। वारंट जारी होने के बाद से गौतम अडानी अमेरिका नहीं जा पा रहे हैं। उनका व्यवसाय पूरी दुनिया में प्रभावित हुआ है। गौतम अडानी ने अमेरिकी कानून से बचने के लिए वहां के सांसदों को अपनी पैरवी में उतारा था। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अडानी को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर भी राजनायिक और कूटनीतिक संबंधों का इस्तेमाल कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के पहले भारत सरकार ने जिस तरह से आयात-निर्यात व्यापार में अमेरिका के पक्ष में शुल्क को घटाया है, वह सब अडानी समूह की राहत से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रंप और एलन मस्क की जोड़ी की राजनेता के स्थान पर एक कारोबारी के रुप में पहचान है। दोनों ही अपने निजी कारोबार एवं फायदे को ध्यान में रखते हुए अमेरिकी सरकार के निर्णय कर रहे हैं। गौतम अडानी और भारतीय कारोबार पर एलन मस्क की भी नजर है। डोनाल्ड ट्रंप भी भारत में अपना कारोबार बढ़ाने के प्रयास में लगे हुए हैं। गौतम अडानी की गर्दन पूरी तरह से अमेरिका के शिकंजे में फंस गई है। भारत सरकार किसी भी कीमत पर गौतम अडानी को अमेरिकी कानून के चक्कर से बचाना चाहती है। अडाणी को बचाने के चक्कर में भारत को काफी आर्थिक नुकसान उठाने पड़ेंगे। दीर्घकालीन कई ऐसे समझौते हो सकते हैं, जिसके कारण भारत के हित बुरी तरह से प्रभावित होंगे। अमेरिका को भी अभी तक का सबसे बड़ा नुकसान होने की आशंका बन गई है। डोनाल्ड ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका की नैतिकता और पारदर्शिता पूरी तरह से दुनिया के देशों में खत्म होगी। ट्रंप के वर्तमान निर्णयों से अमेरिका की छवि एक गैंगस्टर की तरह बनने लगी है। जो लाभ के लिए किसी भी स्तर पर जाकर नैतिक और अनैतिक काम करने से पीछे नहीं हटता है। अमेरिका से कारोबार करने वाले अन्य देशों के राजनेताओं और कारोबारियों के ऊपर रिश्वतखोरी के आरोप बड़े पैमाने पर लगेंगे, जिसके कारण दुनिया के देशों में राजनीतिक अस्थिरता, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार का वातावरण बढ़ेगा। अमेरिका को इतना बड़ा नुकसान इसके पहले कभी नहीं हुआ, जो अब हो सकता है। एक बार अमेरिका की छवि रिश्वत देकर कारोबार करने की बन गई, तो दुनिया के सभी देश अमेरिका के साथ दूरियां बनाना शुरू कर देंगे। अमेरिका अभी दुनिया का बादशाह बना हुआ है। ट्रंप के इस निर्णय से अमेरिका की बादशाहत खतरे में पड़ जाएगी। इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। जल्द ही इसके परिणाम अमेरिका को भोगना पड़ सकता है। जिस तरह से ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरूआत हुई है। उसके बाद कहा जाने लगा है, जिस तरह से सोवियत रूस, रेत के महल की तरह भरभरा कर गिरा था। उसी स्थिति में अब अमेरिका ने सफर शुरू कर दिया है।

# नक्सलवाद : निर्णायक लड़ाई में आगे बढ़ता देश


प्रमोद भार्गव

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। डिस्ट्रिक रिजर्व गॉर्ड, एसटीएफ और बस्तर योद्धाओं के संयुक्त दल ने इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में 31 नक्सली मार दिए। बीजापुर में सात दिन में यह दूसरी बड़ी मुठभेड़ है। इससे पहले गंगालूर क्षेत्र में 2 फरवरी को 8 नक्सली मारे गए थे। इसी तरह 4 अक्टूबर 2024 को सुरक्षा बलों ने अबूझमाड़ के थुलथुली में 38 नक्सलियों को मार गिराया था, लेकिन अब नक्सलियों को बालों लगातार चुनौती मिल रही है। नक्सलियों का दमन हो रहा है।

केंद्र सरकार ने 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण सफाया करने का संकल्प लिया हुआ है। बावजूद नक्सलियों का अस्तित्व अब तक बना है तो इसलिए क्योंकि कुछ देश विरोधी ताकतें उन्हें धन, घातक हथियार, विस्फोटक और उत्तम गुणवत्ता की संचार प्रणाली उपलब्ध करा रहे हैं। लगता है कि सजातीय वनवासियों और ग्रामीणों पर उनकी पकड़ अभी भी बनी हुई है। उधर, छत्तीसगढ़ सरकार ने भी दो टूक कह दिया है कि या तो नक्सली समाज से जुड़ जाएं या खात्मे के लिए तैयार रहें। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार की कोशिश है कि सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी जाए, जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात करने जा रहा है। केंद्र सरकार की कोशिश है कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाए। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। जिस तरह से नरेन्द्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाका है, जिससे ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुष्किल होता है, लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। नक्सली समस्या से निपटने के लिए राज्य व केंद्र सरकार दावा कर रही हैं कि विकास इस समस्या का निदान है। यदि छत्तीसगढ़ सरकार के विकास संबंधी विज्ञापनों में दिए जा रहे आंकड़ों पर भरोसा करें तो छत्तीसगढ़ की तस्वीर विकास के मानदण्डों को छूती दिख रही है, लेकिन इस अनुपात में यह दावा बेमानी है कि समस्या पर अंकुश विकास की धारा से लग रहा है? क्योंकि इसी दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को नक्सली बनाए जाने के प्रमाण भी मिले हैं। बावजूद कांग्रेस के इन्हीं नक्सली क्षेत्रों से ज्यादा विधायक जीतकर आते रहे हैं। हालांकि नक्सलियों ने कांग्रेस पर 2013 में बड़ा हमला बोलकर लगभग उसका सफाया कर दिया था। कांग्रेस नेता महेन्द्र कर्मा ने नक्सलियों के विरुद्ध 'सलवा जुडूम' को 2005 में खड़ा किया था। सबसे पहले बीजापुर जिले के ही कुर्तु विकासखण्ड के आदिवासी ग्राम अंबेली के लोग नक्सलियों के खिलाफ खड़े होने लगे थे। नतीजतन नक्सलियों की महेन्द्र कर्मा से ठन गई। इस हमले में कर्मा के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष नंदकुमार पटेल और हरिप्रसाद समेत एक दर्जन नेता मारे गए थे, लेकिन कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में अपनी खोई शक्ति फिर से हासिल कर ली थी, बावजूद नक्सलियों पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पाई। 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अपदस्थ कर भाजपा अब फिर सत्ता में है। उसके बाद से ही नक्सलियों के सफाए का सिलसिला चल रहा है।



दरअसल, देश में तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा है, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। यह न केवल उनको वैचारिक खुराक देकर उन्हें उकसाने का काम करता था, बल्कि उनके लिए धन और हथियार जुटाने के माध्यम भी खोलता था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की। माओवादियों के खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती है, लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगाता दिखाई दे रहा है।



खुली अर्थव्यवस्था और ग्लोबलाइजेशन के चलते आज भारत में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां करियर की संभावना न हो। यही वजह है कि विदेशी कंपनियां भी आज भारत का रुख कर रही हैं। बीमा क्षेत्र के लिए यहां पर इसलिए भी काफी उम्मीदें की जा सकती हैं, क्योंकि आज भी यहां केवल तीस से बत्तीस प्रतिशत लोग ही इंश्योर्ड हैं, जबकि हर व्यक्ति को उसकी सामर्थ्य के हिसाब से सिक्योरिटी की जरूरत है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें व्यक्ति को उसकी मनी सिक्योरिटी या लाइफ सिक्योरिटी की उम्मीद रहती है। अत- इसमें आप तरक्की करके अपने करियर को बुलन्दी पर ले जा सकते हैं।

# इंश्योरेन्स

## करियर की सिक्योरिटी

मार्केटिंग के इस दौर में हर काम को व्यवसाय की दृष्टि से देखा जा रहा है। यही कारण है कि पहले की अपेक्षा लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है और तकरीबन हर व्यक्ति रोटी, कपड़ा और मकान से निकल कर आगे की सोचने लगा है। अब हर किसी की चाहत रहती है कि वह एक स्टैण्डर्ड लाइफ जिए तथा हर तरह की सुविधाओं के अतिरिक्त उसके पास बैंक बैलेन्स और लाइफ सिक्योरिटी हो। ऐसे में इंश्योरेन्स सेक्टर एक ऐसा सेक्टर है, जो व्यक्ति की दोनों आवश्यकताओं की पूर्ति का दावा करता है। भारत में आज भी बहुत कम लोग बीमित हैं। यही कारण है कि आज विभिन्न कंपनियों के साथ बैंक भी इस क्षेत्र में अपने पैर पसार रहे हैं।

एक सर्वे के अनुसार, पिछले दस–बारह सालों में इंश्योर्ड यानी बीमित लोगों की संख्या दोगुनी के करीब हुई है अर्थात भारत में इंश्योरेन्स सेक्टर का पदार्पण काफी पहले होने के बाद भी इस क्षेत्र में उतनी तरक्की नहीं हुई, जितनी कि वर्ष 2000 के बाद हुई और इस संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। सर्वे के मुताबिक कुल बीमित व्यक्तियों की संख्या में हर साल करीब दस प्रतिशत लोग नए जुड़ जाते हैं और यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले पन्द्रह वर्षों में भारत में करीब साठ प्रतिशत लोग बीमित हो सकते हैं। अगर आप क्रिएटिव माइंड के हैं और पॉजीटिव सोच रखते हैं तो इंश्योरेंन्स के दरवाजे आपके लिए खुले हुए हैं। इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं का भरोसा इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि आज भी देहातों में इंश्योरेन्स के प्रति लोगों में जागरुकता का खासा अभाव है। हालांकि जब से इंश्योरेन्स कम्पनियों ने छोटे शहरों और कस्बों की ओर रुख किया है, तब से काफी हद तक लोग इंश्योरेन्स को सही मायनों में समझने लगे हैं। लेकिन कम सर्विस और पहुंच के अभाव में अभी भी अधिकतर लोगों को इंश्योरेन्स की उतनी जानकारी नहीं है, जितनी होनी चाहिए। ऐसे पिछड़े क्षेत्रों में इंश्योरेन्स बेचने और वहां के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने, उन्हें जागरुक करने के लिए सभी इंश्योरेन्स कम्पनियों को कर्मठ और योग्य लोगों की जरूरत रहती है। एक कम्पनी के ट्रेनिंग मैनेजर अजय कुमार बताते हैं कि 'एशियाई देशों में बहुत कम लोग इंश्योर्ड हैं, जबकि आज हर किसी को हाई रिस्क सेफ्टी की जरूरत है। एक सर्वे के अनुसार, हमारे देश में कुल बीस प्रतिशत लोग इंश्योर्ड थे। आज यह आंकड़ा बढ़कर करीब तीस से बत्तीस प्रतिशत तक पहुंच चुका है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में इंश्योरेन्स सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं। वर्ष 2000 तक भारत में काफी कम कम्पनियां इस सेक्टर से जुड़ी थीं, जबकि आज करीब 47 कम्पनियां लाइफ इंश्योरेन्स और जनरल इंश्योरेन्स से जुड़ी हैं, जिनमें लाइफ इंश्योरेन्स करने वाली कम्पनियों की संख्या ज्यादा है। इसके अलावा कुछ बैंक भी इस सेक्टर से जुड़ चुके हैं। इधर विदेशी कम्पनियों ने भी अपने व्यवसाय जमाने शुरू कर दिए हैं।

यदि आप भी मार्केटिंग से जुड़े हैं या जुड़ना चाहते हैं तो इंश्योरेन्स में आपके लिए अपार संभावनाएं हैं। इंश्योरेन्स सेक्टर में आपने कोई कोर्स किया हो अथवा नहीं, आप इस क्षेत्र में पदार्पण कर सकते हैं। यही एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें आप बिना किसी स्पेशल कोर्स के भी कम से कम बतौर एजेन्ट आगे बढ़ सकते हैं। किसी कम्पनी में बतौर एजेन्ट काम शुरू करना पहली सीढ़ी है, लेकिन जैसे–जैसे बिजनेस यानी आपका टारगेट पूरा होता जाता है, वैसे–वैसे प्रमोशन भी होता जाता है। इस क्षेत्र में किसी भी पद पर प्रमोशन के लिए कम से कम एक साल मिलता है। इसका मतलब यह हुआ कि कोई व्यक्ति हर वर्ष प्रमोशन की सीढ़ी चढ़ सकता है।

दूसरे सेक्टरों की अपेक्षा इंश्योरेन्स सेक्टर एकदम भिन्न है। दूसरे सेक्टरों में जहां काम करने के घंटे निर्धारित होते हैं, इसमें टाइम की कोई पाबंदी नहीं होती, बस आपको ग्राहक से अपनी डीलिंग के हिसाब से चलना पड़ता है। इस सेक्टर में मेहनती और ईमानदार वर्कर्स की बेहद कद्र होती है। इसके लिए जो लोग इस क्षेत्र में अपनी कम्पनी के अधिकतम टारगेट या उससे अधिक का बिजनेस देते हैं, कम्पनी उनको तरह–तरह के आकर्षक और कीमती पुरस्कारों के अतिरिक्त देश–विदेश यात्रा का मौका देती है। इस क्षेत्र में लड़के –लड़कियां दोनों ही अपना भविष्य संवार सकते हैं।

**स्कॉलरशिप** – कुछ संस्थानों में एससी/एसटी तथा विकलांग और कुछ में पिछड़ा वर्ग को स्कॉलरशिप का प्रावधान है। संबंधित संस्थानों के अपने नियम हैं।

**नौकरी के अवसर** – इंश्योरेन्स एंड मैनेजमेंट के लोग इंश्योरेन्स, बैकिंग, शेयर बाजार तथा इंश्योरेन्स सॉफ्टवेयर क्षेत्रों में नौकरी तलाश कर सकते हैं। जिन लोगों ने कोई कोर्स नहीं किया है, वे भी बतौर एजेन्ट या आईएसओ या बीडीओ या एक्जीक्यूटिव इस क्षेत्र में काम कर सकते हैं।

**एजुकेशन लोन** – उम्मीदवार संस्थान की प्रवेश स्वीकृति के उपरान्त एजुकेशन लोन ले सकते हैं। लगभग सभी बैंक इसके लिए लोन प्रदान करते हैं। अधिकतम दस लाख तक का लोन मिल सकता है।

**वेतन** – इंश्यारेंस से संबंधित कोर्स करने वाले व्यक्ति को पन्द्रह हजार से पचास हजार (फ्रेशर की स्थिति में) तथा चालीस से दो लाख तक अनुभव और कोर्स के हिसाब से प्रतिमाह मिल जाते हैं।





## करियर की अपार संभावनाएं

# होटल मैनेजमेंट

उदारीकरण के विस्तार में यह निश्चित है कि अर्थव्यवस्था की मजबूती इस क्षेत्र को भी नई ऊंचाइयां देगी। पर्यटन और होटल इंडस्ट्री की जुगलबंदी से न सिर्फ देश में, बल्कि विदेश में भी रोजगार के बेशुमार अवसर सामने आ रहे हैं। भारत की होटल इंडस्ट्री के लिए इसे स्वर्ण युग ही कहा जाएगा और इसमें करियर बनाने वालों के लिए यह अपार संभावनाओं का समय है।

यह ग्लैमर से भरपूर ऐसा पेशा है, जिसमें अच्छे व प्रशिक्षित लोगों की फिलहाल कमी है। कहने को तो अन्य क्षेत्रों की भांति इसमें भी रोजगार तलाशने वालों की कमी नहीं है, किन्तु ऐसे लोगों की कमी है, जो इस पेशे के लिए जरूरी योग्यताओं पर खरे उतरते हों। भारत में बढ़ रही व्यावसायिक गतिविधियों का आलम यह है कि यहां के होटलों में कमरे खाली नहीं मिलते। एशिया प्रशांत क्षेत्र में होटल इंडस्ट्री के विकास के मामले में भारत का नम्बर चीन के बाद दूसरा है। एक अनुमान के अनुसार भारत में होटलों में 1,10,000 से भी अधिक कमरे हैं। पर्यटन मंत्रालय के मुताबिक पिछले साल 41 लाख विदेशी पर्यटक भारत आए और इस साल के रुझान को देखते हुए लगता है कि यह संख्या एक करोड़ को भी पार कर जाएगी। देशी भ्रमणकारियों की भी बड़ी संख्या है। वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म काउंसिल, भारत के आंकड़े कहते हैं कि बिजनेस ट्रैवल के मामले में भारत का स्थान 18वां है और इस दशक में इसके पांचवें स्थान पर पहुंचने की उम्मीद है। इन बातों के आईने में यह साफ नजर आता है कि होटल मैनेजमेंट कोर्स करके इस क्षेत्र में करियर बनाना एक समझदारी भरा निर्णय हो सकता है।



### होटल इंडस्ट्री में कैसा काम

होटल इंडस्ट्री में बतौर प्रशिक्षु कार्य करने से लेकर प्रबंधक बनने तक अनुभव व कार्य कौशल के कई चरणों से होकर गुजरना होता है। यह उम्मीदवार को तय करना पड़ता है कि किस विभाग के कार्य में उसकी विशेष रुचि है और आने वाले समय में उसका लक्ष्य क्या है। यह उसकी व्यक्तिगत योग्यता और व्यक्तित्व पर निर्भर करेगा कि उसे कैसा अवसर मिल पाता है। वैसे किसी भी होटल में प्रबंधक व तमाम विभागों की अलग–अलग जिम्मेदारियां होती हैं। कुछ पर नजर डालते हैं:-

### प्रबंधक

होटल के प्रबंधक इस बात के लिए जिम्मेदार होते हैं कि उनका होटल सुचारू रूप से चले और लाभ कमाए। महाप्रबंधक तो इस बारे में अपनी योग्यता का इस्तेमाल करते हैं कि वित्त की स्थिति ठीक रहे, कर्मचारी अतिथियों को स्तरीय सेवा प्रदान करने के साथ–साथ संस्थान के नियमों का भी पालन करें, हाउसकीपिंग ठीक हो, खाने का स्वाद व क्वालिटी ठीक हो, होटल की आंतरिक साज–सज्जा उच्च कोटि की हो इत्यादि। अलग–अलग विभागों के सहायक प्रबंधक अपने विभागों के कार्य पर निगरानी रखते हैं। बड़े होटलों में तो रेजिडेंट मैनेजर भी होते हैं।

### फ्रंट ऑफिस

फ्रंट ऑफिस में बैठने वाले कर्मचारी होटल में आने वाले अतिथियों का स्वागत करते हैं। यहां रिसेप्शन होता है, सूचना डेस्क होता है, अतिथियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था देखने वाले होते हैं और बेलकैप्टन, बेल बॉय और डोरमैन होते हैं। ये लोग अतिथियों का सामान उनके कमरे में पहुंचवाने से लेकर उनको सूचनाएं भिजवाने का कार्य करते हैं।

### फूड एंड बेवरेज (एफ एंड बी)

इस विभाग में तीन ईकाइयां होती हैं– पाकशाला यानी किचन, स्टीवर्ड विभाग और फूड सर्विस विभाग। इस विभाग के मैनेजर और कर्मचारी मिल कर इस विभाग की जिम्मेदारियों को निपटाते हैं। खाना बनाने से लेकर परोसने तक का काम यहां होता है। इससे जुड़ी हर चीज का रख–रखाव करना होता है।

### हाउसकीपिंग

किसी भी होटल को उम्दा किस्म की देखभाल की जरूरत होती है। हाउसकीपिंग विभाग सभी कमरों, मीटिंग हॉल, बैंक्वेट हॉल, लाउंज, लॉबी, रेस्तरां इत्यादि की साफ–सफाई की जिम्मेदारी उठाता है। हर चीज करीने से दिखनी चाहिए, यह इस विभाग के काम करने का मूलमंत्र है। यह होटल का बेहद महत्त्वपूर्ण विभाग है और 24 घंटे काम करता है। इसमें पालियों में काम होता है।

### मार्केटिंग विभाग

आज होटल में उपलब्ध सेवाओं व सुविधाओं की मार्केटिंग होटल मैनेजमेंट का अहम पहलू है। यह विभाग संभावित ग्राहकों की जरूरतों के लिहाज से पैकेज तैयार करता है और उन्हें बेचता है। इनकी काबिलियत का ही प्रत्यक्ष लाभ होटल को मिलता है। बेहतर पैकेजिंग से आकर्षित होकर जितने ग्राहक आते हैं, वे होटल को न सिर्फ बिजनेस देते हैं, बल्कि दूसरों को भी बताते हैं। इन सबके अलावा होटल में भी अन्य वे विभाग होते हैं, जो दूसरे संगठनों या कंपनियों में होते हैं, जैसे अकाउंट्स, सिक्योरिटी, मेंटेनेंस इत्यादि। अब आपको तय करना है कि एक कामयाब करियर होटल मैनेजमेंट की चुनौतियों को स्वीकार करना है कि नहीं। इंडस्ट्री तो अपनी जरूरतों के हिसाब से प्रशिक्षित लोगों को अवसर देने के लिए तैयार है।

### पढ़ाई व प्रशिक्षण

अब सवाल यही उठता है कि होटल इंडस्ट्री में काम करने के लिए कहां से क्या पढ़ा जाए तथा कैसा प्रशिक्षण प्राप्त किया जाए? इस विषय में पढ़ाई करने के लिए सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर पीजी कोर्स तक उपलब्ध हैं, जिन्हें अलग–अलग संस्थान कराते हैं। होटल मैनेजमेंट कोर्स कराने वाले सरकारी संस्थान हैं और निजी संस्थान भी। सरकारी संस्थानों में अभ्यर्थी संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिला लेते हैं और निजी संस्थानों में साक्षात्कार व अंक प्रतिशत के आधार पर चयन किया जाता है। निजी संस्थानों में दाखिले के लिए अभ्यर्थी को अपनी सुविधा और सामर्थ्य के मुताबिक संस्थान का चयन करना चाहिए। सरकारी संस्थान बुनियादी सुविधाओं के मामले में तो बेहतर हो सकते हैं, किन्तु उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कोई तरीका नहीं है। फिर भी सरकारी तंत्र के अपने लाभ हैं। बहरहाल, निम्न पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं –

- बेकरी एंड कन्फेक्शनरी/होटल रिसेप्शन एंड बुक कीपिंग/रेस्तरां एंड काउंटर सर्विस में एक वर्षीय डिप्लोमा
- होटल मैनेजमेंट में तीन वर्षीय डिप्लोमा
- होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलॉजी में चार वर्षीय स्नातक डिग्री
- होटल मैनेजमेंट में तीन वर्षीय बीएससी
- हॉस्पिटेलिटी एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में तीन वर्षीय बीए
- इंटरनेशनल होटल्स में दो साल का पीजी डिप्लोमा
- हॉस्पिटेलिटी एडमिनिस्ट्रेशन में दो साल की एमएससी
- होटल एंड केटरिंग मैनेजमेंट में छह महीने का सर्टिफिकेट कोर्स

होटल इंडस्ट्री सीधे तौर पर पर्यटन से जुड़ी है, परन्तु पर्यटकों का आना ही काफी नहीं होता, उन्हें मिलने वाली सुविधाएं भी काफी महत्त्वपूर्ण होती हैं। उनकी गुणवत्ता के आधार पर ही पर्यटकों को इस ओर आकर्षित किया जा सकता है। इसके अलावा बढ़ते औद्योगीकरण ने भी होटल व्यवसाय को तेजी से बढ़ाने में मदद की है।

### योग्यता

इन पाठ्यक्रमों को करने के लिए किसी भी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 10वीं/12वीं या स्नातक होना जरूरी है। 12वीं में अंग्रेजी एक अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ी होनी चाहिए।

### नौकरी के अवसर

होटल मैनेजमेंट कोर्स करने वालों के लिए कई विकल्प हैं–

- होटल एवं हॉस्पिटेलिटी उद्योग में मैनेजमेंट प्रशिक्षु।
- होटलों में किचन मैनेजमेंट या हाउसकीपिंग मैनेजमेंट।
- एयरलाइन केटरिंग एंड केबिन सर्विसेज।
- होटल एवं अन्य सर्विस सेक्टर में गेस्ट या कस्टमर रिलेशन एक्जिक्यूटिव।
- फास्ट फूड चेन। ल्लरिसोर्ट मैनेजमेंट।
- क्रूज शिप होटल मैनेजमेंट, ल्लगेस्ट हाउसेज।
- हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन एंड केटरिंग।
- रेलवे या बैंक या बड़े संस्थानों में केटरिंग या कैंटीन।
- स्वरोजगार

### वेतन

कोर्स पूरा करने के बाद नौकरी के तमाम अवसर हैं, जिनमें अपनी रुचि और दक्षता के आधार पर करियर बनाया जा सकता है। इनमें शुरुआती स्तर पर 12,000 रुपये से लेकर 15,000 रुपये तक का स्टाइपेंड मिलता है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद नियमित नौकरी मिल सकती है। जैसे–जैसे अनुभव बढ़ेगा और कुशलता आएगी, वेतन उसी अनुपात में बढ़ता जाएगा, जो लाखों में भी हो सकता है।

### व्यक्तिगत गुण

इस पेशे में रुचि रखने वालों के लिए सबसे जरूरी तो यह है कि उनका व्यक्तित्व आकर्षक हो। उनमें ऐसी बात हो कि उससे उनका दोस्ताना रवैया झलके। उनके करीब आते ही सामने वाला इस बात के लिए न हिचके कि वह उनसे मदद मांगे कि नहीं। व्यक्ति ऐसे होने चाहिए कि उनसे शालीन खुलेपन की सुगंध आए। वे अपनी जिम्मेदारियों को समझें, न कि टालमटोल और दूसरों पर डालने की प्रवृत्ति के मारे हों। काम को मिलजुल कर करने का हौसला रखते हों तो क्या कहने। किसी भी मसले पर तरतीब से सोचने की क्षमता हो और प्रशासनिक दक्षता भरपूर हो। इनके अलावा स्वस्थ हों और किसी भी समय कार्य करने के लिए तत्पर हों। आत्म–विश्वास और हर काम की बारीकियों को समझने और उसे अपेक्षानुसार करने का गांभीर्य भी होना चाहिए उन सबमें, जो इस स्वागत सत्कार के संसार में अपनी पहचान बनाने की हिम्मत रखते हों। बताने की जरूरत नहीं कि होटल में आने वाला हर गेस्ट खास होता है। लिहाजा उसकी हर बात को गंभीरता से लेना होता है और उसे समझदारी से संभालना होता है। काम के दबाव में भी आपके चेहरे पर मुस्कान होनी चाहिए, ऐसा इंडस्ट्री के पंडित कहते हैं। यदि ऐसा कुछ आप में है तो कोई वजह नहीं कि कोई आपको नकार दे।



## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन की चपेट में आकर दो की मौत

**कुरसेला (कटिहार)।** कटिहार-बरौनी रेलखंड के कुरसेला बखरी के बीच दो अलग-अलग स्थानों पर मंगलवार रात ट्रेन से कटकर दो लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में एक की पहचान रेल कर्मी के रूप में हुई है जबकि दूसरे की पहचान अबतक नहीं हो सकी है। रात्री में ट्रैक पर पेट्रोलिंग के दौरान रेलकर्मी ट्रेन की चपेट में आ गये। मृतक रेलकर्मी प्रमोद कुमार नंदी (56) भागलपुर जिले के नारायणपुर का निवासी है।

### हथियार के साथ सात युवक गिरफ्तार

**हरसिद्धि (पूचं)।** थाना क्षेत्र के पन्नापुर पंचायत के योगिया गांव में स्थानीय पुलिस ने छापेमारी कर दो हथियार के साथ सात अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। हथियार के साथ एक युवक का वीडियो वायरल हुआ था। मंगलवार की रात्रि में पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा संज्ञान लिया गया। वायरल वीडियो के निशानदेही पर एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, 315 बोर का एक गोली, 765 बोर की एक गोली व चार मोबाइल को बरामद किया गया।

### डायन के आरोप में वृद्ध महिला को पिलाया मैला

**कसबा (पूर्णिया)।** हादसे में एक युवक की मौत को लेकर डायन का आरोप लगाते एक बुजुर्ग महिला को जबरन मैला पिलाने का मामला सामने आया है। इस दौरान पीड़िता को बेरहमी से पीटते हुए बाल पकड़कर सड़क पर घसीटा भी गया। कसबा थानाक्षेत्र के संझेली पंचायत में यह घटना हुई। इस मामले में पुलिस ने महिला आरोपित को हिरासत में लिया है। कसबा थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनबी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। महिला को प्रताड़ित करने वाले को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# गरीब व एससी-एसटी की तरक्की के लिए काम करते रहेंगे : नीतीश

संवाददाता, पटना



**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने कहा है कि गरीब तबके के उत्थान के लिए जो भी जरूरतें होंगी, उस पर काम करेंगे। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम करते रहेंगे। केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से भी राज्य के विकास के लिए पूरा सहयोग मिल रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में आयोजित विकास मित्रों के क्षमतावर्द्धन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रविदास और भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेदकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हम यात्रा में सभी जगह घूमकर लोगों से मिल रहे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ उन्हें किस प्रकार मिल रहा है, इस बारे में भी बातचीत कर रहे हैं। हमने अधिकारियों से कहा है कि जो भी समस्याएं लोग बताते हैं, उसका त्वरित समाधान करें। लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसके लिए हमलोग काम कर रहे हैं। हमलोगों के सरकार में आने के पहले क्या स्थिति थी, सभी लोग जानते हैं। अब लोग देर रात तक घूम फिर रहे हैं और अपना कारोबार कर रहे हैं।

### चलायी जा रहीं कई महत्वपूर्ण योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलायी जा रही हैं। वर्ष 2018 में एससी-एसटी वर्ग के युवक एवं युवतियों के रोजगार को लेकर 'उद्यमी योजना' की शुरुआत की गयी। इस योजना के तहत उद्योग लगाने के लिए 10 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है। इसमें पांच लाख रुपये का अनुदान और पांच लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण के रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है। इस वर्ग के युवक और युवतियों को 'सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना' का लाभ मिल रहा है। 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना' की शुरुआत की गयी है।

# महाकुंभ से लौट रहा पिकअप ट्रक से टकराया, दो की मौत



**शिवसागर/ सासाराम।** शिवसागर थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर स्थित अऊआ गेट के समीप बुधवार की अहले सुबह करीब पांच बजे प्रयागराज से पश्चिम बंगाल जा रहा पिकअप ने सड़क किनारे खड़ा ट्रक पर पीछे से टक्कर मार दी। इसमें दो महिलाओं की मौत हो गयी। वहीं, आठ लोग घायल हो गये। मृत महिला की पहचान पश्चिम बंगाल राज्य के 24 परगना जिले के देगंगा थाना क्षेत्र के कोलापुर गांव निवासी उज्जवल दास की 43 वर्षीया पत्नी इंदु दास व टीटू चक्रवर्ती की 40 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी चक्रवर्ती के रूप में की गयी है। इसके साथ घायलों में उज्जवल दास, उज्जवल दास की 15 वर्षीय बेटी तृषा दास, गोविंद बनर्जी के 32 वर्षिय पुत्र पल्लव बनर्जी, चंद्र घोष के 45 वर्षीय पुत्र रंजन घोष, राजन घोष का 13 वर्षिय पुत्र रोहन घोष व टिटू चक्रवर्ती, चालक अंसार अली व उमर फारूक शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से कुंभ स्नान के लिए एक पिकअप रजिस्ट्रेशन नंबर डब्यूबी 25 एल 0249 पिकअप से महाकुंभ गये हुए थे। महाकुंभ से लौटने पश्चिम बंगाल लौट रहे थे। तभी शिवसागर थाना क्षेत्र के अऊआ गेट के समीप पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर ही दो महिला की मौत हो गयी और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद सूचना पर पहुंचे एनएचएआइ के कर्मी एवं स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां सभी का इलाज चल रहा है।

## पेज एक का शेष

### भारत से पिनाका...

राष्ट्रपति मैक्रों आखिरी बार भारत 26 जनवरी 2024 को 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आए थे। पीएम मोदी के दौरे की 7 बड़ी बातें

- **पीएम मोदी और मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार की जरूरत पर जोर दिया। सुरक्षा परिषद के मामलों सहित विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर निकटता से समन्वय करने पर सहमति व्यक्त की।**
- **फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए फ्रांस के दृढ़ समर्थन को दोहराया। दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए अपनी सुदृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।**
- **पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के राजनीतिक क्षेत्रों में सहयोग की भी समीक्षा की। इसके अलावा प्रौद्योगिकी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया।**
- **राष्ट्रपति मैक्रों ने मारसेई के पास तटीय शहर कैसिस में प्रधानमंत्री के सम्मान में रात्रिभोज का भी आयोजन किया। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति मैक्रों को भारत आने का निमंत्रण दिया है।**
- **भारत और फ्रांस ने त्रिकोणीय विकास सहयोग पर एक संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने मारसेई में भारतीय वाणिज्य दूतावास का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।**
- **पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मैक्रों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता भी की।यह पीएम मोदी की फ्रांस की छठी यात्रा है।**
- **मैक्रों की जनवरी 2024 में भारत के 75 वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में भारत यात्रा करने के बाद हो रही है।**

### प्रधानमंत्री मोदी के विदेश दौरे के दौरान 'धमकी' देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मुंबई पुलिस ने बुधवार को जानकारी देते हुए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक विदेश दौरे से पहले उनके विमान पर आतंकी हमले की धमकी देने के मामले में मुंबई के चेंबूर इलाके से एक शख्स को हिरासत में ले लिया है। धमकी भरे कॉल पर घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क करते हुए जांच शुरू कर दी थी।

मुंबई पुलिस ने कहा, "11 फरवरी (मंगलवार) को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आई, जिसमें यह धमकी दी गई थी कि आतंकवादी आधिकारिक विदेश दौरे पर जाने वाले प्रधानमंत्री मोदी के विमान पर हमला कर सकते हैं। धमकी भरे फोन कॉल की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अन्य जांच एजेंसियों को सूचित किया और जांच शुरू की।" पुलिस ने बताया, "धमकी भरे कॉल करने वाले शख्स को चेंबूर इलाके से हिरासत में लिया गया है। वह मानसिक रूप से बीमार है।"

**कॉल करने वाला शख्स मानसिक रोगी :** हालांकि, पुलिस की ओर से की गई जांच में यह बात सामने आई है कि इसी नंबर से मुंबई कंट्रोल रूम को अब तक कुल 1,414 धमकी भरे कॉल किए जा चुके हैं। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस तरह का कॉल करने वाला व्यक्ति मानसिक रूप से बीमार हो सकता है, फिर भी पुलिस पूरी सतर्कता बरतते हुए मामले की गहराई से जांच कर रही है। पीएम मोदी इस समय फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर हैं।

### रांची: तमाड़ में...

आते ही उन्होंने सबसे पहले सेंटर का दरवाजा बंद कर दिया। फिर उनके साथ मारपीट करते हुए काउंटर में रखे करीब पांच लाख रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गए।

**पुलिस के पहुंचने से फरार हो गए अपराधी :** संचालक ने अपराधियों के भागने के बाद वह तुरंत तमाड़ थाना पहुंचे और पुलिस को मामले की पूरी जानकारी दी। हालांकि जब तक पुलिस की टीम मौके पर पहुंचती, तीनों अपराधी फरार हो चुके थे। मामले में शिवचरण के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई है।

**पुलिस ने की सीसीटीवी फुटेज की जांच :** पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस की टीम जल्द ही अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### लोकसभा में आज...

**सुन्नी सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक्फ की जमीन अतिक्रमण के इतने मामले :** उत्तर प्रदेश में शिया सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक्फ की 96 जमीनों पर अतिक्रमण के मामले सामने आए हैं। वहां कोई केस नहीं चल रहा है। वहीं यूपी सुन्नी सेंट्रल बोर्ड ऑफ वक्फ की जमीन पर 2133 अतिक्रमण के मामले हैं और वहां 146 केस चल रहे हैं। वक्फ के नाम पर सरकारी जमीनें कब्जाने में प्रदेश में अयोध्या, शाहजहांपुर, रामपुर,जौनपुर और बरेली जिले सबसे आगे हैं। इनमें से प्रत्येक जिले में वक्फ बोर्ड दो हजार या उससे ज्यादा संपत्तियों पर अपना दावा कर रहे हैं। वहीं, अंडमान और निकोबार में 7 अतिक्रमण के मामले वक्फ की संपत्तियां पर हैं, जिसे लेकर केस भी दर्ज हैं। आंध्र प्रदेश में वक्फ की जमीन पर अतिक्रमण का 1802 मामले हैं, जिनमें से 844 मामले ट्रिब्यूनल में चल रहे हैं। वहीं, असम में अतिक्रमण का सिर्फ़ एक मामला है। जबकि अतिक्रमण से संबंधित 21 केस चल रहे हैं। बिहार में शिया और सुन्नी वक्फ संपत्ति के अतिक्रमण के 243 मामले हैं, जबकि 206 मामले ट्रिब्यूनल में चल रहे हैं। इसके अलावा अन्य राज्यों में भी ऐसे मामले हैं, जहां जमीनों पर कब्जा है और कई जगह केस चल रहे हैं।

**केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन बिल में इस बात का रखा है ख्याल :** दरअसल, वक्फ की जमीन पर अतिक्रमण, कब्जा और दुरुपयोग के मामले लगातार चर्चा में रहते हैं। मुस्लिम वर्ग के अंदर से कई बार ये प्रश्न उठता रहा है कि मुतलवी की सहायता से वक्फ की जमीन पर समाज के रसूखदार लोग, नेता, अधिकारी वगैरह अनाधिकार अतिक्रमण करते रहते हैं। केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन बिल में इस बात का ख्याल भी रखा है कि वक्फ की जमीन पर अतिक्रमण के मामले को कैसे रोका जाए। वक्फ संशोधन विधेयक पर बनी जेपीसी ने लोकसभा अध्यक्ष को जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें ये बताया है कि एएसआई द्वारा संरक्षित देशभर मंत 280 स्मारक स्थलों पर वक्फ ने अपना दावा ठोका है। इसे लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। दिल्ली में केंद्र सरकार के अंतर्गत एएसआई के 75 मोनूमेंट को भी वक्फ ने अपनी संपत्ति बताया है।

### झारखंड : राज्य...

**पथ निर्माण विभाग के तत्कालीन संयुक्त सचिव पर टेंडर में गड़बड़ी का आरोप :** राज्य सरकार ने पथ निर्माण विभाग के तत्कालीन संयुक्त सचिव सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार संजय कुमार प्रसाद के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। उन पर रांची में पदस्थापन के दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग संहिता, 2012 के नियम 183(A) का उल्लंघन करने का आरोप है।

यह भी आरोप है कि संजय कुमार प्रसाद ने विभागीय निविदा समिति के सदस्य के रूप में निविदित दर से 10 प्रतिशत से अधिक नीचे तक कोट किए गए निविदाओं को एल वन मानते हुए निविदा आबंटित किया। यह मामला प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित पाया गया है, जिसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

**कृषि विभाग के तत्कालीन अंडर सेक्रेट्री पर बिना अनुमति अनुपस्थित रहने का आरोप :** इसी तरह कृषि विभाग के तत्कालीन अंडर सेक्रेट्री अनिल कुमार सिंह पर अनाधिकृत रूप से (बिना अनुमति के) अनुपस्थित रहने का आरोप है। सरकार ने इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा वंशीधर नगर पंचायत गढ़वा के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के खिलाफ राज्य सरकार ने विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया है। इनके खिलाफ बंशीधरनगर नगर पंचायत में सोलर लाइट अधिष्ठापन और फोगिंग मशीन क्रय में अनियमितता का आरोप है। आरोप यह है कि ये उपकरण वास्तविक मूल्य से ज्यादा पर खरीद की गयी है।

**नामकुम के तत्कालीन सीओ को निंदन की सजा :** नामकुम के तत्कालीन सीओ मनोज कुमार के खिलाफ जन सूचता पदाधिकारी के रूप में आवेदक को शपथ पत्र उपलब्ध नहीं करवाने और आयोग के समक्ष अपना पक्ष नहीं रखने के आरोप में निंदन की सजा दी गयी है। बता दें कि निंदन की सज़ा के तहत, कर्मचारी की प्रोन्नति रोक दी जाती है। यह सजा, कर्मचारी की सर्विस बुक में दर्ज की जाती है।

### बजट सत्र के...

**24 फरवरी से बजट सत्र शुरू होगा, 3 मार्च को पेश होगा मुख्य बजट :** यह सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलेगा। पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण और नए सदस्यों के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम है। इसके बाद 25 और 27 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद होगा। 28 फरवरी को सरकार तीसरा अनुपूरक बजट पेश करेगी और 3 मार्च को आगामी वित्तीय वर्ष का बजट पेश किया जाएगा।

**18 फरवरी को झारखंड सरकारी की कैबिनेट की बैठक :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में अगले मंगलवार 18 फरवरी को कैबिनेट की बैठक होगी, जिसमें बजट सत्र से संबंधित कई प्रस्ताव लाए जाने की तैयारी है। झारखंड सरकार अन्य खनिज बहुल राज्यों के समतुल्य सेस वसूलने की तैयारी में है। राज्यों से रिपोर्ट मंगा ली गई है और खान विभाग इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार कर रहा है। खनिज धारित भूमि पर सेस की दर बढ़ाने से संबंधित प्रस्ताव कैबिनेट की बैठक में आ सकता है। पूर्व की दर से 12.5 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा सड़कों से जुड़ी कई परियोजनाओं के लिए भी राज्य सरकार दर बढ़ाने की तैयारी में है। बैठक में तीन दर्जन प्रस्ताव पर चर्चा होने की उम्मीद है।

### लातेहार में...

गिरफ्तार उग्रवादी अर्जुन के पास से एक ऑटोमेटिक पिस्टल 5 जिंदा गोली समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। अर्जुन लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के बरियातू गांव का रहने वाला है। दरअसल, लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी का उग्रवादी अर्जुन सिंह मनिका थाना क्षेत्र के सनगड़वा के पास भ्रमणशील है और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है।

सूचना मिलने के बाद एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी शशि कुमार ने पुलिस टीम के साथ आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की। हालांकि पुलिस को देखकर अर्जुन सिंह ने भागने का प्रयास किया, परंतु पुलिस की टीम ने उसे चारों ओर से घेर कर पकड़ लिया। जब उसकी छानबीन की गई तो उसके पास से एक ऑटोमेटिक पिस्टल और पांच गोलियां बरामद हुईं।

### राम मंदिर के...

पीजीआई निदेशक डॉक्टर आरके धीमान के मुताबिक, डॉक्टरों की निगरानी में लगातार उनका इलाज चल रहा था। ब्रेन स्ट्रोक के अलावा सत्येंद्र दास को कई अन्य बीमारियां भी थीं। काफी प्रयास के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कुछ दिन पहले पहुंचकर उनका कुशलक्षेम पूछा था।

**रामनगरी में शोक की लहर :** राम मंदिर ट्रस्ट ने सत्येंद्र दास के निधन पर शोक जताया है। रामनगरी के मठ मंदिरों में भी शोक की लहर है। बीते दिनों स्वास्थ्य खराब होने के बाद पीजीआई में भर्ती कराए गए थे। लखनऊ पीजीआई में उनका इलाज चल रहा था। राम मंदिर ट्रस्ट ने आचार्य सत्येंद्र दास के निधन की पुष्टि की है। बुधवार को माघ पूर्णिमा के पवित्र दिन सुबह सात बजे के लगभग श्री रामजन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास महाराज ने पीजीआई, लखनऊ में अंतिम सांस ली। वे वर्ष 1993 से श्रीरामलला की पूजा कर रहे थे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय और मंदिर व्यवस्था से जुड़े अन्य लोगों ने मुख्य अर्चक के देहावसान पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### रांची लाया गया...

इसके बाद पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव हजारीबाग भेजा जाएगा, जहां गुरुवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**गश्त के दौरान हुआ विस्फोट :** कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी उन दो जवानों में शामिल थे, जो जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद हुए। यह धमाका मंगलवार दोपहर 3:50 बजे जम्मू जिले के भट्टल इलाके में एक अग्रिम चौकी के पास हुआ, जब भारतीय जवान गश्त कर रहे थे। इस हमले में एक अन्य जवान घायल भी हुआ।

### एडहॉक टीचर्स की...

**निदेशक ने विश्वविद्यालयों से क्या कहा :** निदेशक ने विश्वविद्यालयों से कहा है कि विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत कॉलेजों में आवश्यकता आधारित शिक्षकों की नियुक्ति के निर्देश निदेशालय द्वारा 22 फरवरी 2024 को दिए गए थे। बताया जाता है कि इस क्रम में रांची विश्वविद्यालय एवं इसके अंगीभूत कॉलेजों में चल रही नियुक्ति प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार के लिए तैयार मेधा सूची में गड़बड़ी की शिकायत विभिन्न मीडिया माध्यमों से मिली थी।

हालांकि, निदेशक ने अपने पत्र में कहा है कि रांची विश्वविद्यालय में चल रही नियुक्ति प्रक्रिया में कई कठिनाइयां सामने आने की बात आ रही थी। साक्षात्कार के लिए तैयार मेधा सूची में झारखंड का उचित प्रतिनिधित्व नहीं है, जिससे अभ्यर्थियों में भ्रम एवं असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

**निदेशक ने मांगी कार्रवाई की रिपोर्ट :** इसके निराकरण के लिए संपूर्ण मामले की समीक्षा आवश्यक है, इसलिए आवश्यक आधारित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति को लेकर 22 फरवरी 2024 को दिए गए निर्देश के तहत की जा रही सभी कार्रवाई स्थगित की जाए। निदेशक ने की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी मांगी है।

**इन विश्वविद्यालयों को लिखा पत्र :** जिन विश्वविद्यालयों को पत्र लिखा गया है, उनमें रांची विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, सिदो कान्हू विश्वविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय, झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय तथा जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय सम्मिलित हैं।

### झारखंड पुलिस के...

इसके अलावा पुरुषोत्तम कुमार सिंह (बाघमारा), कुमार वेंकटेश्वर रमण (डीएसपी सिटी रांची), प्रमोद कुमार केशरी (यातायात रांची), संदीप कुमार गुप्ता (आइआरबी-4 लातेहार)। विकास चंद्र श्रीवास्तव (अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय), सुमित कुमार (सीसीआर, धनबाद), राजा कुमार मित्रा (जैप-5, देवघर), राज किशोर (विशेष शाखा, सीएम सुरक्षा), अजीत कुमार विमल (बरही), चंदन कुमार वत्स (मुख्यालय, रामगढ़), ज्ञान रंजन (झारखंड जगुआर), कौशर अली (मुख्यालय-2, गिरिडीह), अमर कुमार पांडेय (मुख्यालय-1, रांची), मनोज कुमार महतो (नाला, जामताड़ा)।रनवीर सिंह (मुख्यालय, सिमडेगा), मनोज कुमार झा (लेस्लीगंज, पांकी), अभिषेक कुमार (विशेष शाखा, एसआइबी), धीरेंद्र नारायण बंका (मुख्यालय-2, धनबाद), ओम प्रकाश तिवारी (जैप-2, टाटीसिल्वे), सुदर्शन कुमार आस्तिक (एसीबी), संजय कुमार-1 (एटीएस), विजय कुमार महतो (दुमका)। संजीव कुमार बेसरा (सदर, रांची), अजय केरकेट्टा (किरीबुरू), जयदीप लकड़ा (मनोहरपुर), जीतवाहन उरांव (गिरिडीह), दिलीप खलखो (जैप-10, होटवार), सुनील कुमार रजवार (झारखंड जगुआर), आनंद ज्योति मिंज (झारखंड जगुआर), समीर कुमार सवैयां (सरायकेला), श्रद्धा केरकेट्टा (लोहरदगा) व दीपक कुमार-2 (झारखंड जगुआर) को भी प्रोन्नति दी गयी हैं।

### महाकुंभ में माघ पूर्णिमा...

ड्यूटी पर तैनात सिपाही अमित कुमार सिंह से मारपीट, गाली-गलौज की। सोने की चेन छीनी। सिपाही की तहरीर पर सन्नी निषाद, रितेश, पिंटू चौधरी और 15 अज्ञात नाविकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। सिपाही ने आरोप लगाया कि नाविक भीड़ की शक्ल में आए। जान से मारने की धमकी दी। महाकुंभ मेला के थाना कोतवाली परेड में एफआईआर दर्ज की गई है।

**रेल मंत्री ने देर रात वॉर रूम से की मॉनिटरिंग :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड के वॉर रूम से गाड़ियों की मॉनिटरिंग की। रात 9 बजे औचक निरीक्षण पर पहुंचे। अधिकारियों से कहा- महाकुंभ के श्रद्धालुओं को पूरी सुविधा दी जाए। स्पेशल गाड़ियों का लगातार संचालन किया जाए।

**माघ पूर्णिमा पर शाम 6 बजे तक चलीं 230 ट्रेनें :** श्रद्धालुओं को प्रयागराज में लाने और उन्हें उनके गंतव्य स्टेशन तक पहुंचाने के लिए प्रयागराज रेलवे ने कई ट्रेनें चलाईं। प्रयागराज रेलवे के सीनियर पीआरओ अमित मालवीय ने बताया- शाम 6 बजे तक 122 स्पेशल ट्रेनों के साथ लगभग 230 ट्रेनों का संचालन किया है। इसमें से केवल प्रयागराज जंक्शन से लगभग 74 मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। इसके अलावा प्रयागराज के सभी स्टेशनों से आउटवर्ड मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ नियमित ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

**13 से 15 फरवरी तक 8वीं तक के स्कूल बंद :** महाकुंभ की भीड़ को देखते हुए 13 से 15 फरवरी तक प्रयागराज में 8वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। लेकिन, पढ़ाई ऑनलाइन होगी। टीचर स्कूल से जुड़े अन्य कामों के लिए स्कूल आएंगे। यह आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी की ओर से जारी किया गया है।

**महाकुंभ में लाउडस्पीकर पर रोक लगाने की मांग खारिज :** महाकुंभ क्षेत्र में लगाए गए लाउडस्पीकरों पर रोक लगाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा- अनाउंस के लिए लगाए गए लाउडस्पीकरों की कुछ तस्वीरें रिकॉर्ड पर प्रस्तुत की गई हैं। ऐसी कोई सामग्री पेश नहीं की गई है, जिससे यह पता चले कि लाउडस्पीकर नियमों के विपरीत शोर पैदा कर रहे हैं। यह आदेश चीफ जस्टिस अरुण भंसाली और जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने दिया। उत्तराखंड के ब्रह्माचारी दयानंद और एक अन्य ने जनहित याचिका दाखिल की थी।

**एनडीआरएफ ने डूब रहे 2 लोगों को बचाया :** आज संगम में डूब रहे 2 श्रद्धालुओं 39 साल के अवधेश कुमार पटेल और 40 साल के श्याम नारायण को एनडीआरएफ ने बचा लिया।

### सुबह 4 बजे से ही वॉर रूम में डटे रहे सीएम योगी



- **मुख्यमंत्री स्नान पर्व पर पल-पल लेते रहे अपडेट**

**उत्तर प्रदेश।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माघ पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व के अवसर पर प्रयागराज में व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए प्रातः 4 बजे से ही अपने सरकारी आवास 5 कालिदास मार्ग स्थित वॉर रूम में बैठक की। वॉर रूम में वह डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों के साथ लगातार टीवी पर अपडेट लेते रहे और आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहे।

**वॉर रूम में मुख्यमंत्री की सक्रिय निगरानी :** मुख्यमंत्री ने माघ पूर्णिमा स्नान पर्व के इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान की जाए। वह टीवी पर महाकुंभ नगर समेत समस्त प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भीड़, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और सुविधाओं की लाइव फीड देखते रहे।

**अधिकारियों को निर्देश :** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्नान स्थल पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करें। साथ ही, उन्होंने आस्था के इस महान पर्व पर प्रशासन की तत्परता को बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि करोड़ों श्रद्धालुओं को बिना किसी समस्या के त्रिवेणी संगम में स्नान का लाभ मिल सके। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर समस्त श्रद्धालुओं और प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दीं।

## विविध

### 1984 सिख विरोधी दंगे मामले में सज्जन कुमार दोषी करार

- **राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला, सजा पर बहस 18 फरवरी को**



**नई दिल्ली।** 84 सिख दंगा के दौरान सरस्वती विहार में हुए पिता-पुत्र की हत्या के मामले में पूर्व कांग्रेसी नेता सज्जन कुमार को दोषी करार दिया गया। राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने बुधवार को सज्जन कुमार की मौजूदगी में फैसला सुनाया। सज्जन कुमार को तिहाड़ जेल से अदालत में लाया गया था। कुमार साल 2018 से जेल में बंद है। अदालत ने मामले में सजा पर बहस के लिए 18 फरवरी की तारीख तय की है। वर्ष 2021 में सज्जन कुमार के खिलाफ धारा 302, 147, 148, 149, 308, 323, 395 के अलावा अन्य आरोप तय किए गए थे।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, 1 नवंबर 1984 को पश्चिमी दिल्ली के राज नगर निवासी एस जसवंत सिंह और उनके बेटे एस तरुण दीप सिंह की सज्जन कुमार के नेतृत्व में हजारों लोगों की भीड़ ने हत्या कर दी थी। मामले में पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) शिकायतकर्ता के 9 सितंबर, 1985 के हलफनामे के आधार पर दर्ज की गई थी, जिसकी पहचान छुपाई गई थी। 2015 में गृह मंत्रालय (एमएचए) ने 1984 के दंगों के मामलों की फिर से जांच करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया, जिसके बाद मामले में शिकायतकर्ता ने 23 नवंबर, 2016 को अपना बयान दर्ज कराया।

सज्जन को इस मामले में 6 अप्रैल, 2021 को गिरफ्तार किया गया था, जब वह 1984 के दंगों से संबंधित एक अन्य मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि कुमार एक भीड़ का नेतृत्व कर रहे थे और उन्होंने गैरकानूनी सभा को बड़े पैमाने पर दंगा, आगजनी और लूटपाट के लिए उकसाया। वर्तमान मामले के अलावा दो अन्य मामलों में ट्रायल कोर्ट की तरफ से उन्हें बरी किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में मामला लंबित है।

बता दें सिख विरोधी हिंसा और उसके बाद की घटनाओं की जांच के लिए गठित नानावटी आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, दंगों के संबंध में दिल्ली में 587 एफआईआर दर्ज की गई थीं, जिसमें 2733 लोगों की हत्या हुई थी। कुल में से लगभग 240 एफआईआर को पुलिस ने अज्ञात बताकर बंद कर दिया और 250 मामलों में आरोपी बरी हो गए। 587 एफआईआर में से केवल 28 मामलों में ही दोषसिद्धि हुई, जिनमें लगभग 400 लोगों को दोषी ठहराया गया। सज्जन कुमार सहित लगभग 50 लोगों को हत्या के लिए दोषी ठहराया गया। वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी की विभिन्न अदालतों में लगभग 20 मामले लंबित हैं।

# दुनिया के सबसे भ्रष्ट देशों की सूची जारी, भारत में बढ़ा भ्रष्टाचार का स्तर

## पाकिस्तान की रैंक 135वीं,तो श्रीलंका 121वें स्थान पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने 2024 का भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) जारी किया है, जिसमें दुनिया भर के 180 देशों और क्षेत्रों को भ्रष्टाचार के स्तर पर रैंक दी गई है। यह रिपोर्ट देशों को 0 से लेकर 100 अंक के बीच रैंक देती है। 0 अंक वाले देश सबसे भ्रष्ट माने जाते हैं, जबकि 100 अंक वाले देश को पूरी तरह पारदर्शी माना जाता है। 2024 में भारत की रैंकिंग 96वें स्थान पर थी, जो कि 2023 की तुलना में तीन स्थान नीचे है। भारत को इस साल 100 में से 38 अंक मिले हैं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 39 था। 2022 में भारत को 40 अंक मिले थे, जिसका मतलब है कि भारत में पिछले कुछ सालों में भ्रष्टाचार के स्तर में मामूली वृद्धि हुई है। 2024 की इस रैंकिंग में भारत का प्रदर्शन कमजोर रहा है, इससे पता चलता है कि भ्रष्टाचार की समस्या देश में अभी भी गंभीर है।

भारत के पड़ोसी देशों की स्थिति भी निराशाजनक है। पाकिस्तान की रैंक 135वीं है, जो कि बेहद खराब स्थिति है। श्रीलंका 121वें स्थान पर है, जो राजनीतिक और आर्थिक संकटों के कारण भ्रष्टाचार के उच्च स्तर को दर्शाता है। वहीं, बांग्लादेश भी निचे है, जो 149वीं रैंक पर है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि दक्षिण एशिया के देशों में भ्रष्टाचार की समस्या बहुत गंभीर बनी हुई है। चीन इस साल 76वां पर है, जो कि कुछ हद तक बेहतर है। चीन में भ्रष्टाचार के खिलाफ कुछ कदम उठाए गए हैं, लेकिन फिर भी यह समस्या पूरी तरह से हल नहीं हो पाई है।

2024 के सीपीआई में यह देखा गया है कि भ्रष्टाचार की समस्या वैश्विक स्तर पर बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक दो तिहाई से ज्यादा देशों को 100 में से 50 से कम अंक मिले हैं, जिससे यह साफ होता है कि भ्रष्टाचार एक बड़ी वैश्विक चुनौती है। वैश्विक औसत भी 43 अंक पर स्थिर है, जो पिछले कई सालों से बना हुआ है। इस स्थिति का असर दुनिया के करोड़ों लोगों पर पड़ रहा है, क्योंकि भ्रष्टाचार मानव अधिकारों को कमजोर कर रहा है और विकास को प्रभावित कर रहा है।

रिपोर्ट में एक और अहम बिंदु पर ध्यान दिया गया है, और वह है वैश्विक हीटिंग। दुनिया भर में भ्रष्टाचार के कारण देशों में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने और पर्यावरणीय संकटों से निपटने के लिए जरूरी कदमों को अमल में नहीं लाया जा रहा है। यह स्थिति वैश्विक तापमान वृद्धि और पर्यावरणीय असंतुलन को बढ़ावा दे रही है, जो कि दुनिया के लिए बड़ा खतरा है।

2024 की रैंकिंग में डेनमार्क को सबसे अधिक अंक प्राप्त हुए हैं यानी वह सबसे पारदर्शी देश है। इसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं। ये देश भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त उपायों और पारदर्शिता के कारण शीर्ष स्थान पर रहे हैं। वहीं, सबसे खराब स्थिति वाले देशों में सोमालिया, दक्षिण सूडान और




सीरिया शामिल हैं, जिनकी रैंकिंग सबसे नीचे है।

भारत की रैंकिंग में गिरावट यह दर्शाती है कि देश में भ्रष्टाचार पर काबू पाने के लिए अभी और प्रयास करने की जरुरत है। सरकारी नीतियों में पारदर्शिता, जवाबदेही और कड़ी निगरानी करना जरुरी है ताकि लोगों का विश्वास बढ़े और भ्रष्टाचार की समस्या को समाप्त किया जा सके।

## निशांत के राजनीति में आने का विरोध शुरू, कांग्रेस ने पोस्टर लगाकर कहा, राजा के बेटा राजा नहीं बनेगा




पटना । बिहार में सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री की चर्चा के बीच विरोध भी शुरू हो गया है। कांग्रेस ने पटना में बीजेपी दफ्तर के बाहर पोस्टर लगवाया है। इस पोस्टर में लिखा गया है कि राजा के बेटा राजा नहीं बनेगा। पोस्टर पर एक ओर नीतीश के बेटे निशांत कुमार की तस्वीर लगी है। वहीं दूसरी ओर पोस्टर लगवाने वाले रवि गोल्डन कुमार की फोटो लगी है। निशांत की तस्वीर के नीचे तीर का निशाना है, वहीं गोल्डन कुमार के नीचे कांग्रेस पार्टी का चिन्ह है। वहीं राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा है बीजेपी अपने समर्थकों से माहौल बनवा रही है। ये पोस्टर भी वहीं लोग लगवा रहे हैं। इधर, जेडीयू और बीजेपी नेता मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। निशांत के जेडीयू में आने की चर्चा पिछले साल से ही हो रही है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कुछ नेता भी चाह रहे हैं कि वे राजनीति में आएं। हालांकि, पार्टी के बड़े नेता लगातार इस तरह की संभावनाओं को खारिज करते रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भी निशांत की राजनीति में आने की चर्चा ने जोर पकड़ा था।

## मध्यप्रदेश में आज से फिर लौटेगी सर्दी, राजस्थान में तीन दिन बाद बदलेगा मौसम

### -भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में पारा आएगा नीचे

नई दिल्ली। देश के पहाड़ी इलाकों जम्मू-कश्मीर में बीते दो दिन से बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है। इससे मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। मध्यप्रदेश में 13 फरवरी से फिर एक बार ठंड का दौर शुरु होगा। दो दिन तक पारे में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होगी। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में पारा 10 डिग्री से नीचे जा सकता है। वहीं राजस्थान में 3 दिन बाद मौसम बदलेगा। बादल छा सकते हैं। फिलहाल रात का टेम्प्रेचर बढ़ने से सर्दी में कमी आई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे में कश्मीर के कुछ इलाकों में बर्फबारी-बारिश की संभावना है। मध्यप्रदेश में 13 फरवरी से सर्दी का एक और दौर आएगा। दो दिन तक पारे में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होगी। प्रदेश के 5 बड़े शहर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में पारा 10 डिग्री से नीचे जा सकता है। अभी प्रदेश में रातें ज्यादा ठंडी नहीं है। सुबह और रात में ही हल्की ठंड पड़ रही है। वहीं राजस्थान के कई शहरों में रात में सर्दी थोड़ी कम हुई है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक 15 फरवरी तक मौसम इसी तरह का रहेगा। जबकि 16-17 फरवरी से मौसम में फिर बदलाव हो सकता है। कुछ जगह बादल छा सकते हैं। जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर के बाद अब जयपुर में भी दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ के कारण फिर मौसम बदलने जा रहा है। 14 से 16 फरवरी के बीच बूंदाबांदी के आसार हैं। इससे गर्मी से राहत मिलेगी। यमुनानगर, रोहतक, फरीदाबाद, पलवल, महेंद्रगढ़, नारनौल और गुरुग्राम सबसे गर्म रहे। वहीं हिसार में बढ़ रहे तापमान से थोड़ी राहत मिली है।

## दिल्ली पुलिस कमिश्नर पत्र लिख अमानतुल्लाह खान ने बताया : मैं भागा नहीं हूं

नई दिल्ली। दिल्ली के जामिया नगर में पुलिस टीम पर कथित रूप से हमला करने के आरोप में एफआईआर दर्ज होने के बाद आप नेता और विधायक अमानतुल्लाह खान ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है। अमानतुल्लाह ने अपने पत्र में लिखा है, मैं अपने विधानसभा क्षेत्र में हूं, मैं कहीं भागा नहीं हूं। दिल्ली पुलिस के कुछ लोग मुझे झूठे मामले में फंसा रहे हैं। जिस व्यक्ति को दिल्ली पुलिस गिरफ्तार करने आई थी, उस शख्स को पहले ही जमानत मिल चुकी है। जब उस व्यक्ति ने अपने कागजात दिखाए, तब पुलिस अपनी गलती छिपाने के लिए मुझे झूठे मामले में फंसा रही है। सीबीआई ने दिल्ली परिवहन विभाग के छह अधिकारियों को भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि आप की हार के बाद राजधानी में यह पहली बड़ी कार्रवाई है।

## महाकुंभ में ट्रेनों में बढ़ी भीड़ के चलते रेल मंत्री ने संभाली कमान, कर रहे मॉनिटरिंग

नई दिल्ली। महाकुंभ स्नान करने देशभर से श्रद्धालु अपने साधनों के अलावा ट्रेनों से पहुंच रहे हैं। भारतीय रेलवे महाकुंभ के लिए 7000 से ज्यादा ट्रेनें चला रहा है। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। हाल ही में रेल मंत्रालय में बने वार रूम की कमान स्वयं रेल मंत्री ने संभाल ली है। आखिर ऐसी वजह क्या है? रेल मंत्रालय ने प्रयागराज स्टेशनों में भीड़ को देखते हुए वार रूम बनाया है, जहां से लाइव मोनिटरिंग की जा रही है। पिछले कुछ दिनों से देश के स्टेशनों से प्रयागराज जाने वालों की भीड़ बढ़ती ही जा रही है। भीड़ बढ़ने और सोशल मीडिया में दिग्भ्रमित करने वाली खबरों को देखते हुए रेल मंत्री को स्वयं मोर्चे पर उतरना पड़ा है। वह खुद वाररूम में मोनिटरिंग कर रहे हैं। दिन में कई बार वहां जाकर खुद प्रयागराज के स्टेशनों का हाल देखते हैं और जरूरी निर्देश देते हैं। इतना ही नहीं रेल मंत्रालय रोजाना प्रयागराज से चलने वाली ट्रेनों और यात्रियों के संबंध में बुलेटिन जारी कर रहा है। महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसे ध्यान रखते हुए रेलवे कर्मचारी और अधिकारी 24 घंटे निगरानी और व्यवस्था में लगे हैं।

## योगी को मारने की धमकी देने वाले युवक ने कहा : मैं उन्हें मारकर बनना चाहता हूं डॉन

मुरैना (ईएमएस)। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के एक गांव के 20 वर्षीय युवक ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी है। घटना तब सामने आई जब युवक ने सोशल मीडिया के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के विजिलेंस विभाग का फोन नंबर पाकर कॉल कर दिया। युवक ने फोन पर अधिकारियों से कहा कि वहां सीएम योगी को मारना चाहता है, ताकि वह डॉन बन सके। युवक ने फोन पर यूपी प्रशासन के अधिकारियों से कहा कि मेरी योगी आदित्यनाथ से बात करवा दीजिए। जब अधिकारियों ने पूछा कि वह ऐसा क्यों करना चाहता है, तब युवक ने जवाब दिया, मैं उन्हें मारकर डॉन बनना चाहता हूं। धमकी की सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और एसटीएफ की दो टीमों को मुरैना भेजा। मंगलवार देर शाम जब टीम युवक के गांव पहुंची, तब उसके घर पर ताला लगा मिला। करीब 10 घंटे की तलाश के बाद युवक को पकड़ गया। युवक ने बताया कि यह सब सिर्फ मजाक में किया था। युवक ने बताया कि वह अक्सर फोन पर धमकियां देता है और कुछ ग्रामीणों ने कहा कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। दिलचस्प बात यह है कि आरोपी खुद ही थाने पहुंच गया और मुरैना पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। थाने के टीआई ने यूपी एसटीएफ के अधिकारियों को सूचित किया कि जिस युवक की तलाश थी, वह अब थाने में मौजूद है। इस घटना ने स्थानीय लोगों में भी चर्चा का विषय बना दिया है, क्योंकि कुछ ग्रामीणों ने बताया कि युवक अक्सर इसतरह फोन कॉल करता है।

## आंध्र प्रदेश में महिलाओं के लिए वर्क फ्रॉम होम का नियम लागू करेगी नायडू सरकार

**अमरावती (एजेंसी)।** देश में सप्ताह में 90 घंटे काम के बहस के बीच आंध्र प्रदेश सरकार महिलाओं के लिए वर्क फ्रॉम होम का नियम लागू करने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने इसकी घोषणा 11 फरवरी को पोस्ट में की। हालांकि सीएम नायडू ने योजना को कैसे लागू किया जाएगा, इसके लिए कोई प्लान नहीं बताया है। सीएम नायडू ने अपनी पोस्ट में सबसे पहले मैं साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं और युवतियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला और बालिका विज्ञान दिवस की बधाई देता हूं। आज हम लोग उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं। हमारी सरकार महिलाओं को इन क्षेत्रों में समान मौके सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लिखा कि कोविड 19 महामारी के दौरान काम करने के तरीकों में बड़ा बदलाव आया है। तकनीकी के कारण वर्क फ्रॉम होम करना आसान हो गया है।

रिमोट वर्क, कोवर्किंग स्पेस (सीडब्ल्यूएस) और नेबरहुड वर्कस्पेस (एनडब्ल्यूएस) जैसी व्यवस्थाएं बिजनेस और काम करने वाले लोगों को अधिक बेहतर साबित होगा। साथ ही इससे काम की उत्पादकता भी बढ़ेगी। सीएम ने कहा कि इन पहल की वजह से वर्क और लाइफ को बैलेंस करने में मदद मिलेगी। इस मीनिंग फूल बनाने के लिए राज्य सरकार योजना पर काम कर रही है। आंध्र प्रदेश आईटी और जीसीसी नीति 4.0 इस दिशा में गेम-चेंजिंग कदम है। हमारी सरकार हर शहर, कस्बे और मंडल में आईटी ऑफिस स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन दे रहे हैं। साथ ही आईटी और जीसीसी कंपनियों का समर्थन कर भी कर रहे हैं, ताकि रोजगार उत्पन्न हो सके।

## नासा ने एस्टेरॉयड 2024 वायआर 4 की पहली झलक दिखाई

**वॉशिंगटन।** हाल ही में नासा ने पृथ्वी की ओर बढ़ रहे एक खतरनाक एस्टेरॉयड 2024 वायआर 4 की पहली झलक दिखाई है। वैज्ञानिकों द्वारा वायआर 4 के 22 दिसंबर, 2032 को पृथ्वी से टकराने का खतरा बताया जा रहा है। इस एस्टेरॉयड के टकराने की संभावना 1.8 प्रतिशत से बढ़कर 2.3प्रतिशत हो गई है। इसकी चौड़ाई लगभग 300 फीट (90 मीटर) तक हो सकती है, जो एक बड़े शहर को पूरी तरह से तबाह कर सकता है। वैज्ञानिक इसे तुंगुस्का एस्टेरॉयड के समान मानते हैं, जो 1908 में साइबेरिया के तुंगुस्का इलाके में गिरा था और भारी विनाश हुआ था। 1908 के एस्टेरॉयड के विस्फोट ने 830 वर्ग मील (2,150 वर्ग किमी) का इलाका नष्ट कर दिया था। हालांकि, इसका कोई क्रेटर नहीं बना था, क्योंकि यह एस्टेरॉयड पृथ्वी के वातावरण में घुसते ही फट गया था। इससे लाखों पेड़ नष्ट हो गए थे, लेकिन कोई बड़े पैमाने पर मानव जनहानि नहीं हुई थी।



अगर 2024 वायआर 4 पृथ्वी से टकराता है, तो यह एक छोटे शहर को पूरी तरह नष्ट कर सकता है, लेकिन वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह पूरी दुनिया के लिए तबाही नहीं लाएगा। यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ईएसए)के अनुसार, यह एस्टेरॉयड 22 दिसंबर 2032 को पृथ्वी के सबसे करीब होगा, लेकिन इसका टकराना अत्यधिक संभावना से बाहर है। ईएसए ने कहा कि 99प्रतिशत संभावना है कि यह एस्टेरॉयड पृथ्वी के पास से बिना किसी नुकसान के गुजर जाएगा। हालांकि, यह टोरिनो इम्पैक्ट स्केल पर रेटिंग 3 रखता है, जो खतरे के संकेत का संकेत है। इस स्केल पर 0 से 10 तक रेटिंग होती है, जिसमें 0 का मतलब कोई खतरा नहीं और 10 का मतलब सभ्यता समाप्त होने की स्थिति होती है।

यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग के प्रोफेसर कोलिन स्नोडग्रास ने कहा कि सबसे अधिक संभावना यही है कि 2024 वायआर 4 पृथ्वी से बिना किसी नुकसान के गुजर जाएगा, लेकिन फिर भी इसे और अधिक अध्ययन की आवश्यकता है ताकि इसकी कक्षा का सही अनुमान लगाया जा सके। यदि इस एस्टेरॉयड के पृथ्वी से टकराने का खतरा बढ़ता है, तो नासा के पास इसे रोकने की रणनीतियां हैं। 2022 में नासा ने डर्ट मिशन के तहत एक अंतरिक्ष यान को जानबूझकर एक एस्टेरॉयड से टकराकर उसकी दिशा बदल दी थी। यदि 2024 वायआर 4 का खतरा बढ़ता है, तो ऐसी तकनीकों का फिर से उपयोग किया जा सकता है।

## चार साल बाद पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत ने की कांग्रेस में घर वापसी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने चार साल बाद घर वापसी करते हुए कांग्रेस में शामिल हुए है। बुधवार को मुखर्जी फिर कांग्रेस में शामिल हो गए। 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद वे तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2012 और 2014 में जंगीपुर से सांसद रहे मुखर्जी 2019 में लोकसभा चुनाव में हार गए थे। बता दें कि उनकी बहन शर्मिष्ठा मुखर्जी ने हाल में ही कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल रखा था। लेकिन अभिजीत के कांग्रेस में शामिल होने के बाद पार्टी ने राहत की सांस ली है।

65 वर्षीय अभिजीत बंगाल कांग्रेस मुख्यालय बिधान भवन में राज्य प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुए। फिर से कांग्रेस जॉइन करने के बाद उन्होंने कहा कि वह एक सिपाही के रूप में पार्टी में शामिल हुए हैं और पार्टी नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार ही काम करुंगा। प्रदेश अध्यक्ष सरकार ने कहा कि अभिजीत के कांग्रेस




जॉइन करने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

अभिजीत पेशे से एक इंजीनियर हैं। राजनीति में आने से पहले उन्होंने बड़ी कॉर्पोरेट फर्मों में काम किया। प्रणब मुखर्जी के राष्ट्रपति बनने के बाद अभिजीत 2012 के उपचुनाव में बंगाल के जंगीपुर से सांसद बने थे। 2014 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी की लहर के बाद भी उन्हें जीत मिली थी। मगर वह 2019 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के खलीलुर रहमान से हार गए। यह उनके राजनीतिक जीवन का एक बड़ा मोड़ था। 2021 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी की जीत के बाद उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। तब उन्होंने बीजेपी को रोकने का श्रेय ममता बनर्जी को देकर कांग्रेस पर उपेक्षा करने का आरोप लगाया था।

टीएमसी में भी अभिजीत संगठन या सरकार में कोई बड़ी भूमिका में दिखाई नहीं दिए। मुखर्जी अपनी विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने 2012 में निर्भया कांड के बाद देश भर में हो रहे प्रदर्शन में शामिल महिलाओं को डेंटेड एंड पेंटेड कहकर एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था। हालांकि आलोचना के बाद उन्होंने सार्वजनिक तौर से माफी भी मांगी थी।

## भारतीय सैनिकों के कथित अपमान पर राहुल गांधी तलब, अगली सुनवाई 24 मार्च को

**लखनऊ (एजेंसी)।** उप्र की राजधानी लखनऊ की एक अदालत ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कथित तौर पर भारतीय सैनिकों का कथित रुप से अपमान करने वाला बयान देने के मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी को तलब किया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम एल) आलोक वर्मा ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 मार्च की तारीख तय की है। इससे पहले सीमा सड़क संगठन के सेवानिवृत्त निदेशक (भारतीय सेना में कर्नल के समकक्ष) उदय शंकर श्रीवास्तव की ओर से अधिवक्ता विवेक तिवारी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि की याचिका दायर की थी।



अपनी याचिका में उन्होंने कहा कि 16 दिसंबर 2022 को राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो' यात्रा के दौरान मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए नौ दिसंबर (2022) को अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर भारत तथा चीनी सेना के बीच हुई झड़प का जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि राहुल ने कहा, ''लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में बहुत कुछ पूछेंगे, लेकिन चीनी सैनिकों द्वारा हमारे सैनिकों की पिटाई के बारे में एक बार भी नहीं पूछेंगे।÷ विदित हो कि नौ दिसंबर को सीमा पर चीन और भारत की सेनाओं के बीच हुए विवाद के बाद 12 दिसंबर को भारतीय सेना ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा था कि चीनी सेना भारतीय सीमा पर अतिक्रमण कर रही था, जिसका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया और इससे चीनी सेना वापस अपने इलाके में चली गई।

इसमें यह भी कहा गया था कि इस झड़प में दोनों पक्षों को मामूली चोटें आईं। परिवाद में आरोप लगाते हुए कहा गया कि राहुल गांधी के झूठे बयान से परिवादी को आघात पहुंचा है और लोग वादी के ऊपर भारतीय सेना को लेकर कटाक्ष करते हैं। अधिवक्ता ने कहा मामले में अदालत ने गांधी को तलब किया है और अगली तारीख 24 मार्च तय की है।

## पीएम मोदी लॉरेंस के भाई समेत 12 गैंगस्टरों की कुंडली ट्रंप को सौपेंगे

नई दिल्ली। अमेरिका में छिपे गैंगस्टरों की शामत आने वाली है, जो अमेरिका में बैठकर भारत में कांड करते हैं। मोदी सरकार ने उनकी कुंडली तैयार कर ली है। एक्शन का पूरा प्लान भी बन गया है। पीएम मोदी अमेरिका पहुंचेंगे तो गैंगस्टरों का काला चिट्ठा भी पहुंच जाएगा। गृह मंत्रालय के निर्देश पर भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने अमेरिका में बैठे 12 गैंगस्टरों की लिस्ट और कुंडली तैयार कर ली है। सूत्रों का कहना है कि पीएम मोदी जब अमेरिका में रहेंगे तो ट्रंप प्रशासन से यह लिस्ट शेयर की जा सकती है। अमेरिका को उन गैंगस्टरों की कुंडली से वाकिफ कराने का मकसद उन सभी पर एक्शन है। सूत्रों की मानें तो सुरक्षा एजेंसियों को उम्मीद है कि इससे सफलता मिलेगी। उन अपराधियों को भारत लाने का रास्ता भी साफ होगा। अब सवाल है कि आखिर इसमें किन-किन गैंगस्टरों के नाम हैं। भारत सरकार का यह कदम ऐसे वक्त में आया है, पिछले साल दोनों देशों के बीच एक समझौता हुआ था। पिछले साल भारत-अमेरिका के बीच एक समझौता हुआ था। उसमें दोनों देश में जो अपराधी छिपे हैं, उस पर शिकंजा कसने के लिए सहयोग की बात थी। पिछले 8 महीने से भारत और अमेरिका के सीनियर अधिकारियों के बीच इस मुद्दे पर कई अहम बैठक हो चुकी है। इस संधि के तहत भारत ने भी अमेरिका को इसी तरीके की जानकारी मुहैया करवाई है। बीते दिनों एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई थी। इस मामले के मास्टरमाइंड गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को पिछले साल नवंबर में अमेरिका में गिरफ्तार किया गया था। इमिग्रेशन अधिकारियों ने उसे फर्जी दस्तावेजों के साथ यात्रा करते हुए पाया था। वह तब से अमेरिका की जेल में है। पिछले महीने मुंबई की एक विशेष अदालत ने बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में अनमोल और दो अन्य वांछित आरोपियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था।

## दिल्ली का मुख्यमंत्री तलाशने के लिए भाजपा में मंथन, जेपी नड्डा और अमित शाह ने एक घंटे तक लगाया दिमाग, रिजल्ट शून्य

नई दिल्ली(ईएमएस)। दिल्ली की जनता ने भाजपा के हाथ में सत्ता की चाबी सौंपी है। इसका मुखिया कौन होगा ये भाजपा को तय करना है। करीब 4 दिनों से इसी पर मंथन हो रहा है लेकिन सीएम कौन होगा इसका जवाब अभी तक नहीं मिला है। बीती रात भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह के बीच करीब एक घंटे विचार विमर्श हुआ लेकिन रिजल्ट शून्य ही रहा। हालांकि ये बात अलग है कि अंदर ही अंदर पार्टी ने सीएम का नाम तय कर लिया हो। सूत्रों की मानें तो अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की इस बैठक में मुख्यमंत्री के नामों पर चर्चा हुई है। इस दौरान दोनों के बीच दिल्ली में सरकार गठन और मुख्यमंत्री के संभावित नामों पर चर्चा हुई। मीटिंग में यह बात तय हुई कि दिल्ली सरकार के गठन पर फैसला 16 फरवरी के बाद होगा। हालांकि, भाजपा के विधायक दलों की बैठक भी 16 फरवरी के बाद ही होगी। सूत्रों का यह भी कहना है कि सीएम कौन होगा, इस पर दोनों के बीच चर्चा हुई है। जिस दिन विधायक दलों की बैठक होगी, उसमें ही सदन का नेता चुना जाएगा। वही दिल्ली का नया मुख्यमंत्री होगा। सीएम की रेस में प्रवेश वर्मा,रेखा गुप्ता, शिखा राय और मोहन सिंह बिष्ट समेत कई नाम हैं। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अभी फ्रांस और अमेरिका की यात्रा पर हैं। वहां से लौटने के बाद भाजपा के विधायक दल की बैठक होने की संभावना है।

## लंदन-बैंकॉक जाने से महंगा हुआ महाकुंभ जाना, हवाई किराया आसमान पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाकुंभ में बढ़ती भीड़ और लोगों की जरुरत के चलते कंपनिया इसका फायदा उठा रही हैं। खासतौर से एयरलाइंस कंपनियां कुछ ज्यादा ही इसका फायदा उठाने की कोशिश कर रही हैं। यही वजह है कि लंदन, बैंकॉक जाने से भी ज्यादा महंगा महाकुंभ जाना हो गया है। मौजूदा समय में दिल्ली से प्रयागराज के लिए हवाई किराया 80,000 रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि लंदन की एकतरफा टिकट मात्र 3100 रुपये में मिल रही है। सामान्य दिनों में दिल्ली से प्रयागराज का हवाई किराया केवल 3,000 से 5,000 रुपये के बीच होता है। दिल?ली ही नहीं मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे अन्य प्रमुख शहरों से भी प्रयागराज जाने वाली उड़ानों के किराए में भारी उछाल देखा गया है। इन शहरों से प्रयागराज के लिए टिकट की कीमतें मुख्य स्नान पर्वों के दौरान 18,000 रुपये से 41,106 रुपये तक पहुंच गई हैं। चेन्नई से प्रयागराज की एकतरफा टिकट की कीमत हाल ही में 70,996 रुपये तक दर्ज की गई थी।

दिल्ली से प्रयागराज की हवाई यात्रा अब अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से भी महंगी हो गई है। लंदन और बैंकॉक की एकतरफा फ्लाइट टिकट की तुलना में दिल्ली से प्रयागराज की टिकट ज?यादा महंगी हो गई है। महाकुंभ के प्रमुख स्नान पर्वों जैसे मौनी अमावस्या (29 जनवरी), बसंत पंचमी (3 फरवरी), माघी पूर्णिमा (12 फरवरी) और महाशिवरात्रि (26 फरवरी) के दौरान हवाई किराए में अप्रत्याशित बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उदाहरण के लिए, 31 जनवरी को दिल्ली से प्रयागराज की एकतरफा टिकट का किराया 33,590 रुपये था, जबकि सामान्य किराया मात्र 5,000 रुपये होता है। भुवनेश्वर से प्रयागराज की उड़ान का किराया भुवनेश्वर से बैंकॉक तक की उड़ान की कीमत से चार गुना अधिक है। भुवनेश्वर से प्रयागराज की उड़ान की कीमत 39,508 है, जबकि भुवनेश्वर से बैंकॉक की उड़ान की कीमत 13,538 से शुरू है। वहीं, सामान्य दिनों में इस मार्ग के उड़ानों की कीमत तीन से चार हजार तक से शुरू हो जाती है। वहीं, महाकुंभ समाप्त होने के बाद की टिकट बहुत सस्ती मिल रही हैं। अकासा एयर की टिकट 4,000 से थोड़ी ज्यादा है तो इंडिगो 4,059-9,888 में टिकट उपलब्ध करा रही है। स्पाइसजेट 4,121-13,842 में, एयर इंडिया, 4,201-24,906 तो एलायंस एयर 5,114-5,639 में टिकट उपलब्ध करा रही है।



# गिल ने शतक ठोक बनाया रिकॉर्ड

## ऐसा करने वाले पहले भारतीय

- वह एक ही मैदान पर तीनों फॉर्मेट में शतक ठोकने वाले भारत के पहले बल्लेबाज बने



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा एक रन पर आउट हुए तो उपकप्तान ने मोर्चा संभाला और शतक ठोक दिया। शुभमन गिल ने वनडे क्रिकेट में करियर का 7वां शतक इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पूरा करने के साथ ही एक अद्भुत रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह एक ही मैदान पर हर फॉर्मेट में शतक मारने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले अहमदाबाद में गिल के नाम टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल में शतक था।

शुभमन गिल ने 95 गेंदों में शतक पूरा किया। उन्होंने 32वें ओवर की दूसरी गेंद पर मार्क वुड को चौका उड़ाते हुए तिहरे अंकों में अपना स्कोर पहुंचाया। वह पारियों के आधार पर सबसे तेज 7 वनडे शतक ठोकने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनके करियर की यह 50वीं वनडे पारी थी। गिल मैच में शुरुआत से ही लय में नजर आ रहे थे। वह एक ही मैदान पर शतक बनाने वाली लिस्ट में साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस, ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वॉर्नर, पाकिस्तान के बाबर आजम और क्विंटन डि कॉक के शामिल हो गए हैं।

### वनडे में पहली 50 पारियों के बाद सबसे ज्यादा रन

| |
|---|
| 2587+ रन- शुभमन गिल |
| 2486 रन-हाशिम अमला |
| 2386 रन- इमाम-उल-हक |
| 2262 रन- फखर जमां |
| 2247 रन: शाई होप |

### 50 वनडे पारियों के बाद सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

शुभमन गिल 50 पारियों के बाद सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के हाशिम अमला का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम 2486 रन थे। इस लिस्ट में इमाम उल हक तीसरे, फखर जमां चौथे और शाई होप 5वें नंबर पर हैं। बता दें कि मैच में गिल 102 गेंदों में 14 चौके और 3 छक्के के दम पर 112 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आदिल रशीद ने क्लीन बोल्ड किया।

### तीनों फॉर्मेट में एक ही मैदान पर शतक ठोकने वाले बल्लेबाज

| | |
|---|---|
| फाफ डु प्लेसिस | वांडरर्स, जोहानिसबर्ग |
| डेविड वॉर्नर | एडिलेड ओवल |
| बाबर आजम | नेशनल स्टेडियम, कराची |
| डि कॉक | सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन |
| शुभमन गिल | नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद |




# 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' पहल का समर्थन करने के लिए बांह पर हरी पट्टी बांधकर खेले भारत और इंग्लैंड

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड की क्रिकेट टीमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' पहल का समर्थन करने के लिए बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में बांह पर हरे रंग की पट्टी बांधकर मैदान पर उतरीं। बीसीसीआई ने यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच शुरू होने के बाद एक बयान में यह जानकारी दी।

बीसीसीआई ने कहा, 'दोनों टीम बीसीसीआई की पहल 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' का समर्थन करने के लिए बांह पर हरे रंग की पट्टी पहनकर खेल रही हैं। इस पहल की अगुवाई आईसीसी के चेयरमैन जय शाह कर रहे हैं। इस पहल की घोषणा आईसीसी के चेयरमैन और बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह ने सोमवार को की। शाह ने एक्स पर लिखा, 'भारत और इंग्लैंड के बीच 12 फरवरी को अहमदाबाद में होने वाले तीसरे एकदिवसीय के दौरान हमें एक जागरूकता पहल - अंग दान करें, जीवन बचाएं- शुरू करने पर गर्व है।

उन्होंने लिखा, 'खेल में प्रेरित करने, एकजुट करने और मैदान के बाहर भी स्थायी प्रभाव पैदा करने की शक्ति है। इस पहल के माध्यम से हम सभी से सबसे बड़ा उपहार देने की दिशा में एक कदम उठाने का आग्रह करते हैं - जीवन का उपहार। शाह ने लिखा, 'एक प्रतिज्ञा, एक निर्णय, कई लोगों की जान बचा सकता है। चलिए एक साथ आएं और बदलाव लाएं!

इस पहल का समर्थन कई भारतीय खिलाड़ियों ने किया जिनमें विराट कोहली और उप कप्तान शुभमन गिल भी शामिल हैं। कोहली ने बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा, 'सबसे बड़ा शतक बनाएं। आपके अंग दूसरों को आपके जीवनकाल के बाद भी जीने में मदद कर सकते हैं। एक अंग दाता के रूप में पंजीकरण करें और हर जीवन को महत्वपूर्ण बनाएं।

गिल ने कहा, 'जीवन के कप्तान बनें। जिस तरह एक कप्तान टीम को जीत की ओर ले जाता है, उसी तरह आप अपने अंगों को दान करने का संकल्प लेकर किसी को जीवन दे सकते हैं।

इस पहल का समर्थन करने वाले अन्य भारतीय क्रिकेटर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और केएल राहुल थे। अय्यर ने कहा, 'एक अंग दाता आठ लोगों की जान बचा सकता है। आज ही प्रतिज्ञा करें और मानवता के लिए छक्का लगाएं। राहुल ने कहा, 'सबसे बड़ा विजयी शॉट खेलें। अपने अंग दान करने का आपका फैसला किसी के जीवन में मैच जीतने वाला पल हो सकता है। मैदान के बाहर भी हीरो बनें।

# कोहली ने 451 दिन के बाद वनडे में जड़ी फिफ्टी



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय टीम के चाहने वालों के लिए आज का दिन मिला जुला रहा। एक ओर कटक में शतक जड़कर फॉर्म में वापसी का संकेत देने वाले टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी मैच में सिर्फ एक रन पर आउट हुए तो पूर्व कप्तान विराट कोहली ने 451 दिन बाद वनडे क्रिकेट में अर्धशतक जड़ने के बाद बड़े ही आसानी से अपना विकेट गंवा दिया। वह कटक वनडे की तरह ही आदिल रशीद की गेंद पर विकेट के पीछे आउट हुए। पवेलियन लौटते हुए विराट कोहली के चेहरे पर निराशा थी, क्योंकि बुधवार को वह पुराने अंदाज में दिख रहे थे।

आदिल रशीद ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद स्टंप के करीब शानदार फ्लाइटेड डिलीवरी की थी। गेंद मिडिल और लेग के आसपास पिच हुई, इसलिए विराट खेलने के लिए मजबूर हुए। बेहतरीन ड्रिफ्ट इन और फिर थोड़ा या टर्न अवे, हल्का बाहरी किनारा और गेंद सीधे साल्ट के पास गई... विकेट के पीछे मुस्तैद साल्ट ने कोई गलती नहीं की। गेंद निकलते ही विराट कोहली को अंदाजा हो गया था कि वह आउट हैं। उन्होंने अंपायर के इशारे इंतजार नहीं किया।इस तरह से आदिल रशीद ने वनडे में 5वीं बार विराट कोहली को आउट किया। उन्होंने पिछले मैच में भी इसी तरह से उन्हें आउट किया था। विराट कोहली की पारी 55 गेंदों में 7 चौके और एक छक्का के दम पर बनाए गए 52 रन के साथ ही खत्म हो गई। हालांकि, इस पारी से विराट कोहली का आत्म विश्वास जरूर बढ़ा होगा।विराट कोहली ने इसी नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप के खिताबी मुकाबले में हाफ सेंचुरी जड़ी थी। उस समय उन्होंने 63 गेंदों में 4 चौके के दम पर 54 रन बनाए थे। भारत यह मुकाबला हार गया था और करोड़ों क्रिकेट फैंस का विश्व विजेता बनने का सपना चूर-चूर हो गया था।

# बांग्लादेश की महिला क्रिकेटर शोहेली अख्तर मैच फिक्सिंग की दोषी पाई गईं, लगा 5 साल का बैन



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की शोहेली अख्तर मंगलवार को आईसीसी द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपों में प्रतिबंधित होने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गईं। उन्हें 2023 टी20 विश्व कप के दौरान मैच फिक्स करने का प्रयास करने का दोषी पाया गया। 36 वर्षीय शोहेली पर पांच साल का प्रतिबंध लगाया गया।

ऑफ स्पिन गेंदबाज शोहेली ने बांग्लादेश के लिए दो वनडे और 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेले हैं, ने दक्षिण अफ्रीका में टूर्नामेंट के दौरान आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के पांच प्रावधानों का उल्लंघन करने की बात स्वीकार की। आरोप महिला टी20 विश्व कप के मैचों के दौरान किए गए भ्रष्ट संपर्कों से संबंधित थे। हालांकि वह उस टूर्नामेंट के लिए बांग्लादेश की टीम का हिस्सा नहीं थीं। शोहेली ने आखिरी बार 2022 में बांग्लादेश के लिए खेला था।

शोहेली ने संहिता के अनुच्छेद 2.1.1, 2.1.3, 2.1.4, 2.4.4 और 2.4.7 के उल्लंघन के आरोपों को स्वीकार किया और 10 फरवरी 2025 से शुरू होने वाले पांच साल के प्रतिबंध को स्वीकार किया। एसीयू की जांच 14 फरवरी, 2023 को आईसीसी द्वारा खिलाड़ी ए के ??रूप में पहचाने गए एक क्रिकेटर के साथ फेसबुक मैसेंजर पर शोहेली की बातचीत पर केंद्रित थी।

जांच के दौरान एसीयू ने पाया कि 14 फरवरी को महिला टी20 विश्व कप में बांग्लादेश बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच से पहले शोहेली ने फेसबुक मैसेंजर के जरिए अपनी दोस्त और टीम की साथी से संपर्क किया जिसमें उसने उसे भविष्य में बांग्लादेश के मैचों में फिक्सिंग करने के लिए राजी करने की कोशिश की।

जांच के अनुसार शोहेली ने अपनी टीम की साथी को बताया कि उसका चचेरा भाई, जो उसके फोन पर सट्टा लगाता है, उससे पूछा कि क्या वह ऑस्ट्रेलिया मैच के दौरान हिट विकेट आउट होगी। शोहेली ने उक्त खिलाड़ी से यह भी कहा कि अगर वह फिक्सिंग करती है तो उसे 2 मिलियन बांग्लादेशी टका का भुगतान किया जाएगा, और यह पैसा उसके चचेरे भाई द्वारा उसके सट्टे से अर्जित जीत से आएगा।

## लीजेंड लीग पर आग बरसा रहा है शिखर धवन का बल्ला, खेली शानदार नाबाद अर्धशतकीय पारी



रायपुर (छत्तीसगढ़) (एजेंसी)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन लीजेंड 90 लीग में बल्ले से आग बरसाते नजर आ रहे हैं। उन्होने अपने पिछले मैच में बिग बॉयस के खिलाफ नाबाद 50 रनों की शानदार पारी खेली। आठ से 18 फरवरी तक चलने वाली इस लीग में शिखर के अलावा लेंडल सिमंस, थिसारा परेरा, रॉस टेलर और मार्टिन गप्टिल जैसे कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे हैं। दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर रहे धवन ने लीग का हिस्सा बनने पर खुशी जाते हुए कहा कि, च्च् यह टूर्नामेंट रिटायर्ड खिलाड़ियों को एक बार फिर उसी रोमांच को जीने का मौका दे रहा है, जो कभी उनका हिस्सा हुआ करता था। उन्होंने कहा कि, च्च् लीग को बहुत अच्छे तरीके आयोजित किया गया है। चाहे मैदान हो, विकेट हो, ड्रेसिंग रूम की व्यवस्था हो, सभी चीजें बहुत बढ़िया हैं, खासकर प्रशंसकों से जिस तरह का प्यार मिल रहा है, वह देखने लायक है।

## स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता का निधन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता गिरीश बत्रा का यहां दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मनिका के पिता का मंगलवार को निधन हुआ और उसी दिन इंदरपुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी प्रार्थना सभा बृहस्पतिवार को रखी गई है।

मनिका भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ियों में से है। उन्होंने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने महिला युगल में रजत और मिश्रित युगल में कांस्य भी जीता था। जकार्ता एशियाई खेल 2018 में उन्होंने मिश्रित युगल कांस्य जीता था।

# कुंबले ने त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी



**महाकुम्भनगर (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अनिल कुंबले ने पत्नी चेतना रामतीर्था के साथ माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद बुधवार को दोनों ने सूर्य को अर्घ्य दिया और पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने नाव पर सवार होकर सेल्फी भी सोशल मीडिया में अपलोड की और माघ पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रमा की छवि भी अपने प्रशंसकों के साथ साझा की। इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बने कुंबले महाकुम्भ की भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत नजर आए।

कुंबले ने संगम स्नान के बाद अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा कीं। उन्होंने अपनी तस्वीरों के साथ सिफ'एक शब्द लिखा 'ब्लेस्ड (आशीर्वाद)। इससे उनका तात्पर्य यही था कि त्रिवेणी संगम में स्नान कर उन्हें भी पुण्य की प्राप्ति हुई और तीर्थराज प्रयागराज का आशीष मिला।


अपनी फिरकी से विरोधी बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाने वाले अनिल कुंबले मंगलवार को ही प्रयागराज पहुंच गए थे। हालांकि त्रिवेणी स्नान के लिए उन्होंने माघ पूर्णिमा का पावन दिन चुना। इस दिन महाकुम्भ में वीवीआईपी प्रोटोकॉल जारी नहीं होता। इसके बावजूद वह सामान्य श्रद्धालु की तरह नाव पर सवार होकर त्रिवेणी संगम पहुंचे और संगम में स्नान किया।

# चैंपियंस ट्रॉफी : ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, नहीं खेलेंगे स्टॉर्क, कमिंस, हेजलवुड व मार्श भी बाहर

**सिडनी (एजेंसी)।** स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अपने प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना उतरेगी जिन्होंने निजी कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। वनडे विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया को 15 सदस्यीय टीम में कई बदलाव करने पड़े चूंकि कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और हरफनमौला मिचेल मार्श चोटिल हैं जबकि मार्कस स्टोइनिस ने अचानक संन्यास ले लिया।

ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, 'हम मिच के फैसले का सम्मान करते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को लेकर उसकी प्रतिबद्धता को लेकर उसका काफी सम्मान है। गॉल में पिछले सप्ताह टेस्ट मैच के आखिरी चरण में स्टार्क के बाएं टखने में तकलीफ थी। वह श्रीलंका के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला भी नहीं खेल सकेंगे।


क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि स्टार्क ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है और वह इस फैसले पर बयान नहीं देंगे। यह घटना ऑस्ट्रेलिया के लिए करारे झटके की तरह है चूंकि विश्व कप 2023 में उसकी खिताबी जीत में कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क की अहम भूमिका थी। कमिंस और मार्श की गैर मौजूदगी में स्मिथ टीम के कप्तान होंगे। तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन, नाथन एलिस , सीन एबोट और बेन ड्वारशुइस को टीम में शामिल किया गया है।




## फिंच ने स्टोइनिस के संन्यास लेने के समय पर सवाल उठाए

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच ने वनडे से अचानक संन्यास लेने के लिए मार्कस स्टोइनिस पर निशाना साधा है और इस फैसले के समय और टीम पर इसके प्रभाव पर सवाल उठाए हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किए गए स्टोइनिस ने पिछले सप्ताह इस प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा की जिससे चयनकर्ताओं को उनकी जगह किसी और को चुनने के लिए मशक्कत करनी पड़ी।फिंच ने स्टोइनिस की ओर से टीम प्रबंधन को पहले से सूचित न किए जाने पर निराशा व्यक्त की। उनका मानना ??है कि इस ऑलराउंडर को टीम में चुने जाने से पहले कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और कप्तान स्टीव स्मिथ को पहले से सूचित कर देना चाहिए था। फिंच ने कहा, जब चयन, कोच और कप्तान ने आप पर भरोसा जताया हो – तो शायद थोड़ा और पहले से सूचित किया जाना चाहिए? आप जानते हैं, मैं यही सोच रहा हूं। मुझे आश्चर्य होगा अगर यह बिना सोचे–समझे लिया गया फैसला भी हो। मुझे यकीन है कि इस बारे में पहले से ही योजना बनाई गई होगी और एंड्रयू मैकडोनाल्ड और मार्कस स्टोइनिस के बीच इस पर बातचीत हुई होगी। ऑलराउंडर पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की व्हाइट–बॉल सीरीज का हिस्सा था, उसके बाद बिग बैश लीग और फिर दक्षिण अफ्रीका में ङ्क20। चैंपियंस ट्रॉफी के तुरंत बाद आईपीएल होने वाला है, फिंच का मानना ??है कि लगभग पांच महीने तक बाहर रहने की संभावना ने स्टोइनिस को वनडे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया होगा।

# एक इनकार से 15.9 अरब डॉलर कम हुई एलन मस्क की संपत्ति



**मुंबई ।**

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को बड़ा झटका लगा। टेस्ला के शेयरों में भारी गिरावट के कारण उनकी नेटवर्थ में 15.9 अरब डॉलर यानी करीब 13,74,13,60,35,000 रुपए कम हो गई। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार, अब उनकी कुल संपत्ति घटकर 379 डॉलर अरब रह गई है। इस साल अब तक मस्क की संपत्ति में कुल 53.7 अरब डॉलर की कमी दर्ज की गई है। इस बीच मस्क ने चैटजीपीटी की पैरेंट कंपनी ओपनएआई को खरीदने के लिए 97.4 अरब डॉलर का प्रस्ताव दिया था लेकिन ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। ऑल्टमैन ने मजाकिया अंदाज में कहा कि यदि मस्क चाहें, तब वे ट्विटर (अब एक्स) को खरीदने के लिए तैयार हैं।

इस बीच दुनिया के टॉप 10 रईसों में से 6 की नेटवर्थ में गिरावट रही। मार्क जुकरबर्ग, बर्नार्ड आरनॉल्ट, बिल गेट्स और वॉरेन बफे की नेटवर्थ में तेजी आई। जेफ बेजोस, लैरी एलिसन, लैरी पेज, सर्गेई ब्रिन और स्टीव बाल्मर की नेटवर्थ में गिरावट आई। अमीरों की लिस्ट में जुकरबर्ग (253 अरब डॉलर) दूसरे, बेजोस (252 अरब डॉलर) तीसरे, एलिसन (199 अरब डॉलर) चौथे, आरनॉल्ट (189 अरब डॉलर) पांचवें, पेज (166 अरब डॉलर) छठे, गेट्स (166अरब डॉलर) सातवें, ब्रिन (156 अरब डॉलर) आठवें, बफे (148 अरब डॉलर) नौवें और बालमर (144 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं।

इसके पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 78.3 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह 87.6 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 2.96 अरब डॉलर की गिरावट आई है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें नंबर पर बने हुए है। दूसरी ओर अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में 79.8 करोड़ डॉलर की तेजी आई।

## रीको ने सोलर पीवी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने वाली कंपनी को दी जमीन

### परियोजना में सनकाइंड 1.5 गीगावाट सालाना क्षमता के सोलर का करेगा निर्माण

**जयपुर।**

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत किए गए एमओयू को जमीन पर उतारने के लिए रीको तेजी से भूखण्ड आवंटित कर रहा है और इस कड़ी में रीको द्वारा गुरुग्राम स्थित सनकाइंड फोटोवोल्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड को 5-5 एकड़ के दो भूखंड जयपुर के मातासुला औद्योगिक क्षेत्र में सोलर पीवी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना के लिए आवंटित किया है। इस परियोजना के तहत सनकाइंड 1.5 गीगावाट सालाना क्षमता के सोलर पीवी मॉड्यूल का निर्माण करेगा, जो सोलर एनर्जी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट का प्रमुख हिस्सा है। इस परियोजना के लिए कम्पनी ने मई 2024 में 5-एकड़ जमीन आवंटन के लिए रीको को आवेदन दिया था। रीको ने भूखण्ड आवंटन जल्द करने के लिए पहले ई-ऑक्शन किया और जमीन आवंटित करने से जुड़ी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए 60 दिनों में कम्पनी को जुलाई में जमीन उपलब्ध करा दी। इसके बाद पिछले साल नवंबर महीने में अतिरिक्त 5 एकड़ जमीन भी कंपनी को दी गई और इसी दौरान सनकाइंड फोटोवोल्टिक्स ने 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत राज्य सरकार के साथ इस परियोजना में 200 करोड़ रुपए के निवेश के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। रीको के चेयरमैन ने कहा कि रीको का मुख्य उद्देश्य न केवल संबंधित कंपनियों को एक उपयुक्त भूखण्ड उपलब्ध कराना है, बल्कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से पूरा करना है। उन्होंने कहा कि सीएम के नेतृत्व में हम सभी निवेशकों को साथ लेकर, भूखंड आवंटन सहित उनकी सभी जरूरतों को फास्ट-ट्रैक मोड में पूरा करने में लगे हुए हैं। रीको की मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा कि भूमि आवंटन से संबंधित सभी प्रमुख प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए रीको प्रतिबद्ध है। किसी भी औद्योगिक उद्यम को शुरू करने के लिए जमीन जरुरी है और निवेशकों को तेजी से भूखंड आवंटन सुनिश्चित करने के लिए हम सारे जरुरी कदम उठा रहे हैं।

## रुपये में गिरावट को रोकने के लिए आरबीआई बैंकिंग सिस्टम में डालेगा 2.5 लाख करोड़



**नई दिल्ली।**

रुपए में आ रही गिरावट को रोकने के लिए आरबीआई ने पहले तो मुद्रा विनिमय बाजार यानी फॉरेक्स मार्केट में उसे 4 से 7 अरब डॉलर यानी करीब 60 हजार करोड़ रुपए डालने पड़े ताकि रुपए में आ रही गिरावट को रोका जा सके। अब भारतीय बैंकिंग सिस्टम में भी रिकॉर्ड पैसा डालने की तैयारी कर रहा है। जाहिर है ये सभी कोशिशें पिछले 2 सत्रों से विदेशी मुद्रा बाजार में जारी गिरावट को थामने के लिए की जा रही हैं।

रिजर्व बैंक ने एक रात वाले वैरिएबल रेपो रेट के आधार पर बैंकिंग सिस्टम में पैसे डालने के लिए बड़ी नीलामी की तैयारी की है। बुधवार को यह पैसा बैंकिंग सिस्टम में डाला जाएगा, जो 28.85 अरब डॉलर यानी करीब 2.50 लाख करोड़ रुपए होगा। यह रकम आज तक आरबीआई की ओर से एक दिन में डाली जाने वाली सबसे बड़ी मात्रा है। आरबीआई की ओर से जारी आंकड़े देखें तो पता चलता है कि बीते 10 फरवरी तक एक सप्ताह से भी कम समय के भीतर भारतीय बैंकिंग प्रणाली में लिक्विडी यानी पूंजी की कमी 4 गुना बढ़कर करीब 2 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। इसका कारण आउटफ्लो और आरबीआई की ओर से आक्रामक डॉलर बिक्री को बढ़ावा देना है। इससे पहले आरबीआई ने बीते सोमवार को भी फॉरेक्स मार्केट में 4 से 7 अरब डॉलर बेचे थे, जो रुपए को समर्थन देने के लिए था।


रिजर्व बैंक ने मंगलवार को भी डॉलर बेचना जारी रखा, ताकि मुद्रा को मजबूत किया जा सके। भारतीय मुद्रा अभी पोर्टफोलियो आउटफ्लो और अमेरिकी व्यापार शुल्कों के बारे में अनिश्चितता के कारण संघर्ष कर रही है। ऐसे में रुपए को सहारा देने के लिए आरबीआई को बार-बार अपने रिजर्व में से डॉलर बेचना पड़ रहा है।

इस विनिमय की वजह से बैंकिंग सिस्टम में भी लिक्विडिटी की कमी हो जाती है, जिसे पूरा करने के लिए उसे बैंकिंग सिस्टम में भी पैसे डालने पड़ते हैं।

## इंफोसिस के कर्मियों की मार्च से बढ़ेगी सैलरी, इंक्रीमेंट पत्र देना शुरू

**बेंगलुरु।**

देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस ने पिछले दिनों में अपने 400 ट्रेनी को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। इसके बाद कंपनी की काफी आलोचना हुई और कर्नाटक सरकार से भी उसके रवैये की शिकायत की गई। लेकिन, अब कंपनी ने अपने कर्मचारियों को बड़े तोहफे का ऐलान कर दिया है। कंपनी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि फरवरी के आखिर तक कर्मचारियों को उनका इंक्रीमेंट पत्र मिलेगा। इफोसिंस की तरफ से यह वृद्धि तब हो रही है, जब मांग का माहौल सुधर रहा है और कई आईटी कंपनियों को उम्मीद है कि आने वाले वित्तीय वर्ष में तकनीकी बजट बढ़ेगा। भारतीय आईटी कंपनियां, जो अपनी अधिकांश कमाई उत्तरी अमेरिका से प्राप्त करती हैं। उन्हें उम्मीद है कि विवेकाधीन खर्च बढ़ रहा है और अब अधिक कंपनियां दो साल के अंतराल के बाद परिवर्तनकारी परियोजनाओं में निवेश करने के लिए तैयार हैं। इंफोसिस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कंपनी अपने कर्मचारियों को फरवरी के अंत तक वेतन वृद्धि पत्र देगी। इस बार औसत वेतन वृद्धि 5 प्रतिशत से 8 प्रतिशत के बीच हो सकती है। यह बढ़ोतरी अप्रैल, 2025 से लागू होगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि इंफोसिस ने पदोन्नति पत्र बैचों में जारी करना शुरू कर दिया है, जिसमें पहला बैच दिसंबर के अंत में भेजा गया था और दूसरा बैच फरवरी के अंत में भेजा जाएगा। इंफोसिस के मुख्य वित्तीय अधिकारी जयेश संघराजका ने बताया कि अगले वित्तवर्ष के लिए भारत में वार्षिक वेतन वृद्धि आमतौर पर 6-8 प्रतिशत के बीच होती है और विदेशों में वेतन वृद्धि पिछले मुआवजा समीक्षाओं के अनुरूप होगी।



# मोदी सरकार के नए आयकर बिल में एसेसमेंट की जगह केवल 'टैक्स ईयर' का प्रावधान

**नई दिल्ली ।**

बजट 2025 में केंद्रीय वित्त मंत्र निर्मला सीतारमण ने संसद में नया आयकर विधेयक पेश करने की बात कही थी। विधेयक को मंत्रिमंडल की मंजूरी दी जा चुकी है। अब विधायक किसी भी समय संसद में पेश हो सकता है। नए इनकम टैक्स बिल का ड्रॉफ्ट भी अब सामने आया है। इस ड्रॉफ्ट की भाषा मौजूदा आयकर अधिनियम, 1961 से आसान है। मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट में कुल 880 पन्ने हैं। हालांकि, नए बिल के ड्रॉफ्ट में चैप्टर संख्या जस की तस 23 रखी गई है। ड्रॉफ्ट में वर्तमान में प्रचलित एसेसमेंट ईयर की जगह केवल 'टैक्स ईयर' का प्रावधान है। अब वित्तीय साल के पूरे 12 महीने को टैक्स ईयर कहा जाएगा, जबकि एसेसमेंट ईयर शब्द का इस्तेमाल नहीं होगा। नए बिल में वर्चुअल डिजिटल एसेट्स (वीडीए) पर टैक्स नियमों को कड़ा किया है। यह अधिनियम इनकम टैक्स एक्ट, 2025 के रूप में जाना जाएगा। इसके एक अप्रैल 2026 से प्रभावी होने की उम्मीद है। ड्राफ्ट में शेयर बाजार के लिए शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन की अवधि में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सेक्शन 101 (बी) के तहत 12 महीने तक की अवधि को शॉर्ट टर्म कैपिटल गेंस माना जाएगा। इसके अलावा इसकी दरें भी समान रखी गई हैं। शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स 20 फीसदी पर बरकरार रहेगा। नए आयकर बिल में एक बड़ा बदलाव केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड यानी सीबीडीटी (सीबीडीटी) से जुड़ा हुआ है। नए बिल ड्राफ्ट के मुताबिक, पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को विभिन्न टैक्स स्कीम को शुरू करने के लिए संसद से संपर्क करना होता था, लेकिन न्यू टैक्स एक्ट 2025 के मुताबिक, अब सीबीडीटी को स्वतंत्र रूप से ऐसी योजनाएं शुरू कर सकता। नए इनकम टैक्स बिल में 'टैक्स ईयर' को 1 अप्रैल से शुरू होने वाले 12 महीने के समय के रूप में परिभाषित किया गया है। हालांकि, किसी नए व्यवसाय या प्रोफेशन के मामले में टैक्स ईयर उसी दिन से शुरू होगा जब वह स्थापित हुआ और वित्तीय वर्ष के साथ समाप्त होगा।

## एक डॉलर का निवेश कर कमाये 698 करोड़ रुपये, सेबी ने लिया एक्शन

**नई दिल्ली ।** सिक्योरिटी एंड मार्केट एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने हिमाचल प्रदेश की कंपनी एलएस इंडस्ट्रीज और इससे जुड़ी 4 अन्य कंपनियों पर सख्त कार्रवाई कर उन्हें मार्केट से बैन किया है। इन कंपनियों पर शेयरों की कीमतों में हेरफेर करने और दुबई से जुड़े एक बड़े निवेश के जरिए गड़बड़ी करने का आरोप है। जांच में सामने आया है कि दुबई के निवेशक जहांगीर पणिक्कवीट्टिल पेरुम्बरामबाथू (जेपीपी) ने महज 1 डॉलर के निवेश से 698 करोड़ रुपए तक का मुनाफा कमाया। सेबी की जांच में सामने आया हैं कि जेपीपी ने कंपनी के 10.28 करोड़ शेयर एक डॉलर में खरीदे थे और कंपनी का रेवेन्यू जीरो होने के बावजूद इसके शेयरों में वैल्यू 10 फरवरी 2025 तक 698 करोड़ रुपए हो गई। जेपीपी के निवेश, जिसकी कीमत अब कंपनी के हाई वैल्यू 328.6 मिलियन डॉलर है, ने फेमा विनियमों के संभावित उल्लंघनों पर चिंताएं पैदा कर दी हैं। कंपनी के पहले के डायरेक्टर सुएट मेंग चाय ने कंपनी की 12.12 फीसदी की हिस्सेदारी जेपीपी को सिर्फ 1 डॉलर में ट्रांसफर कर दी थी। इसके बाद इसके शेयरों के दामों में एकाएक तेजी थी।


## बाजार में जारी है उतार-चढ़ाव, ब्रोकरेज हाउसेस ने इन स्टॉक्स पर निवेश करने की सलाह दी

**मुंबई ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ताबड़तोड़ फैसलों के बाद दुनियाभर में ट्रेड वार की आशंका बढ़ गई है। इसका तगड़ा असर भारतीय शेयर बाजारों पर दिख रहा है। बुधवार (12 फरवरी) को लगातार छठें दिन गिरावट रही। खुलते ही सेंसेक्स 800 अंक फिसल गया। निफ्टी भी 23000 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे आ गया। हालांकि बाद में निचले स्तरों से बाजार में अच्छी रिकवरी भी देखने को मिली। बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच लंबी अवधि का नजरिया रखना बेहतर हो सकता है। दिसंबर 2024 तिमाही के नतीजों के बाद कई स्टॉक्स आकर्षक दिख रहे हैं। ब्रोकरेज हाउसेस ने इन स्टॉक्स पर निवेश करने की सलाह दी है। इसमें भारत डायनेमिक्स, एस्ट्रा माइक्रोवेव प्रोडक्ट्स, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स और सोलर इंडस्ट्री शामिल हैं। ब्रोकरेज फर्म ने भारत डायनेमिक्स पर खरीदारी की राय दी है। प्रति शेयर टारगेट प्राइस 1,400 रुपये रखा है। मंगलवार (11 फरवरी) को शेयर 1134 रुपये पर बंद हुआ था। इस तरह मौजूदा भाव से यह करीब 23 फीसदी का तगड़ा रिटर्न दे सकता है। ब्रोकरेज फर्म का कहना है कि भारत डायनेमिक्स (बीडीएल) ने वित्तीय साल की तीसरी तिमाही में परफॉर्मेंस अच्छी रही। कंपनी का कामकाजी मुनाफा 120 फीसदी बढ़कर 260 करोड़ रुपये हो गया, जबकि राजस्व 34 प्रतिशत बढ़कर 790 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की अनुमानित ऑर्डर बुक 20,000 करोड़ रुपये है, जिसमें से करीब 2000 करोड़ रुपये एक्सपोर्ट से है। कंपनी ने निवेश या क्रिटिकल टेक्नोलॉजी में निवेश के लिए 135 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। कंपनी बोर्ड ने 4 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश की सिफारिश की।

## भारत बनेगा सेमीकंडक्टर हब, अमेरिकी कंपनी 10 हजार करोड़ रुपए का करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। अमेरिकी चिप-मेकिंग टूल्स निर्माता लैम रिसर्च देश में 10 हजार करोड़ रुपए का निवेश करने जा रही है। इसकी घोषणा केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। यह निवेश कर्नाटक में किया जाएगा। राज्य की निवेश एजेंसी इन्वेस्ट कर्नाटक ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस घोषणा की पुष्टि की और बताया कि कर्नाटक इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट बोर्ड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हमारे सेमीकंडक्टर सफर में एक और मील का पत्थर। लैम रिसर्च ने भारत में 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के बड़े निवेश की घोषणा की है। लैम रिसर्च सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए जरूरी उपकरण विकसित करने वाली प्रमुख कंपनी है। इसके उत्पाद मुख्य रूप से वैफर प्रोसेसिंग और सेमीकंडक्टर डिवाइसेस की वायरिंग में इस्तेमाल किए जाते हैं। इन्वेस्ट कर्नाटक' के एक्स हैंडल से भी इस निवेश को लेकर जानकारी साझा की गई। एक पोस्ट में कहा गया कि इन्वेस्ट कर्नाटक 2025-ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में, लैम रिसर्च के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सेशा वरदराजन ने कर्नाटक में बड़े निवेश की घोषणा की। हमने केआईएडीबी के साथ एक एमओयू साइन किया है, जिसके तहत अगले कुछ सालों में 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया जाएगा। यह राज्य में नवाचार और विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। भारत में सेमीकंडक्टर कंपनियों को आकर्षित करने के लिए केंद्र सरकार ने 2021 में 76 हजार करोड़ रुपए का प्रोत्साहन पैकेज घोषित किया था। सालों से इस क्षेत्र में विश्वसनीय निवेश लाने में असफल रहा भारत, 2023 में माइक्रोन को गुजरात में 22,500 करोड़ रुपए की टेस्टिंग और पैकेजिंग यूनिट स्थापित करने के लिए राजी कर लिया था। इसके बाद फरवरी 2024 में 1.3 लाख करोड़ रुपए के तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। अब लैम रिसर्च के निवेश से भारत के सेमीकंडक्टर सेक्टर को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।




## म्यूचुअल फंड्स में कुल 39,687 करोड़ रुपये का नेट इनफ्लो दर्ज हुआ

**मुंबई।**

जनवरी 2025 के म्यूचुअल फंड डेटा जारी हुआ हैं। इस दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में कुल 39,687 करोड़ रुपये का नेट इनफ्लो दर्ज हुआ है। जो दिसंबर 2024 में आए 41,155 करोड़ रुपये से 3.6 प्रतिशत कम है। हालांकि, यह 2024 के औसत मासिक इनफ्लो से 21 प्रतिशत ज्यादा रहा। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का कुल एयूएम (एसेट अंडर मैनेजमेंट) बढ़कर 67.25 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। सभी तरह की म्यूचुअल फंड स्कीम में कुल 1.88 लाख करोड़ रुपये का नेट इनफ्लो आया। इक्विटी फंड्स की 11 सब-कैटेगरी में सबसे ज्यादा निवेश थीमैटिक फंड्स में हुआ, इसमें 9,017 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया। इसके बाद, स्मॉलकैप फंड्स में 5,721 करोड़ रुपये और फ्लेक्सीकैप फंड्स में 5,698 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। ध्यान रखने वाली बात ये हैं कि स्मॉलकैप फंड्स में निवेश 22 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इस दौरान स्मॉलकैप सेक्टर में भारी गिरावट आई। जनवरी में निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में 9.9 प्रतिशत की भारी गिरावट आई, जो मई 2022 के बाद इसकी सबसे खराब मासिक परफॉर्मेंस रही। इसी तरह, निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में भी 6.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, इस गिरावट के बावजूद मिडकैप फंड्स में निवेश जारी रहा। जनवरी में मिडकैप फंड्स में 5,148 करोड़ रुपये का नेट इनफ्लो हुआ, जो दिसंबर 2024 के 5,093 करोड़ रुपये से अधिक था। फरवरी में भी शेयर बाजार में गिरावट जारी है, और अब तक निफ्टी स्मॉलकैप 100 व निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में 5 प्रतिशत और गिरावट दर्ज की गई है। इसके बावजूद, निवेशक लगातार स्मॉलकैप और मिडकैप फंड्स में पैसा लगा रहे हैं, जिससे इन सेक्टर्स की वैल्यूएशन को लेकर बहस तेज हो गई है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद, निवेशकों के 21 लाख करोड़ रुपये डूबे

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। देशी कंपनियों के घरेलू तिमाही के कमजोर परिणामों से भी बाजार पर दबाव आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 122.52 अंक या 0.16 फीसदी नीचे आकर 76,171 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.55 अंक तकरीबन 0.12 फीसदी टूटकर ,045.25 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में जारी गिरावट से निवेशकों के 21 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूब गए है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 12 फरवरी को घटकर 4,07,46,408 करोड़ रुपये ही रह गया। वहीं पिछले बुधवार को यह 4,28,03,611 करोड़ रुपये था। इस तरह, बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकर 20,57,203 करोड़ रुपये कम हुआ है।वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों का भारतीय शेयर बाजारों में बिकवाली का सिलसिला जारी है। विदेशी निवेशक हर दिन भारतीय स्टॉक बेच रहे हैं। एफआईआई ने मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में 4,486.4 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। इसे पहले गत दिवस भी बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स 1,018 अंक गिरकर 76,293.60 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 310 अंक गिरकर 23,072 पर बंद हुआ। आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुला। तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। आज सुबह गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर्स में तेजी के बाद भी बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में एक फीसदी से ज्यादा गिरावट रही। देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के कमजोर परिणामों के साथ ही जीडीपी की धीमी वृद्धि से भी बाज़ार पर दबाव आया। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से जुड़ी चिंताओं के कारण भी बाजार लगातार गिर रहा है। यह पिछले पांच कारोबारी सत्रों में गिरावट के साथ बंद हुआ है। सेंसेक्स आज सुबह 100 से ज्यादा अंक नीचे आया। सुबह सेंसेक्स 827.53 अंक या 1.08 फीसदी फिसलकर 75,466 पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारत में शुद्ध रूप से 4,486 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 4,001.89 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। दूसरी ओर एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 0.21 फीसदी, हांगकांग के हैंग सेंग में 0.8 फीसदी और दक्षिण कोरिया के कोस्पी और ऑस्ट्रेलिया के एएसएक्स200 में हल्की बढ़त रही। अमेरिका में एसएंडपी 500 में 0.03 फीसदी, नैस्डैक कंपोजिट में 0.36 फीसदी की गिरावट और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.28 फीसदी की बढ़त रही।




# जनवरी में महंगाई ने दी राहत, खुदरा महंगाई दर घटकर 4.31 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली ।**

जनवरी में महंगाई ने आम लोगों को थोड़ी राहत दी है। खुदरा महंगाई दर (सीपीआई आधारित महंगाई) घटकर 4.31 प्रतिशत रह गई, जो बीते पांच महीनों में सबसे कम है। दिसंबर में यह 5.22 प्रतिशत थी। गिरावट की सबसे बड़ी वजह सब्जियों के दाम में भारी कमी है। सरकारी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य और पेय पदार्थों की महंगाई जनवरी में 5.68 प्रतिशत रही, जबकि दिसंबर में यह 7.7 प्रतिशत थी। खासतौर पर सब्जियों की कीमतें 25.6 प्रतिशत से गिरकर 11.35 प्रतिशत पर आ गईं, जिससे लोगों को राहत मिली। आर्थिक जानकारों का अनुमान था कि जनवरी में महंगाई 4.5 प्रतिशत तक रह सकती है, लेकिन असली आंकड़ा इससे भी कम निकला। वहीं, आरबीआई ने तिमाही के लिए महंगाई दर 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। दूसरी ओर, कुछ ज़रूरी चीजों की कीमतें अभी भी बढ़ रही हैं। अनाज की महंगाई 6.24 प्रतिशत रही, जो दिसंबर में 6.5 प्रतिशत थी। मांस और मछली 5.25 प्रतिशत महंगे हुए, जबकि पिछले महीने यह आंकड़ा 5.3 प्रतिशत था। अंडे की महंगाई सिर्फ 1.27 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने 6.9 प्रतिशत थी, यानी अंडे सस्ते हो गए! दूध और दूध उत्पादों की महंगाई 2.85 प्रतिशत रही, जो दिसंबर में 2.8 प्रतिशत थी। दालों की महंगाई 2.59 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने 3.8 प्रतिशत थी। वहीं, कपड़े और जूते-चप्पल की महंगाई 2.68 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने 2.7 प्रतिशत थी। माइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के कमजोर परफॉर्मेंस के चलते दिसंबर 2024 में भारत की औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) की ग्रोथ रेट धीमी होकर 3.2 फीसदी रह गई। सरकार ने नवंबर 2024 के आईआईपी आंकड़े को भी 5.2 फीसदी के प्रोविजनल अनुमान से संशोधित कर 5 फीसदी कर दिया है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन दिसंबर 2023 में 4.4 फीसदी की दर से बढ़ा था। ऑफिशियल बयान के मुताबिक, दिसंबर 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 3.2 फीसदी बढ़ा।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों से पता चला है कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का प्रोडक्शन दिसंबर 2024 में 3 फीसदी बढ़ा, जो एक साल पहले महीने में 4.6 फीसदी था। माइनिंग प्रोडक्शन की वृद्धि दर पिछले साल की समान तिमाही के 5.2 फीसदी से घटकर 2.6 फीसदी रह गई।

## रुपया गिरावट के साथ बंद




**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को 16 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.89 रुपये पर बंद हुआ। इससे पहले सुबह भारतीय रुपया आठ पैसे की बढ़त के साथ ही 86.65 पर खुला । वहीं मंगलवार को रुपया 28 पैसे की भारी गिरावट के साथ ही 86.73 पर बंद हुआ। गत दिवस सुबह कारोबार में रुपया 61 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.84 पर पहुंच गया। व्यापार युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के कारण व्यापक आर्थिक अनिश्चितता उत्पन्न हो गई है, जिससे वैश्विक मुद्रा बाजारों पर काफी प्रभाव पड़ा है। रुपया इस उठापटक के बीच सोमवार को 88 के स्तर के करीब पहुंच गया था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 87.45 पर खुला और फिर सुबह के कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.84 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 61 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को 87.45 पर बंद हुआ था। इस बीच अमेरिकी प्रशासन के एल्युमीनियम तथा इस्पात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद बढ़ते व्यापार तनाव के बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 108.40 पर पहुंच गया।




# दुई दिनक राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला संपन्न

### सामाजिक सरोकार राखेक वाला बेक्तिमन के करल गेलक सम्मानित

सोनू सपरवार

### पारंपरिक परिधान में कलाकारमन कर गीत-संगीत, नृत्य बांधलक समां



**पलामू।** दुबियाखांड़ में आयोजित दुई दिनक राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला आइज संपन्न होए गेलक। मेला कर दूसर आउर आखरी दिन संस्कृतिक कार्जकरम कर नाव रहलक। पारंपरिक परिधान में आदिवासी महिला-पुरूस कलाकारमन गीत-संगीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्जकरम से समा के बांधलयं। मांदर कर थाप में सउब झूमते रहयं।

मेला समापन कर मौका में बिभिन्न छेतर में सामाजिक सरोकार राखेक वाला बेलक्तिमन के मेला आयोजन समिति आउर जिला परसासन कर दन से मोमेंटो, साल आउर गुलदस्ता भेंट कइर के सम्मानित करल गेलक।

संगे ही मेला आयोजन समिति कर सदस्यमन के भी सामाजिक सरोकार कर तहत सम्मानित करल गेलक। मेला आयोजन समिति कर अध्यछ अर्जुन सिंह, सचिव ह्रदयानंद सिंह, बहादुर सिंह, अवधेश सिंह, निर्मल सिंह नीरज सिंह, अजीत सिंह, उमेश सिंह, शैलेंद्र सिंह संगे सामाजिक सरोकार राखेक वाला सैकड़ो अदमीमन के सम्मानित करल गेलक। हुवें बिभिन्न छेतर में बेस काम करेक वाला अदमीमन के भी सम्मान परदान करल गेलक। हुवें सांस्कृतिक कार्जकरम में भाइग लेवेक वाला कलाकारमन के भी सम्मानित करल गेलक। सिछा कर छेतर में निःसुल्क काम करेक वाला वेलफेयर सोसाइटी कर सदस्यमन के भी सम्मानित करल गेलक। मेला के लेइ के अदमीमन में ढेइरे उत्साह रहे।

हिने, दुई दिनक मेला में जिला परसासन कर दन से बिभिन्न बिभागमन कर स्टॉल लगाय के सरकार कर जनकल्यानकारी जोजनामन कर लाभ सउब के देल गेलक। संगे जोजना से संबंधित पंपलेट आउर बुकलेट कर बितरन करल गेलक, ताकि इके पइढ के अदमीमन जोजना कर संबंध में बिस्तृत जानकारी प्राप्त कइर के उकर से लाभान्वित होए सकयं। स्वास्थ्य बिभाग कर दन से लगाल गेल स्लॉट में चिकित्सकमन कर द्वारा सउब कर सोवास्थ्य जांच करल गेलक आउर जरूरतमंद बेक्तिमन के जरुरी दवाई उपलब्ध कराल गेलक।

मेला के सफल बनायेक में जिला परसासन कर बरीय आउर कनीय पदाधिकारीमन कर संगे-संगे मेला आयोजन समिति कर सदस्यमन कर सक्रिय भूमिका रहे। मेला कर सफल आउर सांतिपूर्न आयोजन के लेइ के उपायुक्त शशि रंजन सउब के धन्यवाद करते आभार जतालयं। ऊ कहलयं कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला कर हर बछर बिस्तार होवी। ई मेला कर पहचान रास्ट्रीय फलक में पहुंचायेक ले स्थानीय जिला परसासन सजगता से काम करे लागल हय।















## नागपुरी कविता

# मतलबी इंसान



संतोष महली

मतलबी इंसान होइ गेलैं
आंईख आंधरा,बहिरा कान
छितराय खांनदान रइह गेलैं,
मतलबी इंसान होइ गेलैं।

जान तो है मुदा हिलते नखैं
जुलूम होवथे तो बोलते नखैं,
बइन गुंगा अनजान होइ गेलैं
मतलबी इंसान होइ गेलैं।

इ मनके अपन भइर दिखे काम
लोभी एतइ की,
नासपती के सेब कहे कहैं जबरजस्ती
होवेक चाही नाम,
डिगरी लेके पागला पगली
बिदवान होइ गेलैं,
मतलबी इंसान होइ गेलैं।

दाया माया तो हइये नखे की का
हिसंगा कर भिंड़ में तुतकैं अगरबत्ती,
हर हाल में फायदा होवेक चाही
चाहे हो दुनियां के घटी,
नेग नियम कोनवे तइर
चुमावन के दमदार कइर देलैं
मतलबी इंसान होइ गेलैं।

लागाय के सेंठ गमकैं
रिन कारजा ले के चमकैं,
दिल भितरे से
कोइला खाधान होइ गेलैं
मतलबी इंसान होइ गेलैं।






# सेना कर पूर्वी कमान कर सैनिकमन कर बीरता आउर बिसिस्ट सेवा के करल गेलक सम्मानित



### बारसिक पूर्वी कमान अलंकरण समारोह कर आयोजन



**रांची।** पूर्वी कमान अलंकरण समारोह भारतीय सेना कर पूर्वी कमान कर सैनिकमन कर बीरता आउर बिसिस्ट सेवा के सम्मानित करेक वाला बारसिक आयोजन आहे। ई समारोह 12 फरवरी 2025 के रांची सैन्य इस्टेसन में आयोजित करल गेलक।

ई समारोह कर अध्यछता लेफ्टिनेंट जनरल राम चंदर तिवारी, यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पूर्वी कमान करलयं। ई अवसर में 42 गो पुरस्कार बिजेतामन के सम्मानित करल गेलक।

इकर में 21 गो सेना पदक (बीरता), 5 गो सेना पदक (बिसिस्ट सेवा), 2 बार टू सेना पदक (बिसिस्ट सेवा), 2 गो युद्ध सेवा पदक, 1 बार टू बिसिस्ट सेवा पदक, 11 गो बिसिस्ट सेवा पदक सामिल रहयं। इकर के अतिरिक्त, 45 गो सैन्य इकाइ के उनकर असाधारन पेसेबर छमता आउर अप्रतिम उपलब्धिमन ले जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान यूनिट परसंसा से सम्मानित करल गेलक। समारोह में बड़ संख्या में सैन्य अधिकारी, नागरिक गनमान्य बेक्ति, छात्र आउर पुरस्कार बिजेतामन कर गौरवान्वित परिवारजन उपस्थित रहयं, जेकर से रास्ट्र कर आपन बीर सैनिकमन कर प्रति गहरी श्रद्धा आउर कृतज्ञता परदरसित होलक। समारोह कर पूर्ब संध्या, 11 फरवरी के झारखंड वॉर मेमोरियल, रांची में एगो भब्य सांस्कृतिक संध्या 'शौर्य संध्या' आयोजित करल गेलक। ई कार्जकरम में भारतीय सेना कर समृद्ध बिरासत आउर सौर्य के दरसाते निम्नलिखित प्रस्तुति होलक। आर्मी बैंड सिम्फनी फ्यूजन प्रस्तुति, मार्शल आर्ट परदरसन, जेकर में कलारीपयट्टू आउर गटका परदरसन सामिल रहे, हेलीकॉप्टर कर द्वारा फ्लाई-पास्ट करल गेलक। पूर्वी कमान कर जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन- चीफ सउब पुरस्कार बिजेतामन के बधाई देलयं। सउब रैंक के भारतीय सेना कर उच्च परंपरा आउर मूल्य के बनाए के राखेक ले प्रेरित करलयं। ई समारोह भारतीय सेना कर गौरवसाली संस्कृति, अनुसासन आउर सैनिकमन कर प्रति सम्मान के दरसायेक वाला एगो महत्वपूर्न आयोजन रहे।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com